श्रावण शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 25.2° | 26.3° |
| न्यून. | 22.1° | 24.0° |

रांची, रविवार
27 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-175, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## फिर से बजा विश्व में डंका

# मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपनी लोकप्रियता का परचम लहराया है। बिजनेस इंटेलिजेंस और डाटा एनालिटिक्स कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट के जुलाई के एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी को 75 प्रतिशत लोगों की 'अप्रूवल रेटिंग' प्राप्त हुई है, जो उन्हें दुनिया के अन्य सभी नेताओं से आगे खड़ा करती है। यह सर्वेक्षण दुनिया के प्रमुख 20 नेताओं की लोकप्रियता पर आधारित है, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिका, जर्मनी, इटली, ब्राजील और नीदरलैंड्स जैसे देशों के नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी को जहां 75 प्रतिशत जनता का समर्थन मिला है, वहीं सिर्फ 18 प्रतिशत लोगों ने उनके कार्यों को लेकर असहमति जताई और 7 प्रतिशत लोगों ने कोई राय नहीं दी। यह आंकड़ा पीएम मोदी को उनके समकक्षों में सबसे ऊपर रखता है। पीएम मोदी के बाद दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-मयोंग (59 प्रतिशत) और तीसरे नंबर पर के राष्ट्रपति जेवियर मिली (57 प्रतिशत) हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी (56 प्रतिशत) और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज (54 प्रतिशत) भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है और 50 प्रतिशत लोगों ने उनसे असहमति जताई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दक्षिण अफ्रीका के सिरिल रामाफोसा को 54 प्रतिशत नकारात्मक राय झेलनी पड़ी। स्विट्जरलैंड, पोलैंड, और बेल्जियम जैसे देशों में नेताओं की लोकप्रियता का स्तर 50 प्रतिशत से नीचे रहा। सबसे निचले पायदान पर ब्राजील के लूला दा सिल्वा और नॉर्वे के जोनास गाहर स्टोरे रहे, जिन्हें 60 प्रतिशत लोगों ने अस्वीकार किया।

विशेषज्ञों का मानना है कि पीएम मोदी की अंतरराष्ट्रीय छवि, मजबूत नेतृत्व और घरेलू नीतियों में निर्णायक फैसले उन्हें दुनिया के नेताओं में अलग पहचान देते हैं। ये आंकड़े वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती साख और पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं।

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली**



## टॉप 5

1. नरेंद्र मोदी — भारत — 75 प्रतिशत
2. ली जे-मयोंग — द. कोरिया — 59 प्रतिशत
3. जेवियर मिली — अर्जेंटीना — 57 प्रतिशत
4. मार्क कार्नी — कनाडा — 56 प्रतिशत
5. एंथनी अल्बानीज — ऑस्ट्रेलिया — 54 प्रतिशत

## जांबाज भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन

राष्ट्रीय नवीन मेल




**गीता सिन्हा 'गीतांजलि'**

22 अप्रैल 2025 का वह काला दिन था, जब कश्मीर घाटी की सुंदर वादियां मानव खून से रंग कर लाल हो गई थीं। धर्म पूछ कर, नाम पूछ कर, गोलियां चलाई जा रही थीं। वैसरन घाटी में मानवता शर्मसार हो गई, जब कई नवविवाहित जोड़े अपने साथी को खो चुके थे। कई लोग अपने को खोकर बिलख रहे थे। खबर फैलते ही देश में गुस्से का उबाल बढ़ा। 26 लोग प्राण गंवा चुके थे। वहशी दरिंदे आतंकवादियों की टोली जंगलों में जा छिपा था। पहलगाम हमले के बाद पुलिस तंत्र, खुफिया तंत्र, सुरक्षा तंत्र सब के सब सक्रिय हो गए। दिल्ली में सत्तारूढ़ दल लगातार बैठकें आयोजित कर पाकिस्तान से बदले की सोच रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना था, यह कार्यवाही पाकिस्तान के आवाम के खिलाफ नहीं है। हमारी लड़ाई कट्टर आतंकियों के खिलाफ है। अब जंग से भागना कायरता होगी। **शेष पेज 11 पर**

## कांके थाना क्षेत्र में युवती पर पेट्रोल से अटैक

● मामले की पुलिस कर रही है जांच

**रांची।** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र के टेंडर ग्राम में युवती के ऊपर पेट्रोल फेंका गया। दरअसल युवती की शादी गणेश सिंह नामक युवक से होनी थी, दोनों का इंगेजमेंट भी हो गया था। सूत्रों के मुताबिक गणेश का विवाद एक बड़े आपराधिक छवि वाले व्यक्ति से हो गया और इस कारण लगातार उस गिरोह के लोगों द्वारा गणेश को धमकी दी जा रही थी। सूत्र ने बताया की इंस्टाग्राम पर गणेश को धमकी दी जा रही थी, जिसमें उसकी मंगेतर (पीड़ित युवती) पर भी हमले की धमकी दी गई थी। **शेष पेज 11 पर**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

## गुमला पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# जेजेएमपी कमांडर दिलीप लोहरा समेत 3 उग्रवादी ढेर



### एक एके-47, दो इंसास राइफल व बड़ी संख्या में कारतूस बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस को शनिवार को बड़ी सफलता मिली है। घाघरा थाना क्षेत्र स्थित लावादाग जंगल में शनिवार की सुबह झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के उग्रवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने जेजेएमपी के कुख्यात कमांडर दिलीप लोहरा समेत तीन उग्रवादियों को मार गिराया। दो अन्य उग्रवादी मौके से भाग निकले, जिनकी तलाश में जंगल में सघन सर्च ऑपरेशन जारी है। बताया गया कि मुठभेड़ करीब आधे घंटे तक चली, जिसके बाद पुलिस ने क्षेत्र को घेरते हुए तलाशी अभियान तेज कर दिया है। सुरक्षा बलों का जंगल में सर्च अभियान जारी था। मारे गए उग्रवादियों के पास से एक एके-47, दो इंसास राइफल और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद किए गए हैं। मारे गए अन्य दो उग्रवादियों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। सूत्रों के अनुसार, गुमला के एसपी हरीश बिन जमा को इनपुट मिला था कि जेजेएमपी कमांडर दिलीप लोहरा अपने दस्ते के साथ लावादाग जंगल में सक्रिय है। सूचना मिलते ही घाघरा, बिशुनपुर और गुमला थानों की संयुक्त पुलिस टीम ने रणनीतिक घेराबंदी कर जंगल में दबिश दी। जैसे ही सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों के ठिकाने की ओर कूच किया, उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन उग्रवादी ढेर कर दिए गए।

पुलिस को आशंका है कि जंगल में अभी भी कुछ उग्रवादी छिपे हो सकते हैं। इसलिए सर्च अभियान को और अधिक विस्तार दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को राज्य में उग्रवाद के खिलाफ बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

### 15 हजार नकद, दो मोबाइल और एक बाइक जब्त

## कुडू में पीएलएफआई के दो उग्रवादी लेवी की रकम के साथ गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू (लोहरदगा)।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) से जुड़े दो सक्रिय उग्रवादियों को कुडू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मदरसा चौक स्थित हनहट रोड पर छापेमारी कर रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इन उग्रवादियों के पास से 15 हजार रुपए नकद, दो मोबाइल फोन और एक टीवीएस अपाचे बाइक जब्त किया है। दोनों उग्रवादी ककरगढ़ एड़ा दोन में एक निमार्णाधीन सड़क परियोजना से लेवी वसूली करने पहुंचे थे। कुडू थाने में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेदांत शंकर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को सूचना मिली थी कि पीएलएफआई उग्रवादी एक ठेकेदार से 5 लाख रुपए की लेवी वसूलने आने वाले हैं। इसके बाद विशेष टीम गठित की गई, जिसमें उनके आलावा कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि अश्विनी कुमार राणा, दिनेश कुमार, तकनीकी शाखा के नीरज कुमार मिश्र, जयमंगल सिंह, अंगरक्षक विपिन हजाम, आवास गार्ड बुधराम सिंह मुंडा, चालक संजय कच्छप और सैट-78 के सशस्त्र बल शामिल थे। टीम ने वादी मनीष कुमार से लेवी की वसूली करते वक्त दोनों आरोपियों को धर दबोचा। **शेष पेज 11 पर**

### राज्य में नक्सलवाद खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है हेमंत सोरेन सरकार

हेमंत सोरेन सरकार राज्य में नक्सलवाद खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। झारखंड पुलिस ने भी इस वर्ष राज्य को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य तय कर लिया है। राज्य में 2025 की शुरुआत से अब तक पुलिस ने 22 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान 115 हथियार, 8591 गोलियां, 176.5 किलो विस्फोटक करामद किए गए हैं। नक्सलियों से 4,51,047 रुपए भी जब्त किए गए हैं, जो उन्होंने लेवी के रूप में वसूले थे। 179 आईईडी को खोजकर निष्क्रिय किए गए हैं।



### उग्रवाद के सफाए के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : एसपी

गुमला के एसपी हरीश बिन जमा ने कहा की गुप्त सूचना के आधार पर हमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई की। मुठभेड़ में जेजेएमपी का कमांडर दिलीप लोहरा मारा गया, साथ ही दो अन्य उग्रवादी भी ढेर हुए हैं। जंगल में सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। हम उग्रवाद के सफाए को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद को मिली दो साल की सजा

**28.66**

**लाख के राजस्व का नुकसान पहुंचाने के मामले में सुधीर और सुरेंद्र जैन को भी दो-दो वर्ष की सजा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने धोखाधड़ी और साजिश कर 28.66 लाख के राजस्व का नुकसान पहुंचाने के 21 साल पुराने मामले में शनिवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सुधीर जैन और सुरेंद्र जैन को दोषी करार देते हुए दो-दो वर्ष की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

सजा सुनाने के बाद कोर्ट ने सभी को जमानत दे दी, जिसके बाद वे अपने-अपने घर चले गए। कोर्ट द्वारा किसी मामले में तीन साल तक की सजा देने पर उसी कोर्ट को जमानत देने का अधिकार है। इसलिए कोर्ट ने तीनों को जमानत दे दी।

ज्ञात हो कि वर्ष 2004 में हुए घोटाले को लेकर सीबीआई ने वर्ष 2013 में एफआईआर दर्ज की थी। इसमें दिलीप प्रसाद पर अध्यक्ष रहते कई नियुक्तियों में अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप है। सीबीआई ने नियुक्ति घोटाले में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है। यह पहला मामला (आरसी 6/2013) है, जिसमें सीबीआई कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

## सरायकेला-खरसावां में चेकडैम में चार युवकों की डूबने से मौत

**नवीन मेल डेस्क**




**नहाते समय हुआ हादसा पुलिस ने शुरू की जांच**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां में शनिवार की सुबह चेक डैम में नहाने के दौरान चार युवकों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना खरसावां थाना क्षेत्र के दलाईकला गांव के पास दराइकेला पंचायत में स्थित एक चेकडैम में सुबह करीब 9:00 बजे हुई। मृतकों की पहचान गौरव मंडल, हरिवास दास, सुनील साहू और मनोज साहू के रूप में हुई है। चारों युवक 18 से 20 वर्ष की आयु के थे और दलाईकला गांव के निवासी थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव के छह युवक चेक डैम में नहाने गए थे। इनमें से चार युवकों ने डैम में छलांग लगाई, जबकि दो युवक बाहर खड़े रहे। जानकारी के अनुसार, छलांग लगाने के दौरान चारों युवकों का सिर पानी के अंदर मौजूद किसी पत्थर से टकरा गया, जिससे वे बेहोश हो गए और डूब गए। बाहर खड़े दोनों युवकों ने तुरंत ग्रामीणों को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से चारों शवों को डैम से निकाला गया।

सरायकेला के एसपी के अनुसार, सभी युवक नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी डूबने से मौत हुई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शवों को बाहर निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। **शेष पेज 11 पर**

## रक्षा राज्य मंत्री सेठ को फोन से दी जान से मारने की धमकी



**पुलिस ने शुरू की जांच, कॉल का लोकेशन और नंबर किया जा रहा ट्रेस**

**रांची/नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची से सांसद संजय सेठ को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें शुक्रवार को फोन कॉल के जरिए दी गई, जब वे लद्दाख के द्रास में आयोजित कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे।

मिली जानकारी के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति ने द्रास में उन्हें फोन कर धमकी दी। कॉल कहां से और किसके द्वारा किया गया, इसका अब तक पता नहीं चल सका है। मंत्री ने इस धमकी की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारी कॉल का लोकेशन और नंबर ट्रेस करने में जुटे हैं। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि जल्द ही कॉल करने वाले की पहचान कर ली जाएगी और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि यह पहला मौका नहीं है, जब संजय सेठ को इस तरह की धमकी मिली हो। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी उन्हें धमकी दी गई थी। उस समय उनसे एक टेक्स्ट मैसेज के जरिए 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी और जान से मारने की धमकी दी गई थी। धमकी भरे मैसेज में 'लाल सलाम' लिखकर धमकी देने वाले ने अपना संदेश खत्म किया था। जिस वक्त उन्हें यह धमकी दी गई थी, उस वक्त संसद का सत्र चल रहा था। संजय सेठ ने इसे लेकर दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद दिल्ली और रांची पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से इस मामले में रांची के **शेष पेज 11 पर**

## इंडिया

# क्यों युवा जीना चाहते हैं मरने की कोशिश करने के बाद ?



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

देश-विदेश में आत्महत्या अब कोई समाचार नहीं क्योंकि हमने इसे लगभग एक सामान्य प्रक्रिया मान लिया है जबकि अनेक चिकित्सकों ने बताया कि आत्महत्या का प्रयास करने वाले अनेक युवाओं ने अपने परिजन या प्रशासन से बातचीत के बाद जीने की अदम्य इच्छा व्यक्त की। युवा से लेकर वृद्ध तक हर किसी को अपने जीवन से बहुत प्रेम होता है और इसीलिए आर्थिक या सामाजिक सीमाएं सीमित ही क्यों न हों हर कोई उसे सर्वोत्तम बनाने की इच्छा रखता है फिर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाने के पीछे कारण क्या है ? क्यों वही जीवन उसे डराने लगता है और मौत डर के बजाय राहत दिखने लगती है ? झारखंड के लातेहार की आठवीं की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन ने गांव के स्कूल के शिक्षक पर छात्रा को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है जिसे हिरासत में ले लिया गया है। कोलकाता के स्कूल में एक छात्रा से कथित छेड़छाड़ के आरोप में भरे बाजार पिटाई से अपमानित नौवीं के छात्र ने आत्महत्या कर ली। मई में पूर्व मेदिनीपुर के ही पांशकुड़ा इलाके में सातवीं कक्षा के एक छात्र के आत्महत्या में दुकानदार ने उस पर चिप्स का पैकेट चुराने का आरोप लगाया था। छोटे से बड़े स्कूल या कॉलेज एक महत्वपूर्ण बदलाव का समय होता है। कई छात्र पहली बार घर से दूर रह रहे होते हैं और उन्हें बढ़ती आज़ादी और स्वायत्तता के साथ-साथ कई तरह के तनावों का सामना करना पड़ता है, बढ़ी हुई शैक्षणिक क्रियाशीलता, नए माहौल में कई बार कॉलेज में शराब और अन्य नशीले पदार्थों या विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण बढ़ता है जिसमें धोखा या अपमान से आत्महत्या का जोखिम बढ़ सकता है। जम्मू कश्मीर की रहने वाली 25 साल की उदयपुर के डेंटल कॉलेज की छात्रा श्वे ता सिंह ने सुसाइड कर लिया। डॉक्ट5र बनने का सपना देखने वाली श्वे ता ने ऐसा क्यों किया ? सुसाइड नोट में कई बातें सामने आई हैं कि पैसे लेकर न जाने कितने बच्चों को पास कर दिया गया जिन्होंने कभी कॉलेज में मुंह नहीं देखा था। श्वेता ने लिखा है कि हमारा बैचमेट दो तीन महीने पहले इंटर्न बन चुका है और हमारे करियर की ऐसी तैसी कर दी अपने मन से फेल कर देते हैं और नया बैच बनाते हैं। बच्चाऐ पैसा दे तो ठीक वरना उनका खून पीते रहें ! हाल के दिनों की ये घटनाएं बता रहीं कि समाज कितना क्रूर हो चुका है और उन परिवारों का दर्द शायद ही कोई समझ सके जिनके लाडले चले गए। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि शिक्षा की मूल आत्मा ही विकृत हो गई है। छात्रों को एक दूसरे से आगे बढ़ने की अंधाधुंध दौड़ में धकेला जा रहा है। उन पर लगातार मनोवैज्ञानिक दबाव डाला जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप आत्महत्या के मामलों की संख्या बढ़ रही है। शीर्ष अदालत ने कोचिंग सेंटरों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों को छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जिनमें योग्य काउंसलर्स या मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति, शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर बैचों में विभाजन से बचना शामिल है । साथ ही सर्टिफाइट मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स की तरफ से अपने कर्मचारियों को वर्ष में दो बार अनिवार्य रूप से ट्रेनिंग दिलाना भी शामिल है।शैक्षणिक संस्थानों के लिए 15 बाध्यकारी दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनका पालन तब तक अनिवार्य रहेगा, जब तक सरकार देशभर के स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों और उनके मानसिक छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने के लिए कोई कानून या नियामक ढांचा नहीं बनाती।




सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आत्महत्याओं की वजह से लगातार जा रहीं युवाओं की जानें व्यवस्थागत विफलता को उजागर करती हैं। इस मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि युवाओं की लगातार जा रही जानें एक व्यवस्थागत विफलता को दर्शाती है । ऐसे मामले अक्सर मनोवैज्ञानिक तनाव, पढ़ाई के बोझ, सामाजिक कलंक और संस्थागत असंवेदनशीलता जैसे रोके जा सकने वाले कारणों से होती हैं । इससे पहले शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को शैक्षणिक संस्थानों के लिए 15 बाध्यकारी दिशानिर्देश जारी किए। इनका पालन तब तक अनिवार्य रहेगा, जब तक सरकार छात्रों की आत्महत्याओं को रोकने के लिए कोई कानून या नियामक ढांचा नहीं बनाती। केंद्र और राज्य सरकारों को 90 दिनों में इस पर पालन रिपोर्ट पेश करनी होगी। पीठ ने विशाखापट्टनम में अपने छात्रावास की छत से गिरने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मरने वाली 17 वर्षीय नीट उम्मीदवार के मामले की सीबीआई से जांच कराने का आदेश भी दिया। पीठ ने जोर देते हुए कहा कि इनमें से 2,248 मौतें सीधे तौर पर परीक्षा में सफल न हो पाने की वजह से हुईं। एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले दो दशकों में छात्रों की ओर से आत्महत्या के मामले 2001 में 5,425 से बढ़कर 2022 में 13,044 हो गए जिनमें से 7.6 प्रतिशत छात्र थे।

### ‘अटल क्लीनिक’ का नाम बदलने पर भाजपा नेता बाउरी ने सरकार पर बोला हमला, कहा

# ‘मदर टेरेसा क्लीनिक’ के नाम पर धर्मांतरण को बढ़ावा देने की तैयारी



- सीएम नाम परिवर्तन से सहमत, तो स्वयं करें घोषणा
- नाम परिवर्तन पर भाजपा सदन से सड़क तक करेगी आंदोलन
- वाजपेयी जनता के दिलों में अमर, मिटाने से नहीं मिटने वाले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य के झुग्गी-झोपड़ी, बस्तियों में राज्य सरकार द्वारा चलने वाले ‘अटल क्लीनिक’ का नाम बदलकर ‘मदर टेरेसा क्लीनिक’ करना एक बड़ी साजिश है। बाउरी आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

अमर बाउरी ने कहा कि मदर टेरेसा का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हमेशा से सम्मान करती है। उनकी सेवा भावना और गरीबों, कुष्ठ रोगियों केलिए की गई सेवा को भुलाया नहीं जा सकता। भारत सरकार ने उन्हें कई बड़े अलंकरणों से सम्मानित भी किया है।

बाउरी ने कहा, लेकिन यह भी सच्चाई है कि मदर टेरेसा द्वारा स्थापित संस्थान ‘निर्मल हृदय’ पर बच्चा चोरी का आरोप भी लगा हुआ है। यह भी सच्चाई है कि ऐसी संस्थाएं सेवा के नाम पर लाखों गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा, भोजन, वस्त्र, उपलब्ध कराकर उनकी पहचान, उनके धर्म, संस्कार को बदलने का कार्य भी किया है। कहा कि धर्मांतरण की समस्या राज्य की एक बड़ी समस्या है, जिसे मदर टेरेसा क्लीनिक के सहारे और तेज करने की साजिश राज्य सरकार द्वारा रची जा रही है।

अमर बाउरी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अलग झारखंड राज्य का सपना भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर 2000 को साकार किया। जबकि, आज राज्य के सत्ताधारी दल कांग्रेस, राजद व झामुमो आंदोलन को बेचने-खरीदने में लगे हुए थे। दिखावा के लिए ऑटोनोमस काउंसिल पर ही सहमत हो गए थे, जबकि नीयत साफ रहती तो वर्ष 2000 से पहले ही अलग राज्य का गठन करा सकते थे। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस व राजद की नीयत कभी साफ नहीं रही। अलग झारखंड राज्य का नक्शा भी भाजपा के वनांचल राज्य का नक्शा है, जो अटल जी की देन है।

भाजपा नेता अमर बाउरी ने कहा कि अटल जी झारखंड के कण-कण में बसे हैं। और, तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ‘अटल मोहल्ला क्लीनिक’ की स्थापना की थी, जिसे हेमंत सरकार ने बदल कर ‘मदर टेरेसा क्लीनिक’ करने का निर्णय लिया है।

बाउरी ने कहा, हेमंत सरकार को बताना चाहिए कि मदर टेरेसा का झारखंड में क्या योगदान है। विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन में झारखंड से बाहर का उदाहरण देने वाली सरकार को मदर टेरेसा कैसे झारखंड की दिखने लगीं। उन्होंने कहा कि यह नाम परिवर्तन स्वास्थ्य सेवा को ठीक करने के लिए नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की आड़ में धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए सरकारी संरक्षण है।

अमर बाउरी ने कहा कि यह आशंका है कि आने वाले दिनों में हेमंत सरकार ‘मदर टेरेसा क्लीनिक’ को स्वंयसेवी संस्थाओं के माध्यम से चलाने का निर्णय करेगी, जिसमें धर्मांतरण कराने वाली संस्थाएं शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सरकार के मुखिया हैं। और, यदि राज्य सरकार का यह निर्णय उचित है, तो वे सार्वजनिक तौर पर मीडिया के माध्यम से नाम परिवर्तन पर अपनी सहमति व्यक्त करें।

भाजपा नेता अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा इस साजिश को कामयाब नहीं होने देगी। एक सशक्त विपक्ष के नाते पार्टी सदन से सड़क तक कड़ा विरोध करेगी। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक व प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# भाजपा के मुख्य सचेतक बने विधायक नवीन जायसवाल



- सचेतक बनाए गए हैं राज सिन्हा एवं नागेंद्र महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं सचेतकों के नामों की की घोषणा की। उन्होंने बताया कि हटिया विधायक नवीन जायसवाल को मुख्य सचेतक बनाया गया है। धनबाद के विधायक राज सिन्हा एवं बगोदर के विधायक नागेंद्र महतो सचेतक बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित पार्टी के नेताओं ने नवनियुक्त मुख्य सचेतक और सचेतक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# मदर टेरेसा सेवा व करुणा का प्रतीक भाजपा का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय सदस्य तनुज खत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मोहल्ला क्लिनिक का नाम “मदर टेरेसा क्लिनिक” किए जाने के फैसले पर भाजपा जिस प्रकार से आपत्ति जता रही है, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि उस मानवीय भावना का अपमान है जिसकी प्रतीक मदर टेरेसा थीं। मदर टेरेसा का जीवन समाज के सबसे वंचित और पीड़ित वर्ग की सेवा को समर्पित था। यही कारण है कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार (1979) और भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न (1980) प्राप्त हुआ। ये सम्मान इस बात के प्रतीक हैं कि मानव सेवा किसी एक देश, धर्म या विचारधारा तक सीमित नहीं होती यह पूरी मानवता के लिए होती है।

कहा कि झारखंड में भी मदर टेरेसा और उनके संगठन ‘मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी’ का गहरा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, गुमला, चाईबासा, दुमका, बोकारो आदि कई जिलों में उनके द्वारा संचालित आश्रय गृह, सेवा केंद्र और चिकित्सा संस्थान आज भी जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण हैं। वहां लावारिस मरीजों, बीमार बुजुर्गों, मानसिक रूप से अस्वस्थ महिलाओं और बच्चों को मुफ्त सेवा और देखभाल मिलती है, बिना किसी भेदभाव के।

ऐसे में यदि राज्य सरकार उनकी स्मृति में एक मोहल्ला क्लिनिक का नाम रखती है, तो यह राजनीति का नहीं, सम्मान का विषय होना चाहिए। भाजपा का यह विरोध राजनीति से प्रेरित और सेवा की भावना के विरुद्ध है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस नाम को पूरी दुनिया सिर झुका कर सलाम करती है, उसे झारखंड में राजनीतिक विवाद का मुद्दा बनाया जा रहा है। हम हेमंत सोरेन सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हैं, क्योंकि यह हमें याद दिलाता है कि राजनीति का असली मकसद सेवा है, सत्ता नहीं।

### राज्यपाल ने झारखंड माइक्रो वेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर के कार्यक्रम में लिया भाग, कहा

# महिलाएं उद्यमों के जरिए अब बन रहीं आत्मनिर्भर

**नवीन मेल संवाददाता**




**ऋण प्राप्त करने वाली महिलाएं अपने परिवारों का संबल बनेंगी**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विश्वास व्यक्त किया कि आज ऋण प्राप्त करने वाली महिलाएं भविष्य में न केवल अपने परिवारों को संबल देंगी, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेंगी। उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी झारखंड माइक्रो वेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर की संपूर्ण टीम को इस सामाजिक आंदोलन को निरंतर गति देने के लिए शुभकामनाएं दीं तथा सभी लाभार्थी महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**रांची/जमशेदपुर।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को माइकल जॉन प्रेक्षागृह, जमशेदपुर में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में संचालित स्वावलंबी झारखंड माइक्रो वेलफेयर डेवलपमेंट सेंटर (एसजेएमडीसी) द्वारा आयोजित ‘तेरहवां वार्षिक लघु ऋण वितरण समारोह’ में भाग लिया। मौके पर उन्होंने संस्था को महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के जीवन में आए आत्मबल, आत्मनिर्भरता और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि आज भी देश की लाखों महिलाएं, विशेषकर ग्रामीण और वंचित वर्ग की, परंपरागत बैंकिंग प्रणाली से दूर हैं। ऐसी स्थिति में इस प्रकार की संस्थाओं द्वारा उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान कर आत्मबल, विश्वास एवं स्वावलंबन की राह दिखाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं अब लघु, लेकिन सशक्त उद्यमों के जरिए आत्मनिर्भर बन रही हैं और परिवार की आर्थिक रीढ़ बन चुकी हैं। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि उनका इस क्षेत्र में व्यक्तिगत अनुभव भी रहा है। उन्होंने कहा कि बरेली में 25 वर्ष पूर्व एक सहकारी बैंक की स्थापना की थी, जो आज मल्टी-स्टेट बैंकों से प्रतिस्पर्धा कर रहा है। यह बैंक वर्ष भर, सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक कार्य करता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में छोटे ऋण देना आसान कार्य नहीं है, लेकिन उनका मानना है कि यदि महिला को ऋण दिया जाए, तो वह उसे अवश्य लौटाती हैं। इसी विश्वास पर यह प्रणाली सफल हो सकती है और यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए। राज्यपाल ने ‘लखपति दीदी योजना’ का भी उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड की महिलाएं आज आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त हो रही हैं। बैंकिंग, विपणन, उद्यमिता और वित्तीय प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में वे दक्षता के साथ नेतृत्व कर रही हैं। यह परिवर्तन केवल आय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मसम्मान, निर्णय क्षमता और सामाजिक नेतृत्व का भी प्रतीक है।

## जमशेदपुर एक आदर्श सामाजिक व औद्योगिक मॉडल : राज्यपाल




**रांची/जमशेदपुर।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने संस्था को 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल गंगवार ने कहा कि सिंहभूम चैंबर केवल एक संस्था नहीं, बल्कि झारखंड के औद्योगिक इतिहास की आत्मा रही है, जिसने दशकों से राज्य को दिशा भी दी है और दशा भी बदली है। उन्होंने संस्था की नींव रखने वाले संस्थापकों के दृष्टिकोण, परिश्रम और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने जमशेदपुर को एक आदर्श सामाजिक-औद्योगिक मॉडल बताते हुए कहा कि टाटा समूह की दूरदृष्टि ने इस नगरी को न केवल औद्योगिक, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और कौशल विकास के क्षेत्रों में भी अग्रणी बनाया है। उन्होंने शहर द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में देश में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर नागरिकों को बधाई दी।

### बोकारो में मिलन समारोह में आजसू में शामिल हुए हजारों युवा

# झारखंड में चल रहा माफिया राज विस्थापितों के मुद्दे गौण : सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**विस्थापितों पर ढाया जा रहा है जुल्म : चंद्रप्रकाश चौधरी**

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि विस्थापितों की कुर्बानी पर कोयला खदान खड़े हैं। लेकिन उनपर ही जुल्म ढाया जा रहा है और कोयला की लूट हो रही है। बीसीसीएल और पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से माफिया ने आतंक मचा रखा है। आजसू अब चुप होकर बैठने वाली नहीं। कोयलांचल से माफिया को खत्म करेंगे।

**बोकारो/रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने बोकारो में आयोजित मिलन समारोह में कहा है कि झारखंड में माफिया राज चल रहा है। इसके विरुद्ध एकजुट एवं संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में विस्थापितों के मुद्दे गौण कर दिए गए हैं। श्री महतो ने कहा कि हेमंत सरकार के आने के बाद कोयला, गिट्टी, बालू और अन्य खनिजों का अवैध कारोबार फल–फूल रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार अवैध खदानों में विस्थापित जनता दफन की जा रही है और बीसीसीएल तथा पुलिस–प्रशासन इसे संरक्षण दे रहा है।

श्री महतो ने कहा कि आजसू ने झारखंड की लड़ाई लड़ी है और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से वार्ता कर अलग राज्य लिया है। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल और बोकारो स्टील विस्थापितों को नौकरी में प्राथमिकता दे। स्थानीय नीति को परिभाषित किया जाए। श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्ट और माफिया तत्वों को संरक्षण दे रही है। माफिया तत्वों द्वारा गरीबों की लड़ाई लड़ रही आजसू पार्टी पर लगातार हमला करने का प्रयास किया जा रहा है।

मिलन समारोह में विभिन्न प्रखंडों से आए हजारों युवाओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा और राज्य के नवनिर्माण का संकल्प लिया। सुदेश महतो और चंद्रप्रकाश चौधरी ने नए सदस्यों का स्वागत माला एवं पट्टा पहना कर किया।

समारोह को मांडू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो, महासचिव यशोदा देवी, रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप डांगी, धनबाद जिलाध्यक्ष मंटू महतो, बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो, बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, काशी नाथ सिंह, अजय सिंह, राजेश महतो, नवीन महतो, टिकेत महतो और संतोष महतो आदि ने भी संबोधित किया।

# 30 लाख के गहने की चोरी का खुलासा, सहेली गिरफ्तार



- भरोसेमंद सहेली ने सहेली के घर से चुराए लाखों के गहने, पुलिस ने किया बरामद
- सहेली को देकर गई थी चाभी, उसी ने जेवरात पर डाला डाका
- उद्भेदन में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों को किया जाएगा सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआई कर्मी के घर हुए चोरी का रांची पुलिस ने शनिवार को उद्भेदन किया। दरअसल रांची के सीएमपीडीआइ में कार्यरत महिला क्लर्क रानी कुमारी के घर से 30 लाख रुपये से अधिक के आभूषणों की चोरी के मामले में रांची पुलिस ने टीम का गठन कर रानी कुमारी की करीबी दोस्त कविता शर्मा को इस चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पति विकास बहादुर को भी गिरफ्तार किया गया है। कविता ने चोरी के आभूषण आफिस में छिपा कर रखे थे। जांच के दौरान पुलिस ने कविता के कार्यालय सीएमपीडीआइ के फाइनेंस डिपार्टमेंट से 22 तोला सोने और हीरे के जेवरात बरामद किया। आठ तोला सोना उसने अपने पति के पास हैदराबाद भेज दिया था, जिसे पति ने मुथूट फाइनेंस में गिरवी रखकर पांच लाख रुपये का लोन भी ले लिया था। चोरी की आरोपित कविता शर्मा सीएमपीडीआइ में चपरासी के पद पर कार्यरत है, जबकि उसका पति विकास बहादुर हैदराबाद के एक होटल में काम करता है।

डीआईजी सह एसएसपी ने बताया कि छह मई को सीएमपीडीआइ कर्मी रानी कुमारी अपने पति के साथ देवघर गई थी। घर की सुरक्षा के लिए उन्होंने चाबी अपनी भरोसेमंद सहेली को दी जिसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं, अगले दिन कविता ने फोन कर रानी को बताया कि उसके घर में चोरी हो गई है। रांची लौटने पर रानी ने देखा कि घर से सभी जेवरात और कीमती सामान गायब थे। इसके बाद उन्होंने गोंदा थाना में मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई।

वहीं इस ब्लाइंड चोरी के मामले को गोंदा थाना पुलिस पुलिस के द्वारा सुलझाया गया। उद्भेदन करने में शामिल पुलिस पदाधिकारी को एसएसपी सम्मानित करेंगे।

# आईपीएच नामकुम में हुई योग व प्राकृतिक चिकित्सा पर कार्यशाला

- आरसीएच कैम्पस में कल तक है स्वास्थ्य मेला

**नवीन मेल संवाददाता**



**आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मिलती हैं ये सुविधाएं**

- गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के समय देखभाल।
- नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं।
- बचपन और किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संक्रामक रोग का प्रबंध।
- एक्यूट सरल बीमारी एवं मामूली बीमारी के लिए सामान्य रोगी देखभाल।
- गैर संक्रमित रोगों की पहचान रोकथाम एवं नियंत्रण।
- सामान्य नेत्र एवं ईएनटी समस्याओं की देखभाल।
- सामान्य मुख समस्याओं के देखभाल।
- बुजुर्ग एवं उपशामक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं।
- दाह एवं ट्रॉमा समित आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं।
- मानसिक स्वास्थ्य रोग की जांच एवं बुनियादी सुविधा प्रबंधन एवं योग।

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयुष कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न चिकित्सा प्रणाली जैसे आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी पर कार्यशाला का आयोजन आईपीएच नामकुम रांची के ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यशाला में राज्य स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी के साथ ही राज्य के 24 जिलों से आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारीयों को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यशाला में लगभग 300 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यशाला में आयुष कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न चिकित्सा प्रणाली जैसे आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी पर लोगो को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ अशोक पासवान, डिप्टी डायरेक्टर, होम्योपैथी, डॉ साकेत कुमार, जिला आयुष मेडिकल अफसर, रांची, डॉ अनुज कुमार मंडल, कोऑर्डिनेटर आयुष, हेमंत कुमार महतो एसएफएम, शुभम कुमार राज, डॉ अर्चना कुमारी, योगा ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया।

ज्ञात हो कि राज्य भर में आयुष प्रक्षेप के अंतर्गत 745 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) संचालित हैं, जिसमें 502 आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी संविदा के आधार पर अपनी सेवा दे रहे हैं और शेष आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयुष सामुदायिक पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। आयुष कार्यक्रम पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्य में एकीकृत करने का एक व्यापक प्रयास है जिससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। ज्ञात हो कि मेले में कुल 43 स्वास्थ्य संबंधी स्टॉल लगाए गए हैं। स्वास्थ्य मेला में राष्ट्रीय किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 185 किशोर-किशोरियों का बीएमआई टेस्ट किया गया। इन लोगों के बीच क्विज कंपीटीशन भी कराया गया एवं 90 प्रतिभागियों में पुरस्कार वितरण किया गया। इसके अंतर्गत 150 किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य संबधित मुद्दों एवं विषय जैसे स्वास्थ्य जागरूकता इत्यादि पर काउंसलिंग की गई।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के द्वारा कुल 77 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से पीड़ित 80 लोगों की काउंसलिंग की गई। साथ ही, 2 ड्रग एडिक्ट व्यक्ति का नशा विमुक्तिकरण थेरेपी दिया गया।

# सीसीएल में एचआर पेशेवरों के लिए हुआ इंटरएक्टिव सत्र का सफल आयोजन

**रांची।** सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र के नेतृत्व में शनिवार को एचआर पेशेवरों के लिए एक विशेष इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मध्य-स्तरीय अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के प्रबंधकों ने भाग लिया और अपने दिन-प्रतिदिन के आधिकारिक कार्यों में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की। इस सत्र का उद्देश्य एचआर से जुड़ी चुनौतियों पर खुलकर संवाद करना और बेहतर संवाद, आपसी समझ व कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए सार्थक सुझाव प्राप्त करना था। इस सत्र के दौरान निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि इस तरह के इंटरएक्टिव सत्र न सिर्फ हमारे एचआर पेशेवरों को नई सोच और दृष्टिकोण से लैस करते हैं, बल्कि संगठन की कार्य संस्कृति को भी और अधिक सशक्त बनाते हैं। इंटरएक्टिव सत्र के दौरान, एचआर निदेशक ने प्रमुख एचआर चुनौतियों पर चर्चा की और टीमों के बीच बेहतर संचार और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक समाधान पेश किए। इस आयोजन का उद्देश्य एचआर पेशेवरों को अपनी भूमिकाओं को अनुकूलित करने और संगठन की वृद्धि में योगदान करने के लिए आवश्यक उपकरण और अंतर्दृष्टि से अवगत करना था।



### परिचर्चा | रांची विवि के पत्रकारिता विभाग के ‘जोसारु’ के सम्मेलन में बोले राधाकृष्ण किशोर

# सभी के दुख-तकलीफों के साथ खड़ी है झारखंड सरकार

- संजय द्विवेदी ने कहा, पत्रकारिता में विकास की अवधारणा पर ध्यान दिया जाए

**नवीन मेल संवाददाता**



**ग्रामीण क्षेत्रों में है असली पत्रकारिता**

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आजादी के अमृत वर्ष में भी हम जाति-धर्म की बातों से ऊपर क्यों नहीं उठ पाए, इस पर पत्रकारों को ध्यान रखना चाहिए। हमें आज खास तौर पर पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान देना चाहिए कि 49 प्रतिशत कुपोषित बच्चों को ऊपर कैसे लाया जा सकता है। असली पत्रकारिता ग्रामीण क्षेत्रों में ही है।

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के संगठन ‘जोसारु’ के तृतीय सम्मेलन का आयोजन शनिवार को हुआ। इसे संबोधित करते हुए झारखंड के संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पत्रकारिता समाज से लेकर राजनीति तक पर नजर रखने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि वास्तव में समाचार गांवों और पहाड़ों में होते हैं।

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पूर्ववर्ती छात्र अनुज सिन्हा की बात की चर्चा करते हुए कहा कि यह धारणा बदलनी चाहिए कि सरकार के सहयोग के बिना ही हम अच्छा कर सकते हैं। झारखंड सरकार सभी के दुख-तकलीफों के साथ खड़ी है। हम प्रयास कर रहे हैं कि अप्रैल के अंत में ही बजट की राशि आवंटित कर दी जाए।

पत्रकारिता विभाग में स्थायी शिक्षकों की कमी पर उन्होंने कहा कि रांची में बैठने वाले शिक्षा सचिव को इस पर ध्यान देना चाहिए। सोमवार तक इन्हें प्रस्ताव भेजा जाए, हमारी सरकार पूरा सहयोग करेगी। इसके पूर्व, भोपाल से आए माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलपति संजय द्विवेदी ने कहा कि आज पश्चिमी मॉडल की ऋणात्मक पत्रकारिता को छोड़ विकास की अवधारणा पर ध्यान दिया जाए। मौके पर जोसारु के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा, पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष बीके झा, ऋता शुक्ल उपस्थित थे। विभाग के शिक्षक मनोज शर्मा सहित पूर्व विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

# सरला बिरला स्कूल में 'इंद्रप्रस्थ' कॉमर्स फेस्ट का भव्य समापन



● अंतिम दिन दो प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची द्वारा रांची सहोदया स्कूल कांप्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इंटर-स्कूल कॉमर्स फेस्ट 'इंद्रप्रस्थ' का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। सीए एवं वित्तीय विशेषज्ञ साकची जैन समापन समारोह की मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर रांची के 12 प्रतिष्ठित विद्यालयों - सुरेंद्रनाथ सेंटनरी स्कूल, गुरु नानक हाईयर सेकेंडरी स्कूल, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल, नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, ब्रिजफोर्ड स्कूल, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल एवं सेंट ऐनी कॉन्वेंट स्कूल - की उपस्थिति रही।

दिन का आरंभ 'हैच पिच' कार्यक्रम से हुआ, जो छात्रों की उद्यमिता क्षमता और व्यवसाय आरंभ करने की कल्पना को मंच प्रदान करने वाली प्रतियोगिता थी। विद्यार्थियों ने नवोदित उद्यमियों की भूमिका निभाते हुए अपने स्टार्टअप विचारों, प्रोटोटाइप और विपणन रणनीतियों को विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया।

### सरला बिरला की प्राचार्या ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की प्रशंसा की

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की प्राचार्या परमजीत कौर ने 'इंद्रप्रस्थ' फेस्ट के सफल आयोजन पर संपूर्ण आयोजन समिति को बधाई दी। उन्होंने रांची सहोदय स्कूल कांप्लेक्स के प्राचार्यों के प्रति उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरला बिरला पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को सदैव ऐसे मंच प्रदान करता रहेगा, जिससे वे अपने कौशल, प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर सकें। विद्यालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में, ऐसे और भी आयोजन के लिए प्रयासरत और प्रतिबद्ध है।

### राष्ट्रपति के प्रस्तावित परिभ्रमण को लेकर रांची उपायुक्त ने की महत्वपूर्ण बैठक, कहा

# अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सजगता के साथ करें

● सभी विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए तैयारी पूर्ण करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 31 जुलाई एवं 1 अगस्त 2025 को प्रस्तावित परिभ्रमण कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई थी। बैठक में राष्ट्रपति दौरे की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वागत-सत्कार एवं कार्यक्रम स्थलों की व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने संबंधित विभागों को उनके कार्यों की स्पष्ट जिम्मेदारी देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का दौरा त्रुटिरहित तरीके से संपन्न होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रांची में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों एवं अन्य संभावित स्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, अग्निशमन, स्वास्थ्य सुविधा, पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था आदि सभी बिंदुओं पर विभागवार समीक्षा की। उपायुक्त ने रूटलाइन में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के प्रस्तावित परिभ्रमण के लिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सजगता एवं संवेदनशीलता के साथ करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तैयारियों की लगातार समीक्षा की जाएगी और कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक, यातायात कैलाश करमाली, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता सुदेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, योजना पदाधिकारी सहित पेयजल, सड़क, बिजली, अग्निशमन एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मोटे अनाज के उत्पादन में राज्य सरकार दे रही विशेष ध्यान

# एकड़ प्रति 3000 रुपए दे रही सरकार

**मनोज मिश्रा**



भोर सिंह यादव

### मोटे अनाज के उत्पादकों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता

झारखंड कृषि निदेशक भोर सिंह यादव से राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने विशेष बातचीत की जिसमें उन्होंने बताया कि मोटे अनाज के उत्पादकों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है बाजार में इसकी मांग बड़ी तेजी से बढ़ रही है। 2024_25 में किसानों ने बाजरे की विशेष रूप से खेती की थी। 18,315 किसानों ने बाजरे की खेती कर 6,03,56,434.20 रुपए का प्रोत्साहन राशि प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि बाजरे की खेती में प्रति एकड़ 3000 रुपए की सहायता राशि किसानों को दी जाती और 5 एकड़ तक के किसान इसका लाभ ले सकते हैं।

**रांची।** एक वह जमाना था जब मोटे अनाज को लोग हीन दृष्टि से देखते थे और इसे गरीबों का भोजन समझा जाता था। आज सारी दुनिया मोटे अनाज के पीछे भाग रही है क्योंकि लोगों को यह पता हो चुका है कि मोटे अनाज अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। मोटे अनाज के महत्व की मार्केटिंग बहुत हो गई है लेकिन इसके लिए आज भी कोई बाजार उपलब्ध नहीं है जहां किसान अपने उत्पादों को बेच सके।

अब तो ऑनलाइन बड़े-बड़े प्लेटफार्म भी मोटे अनाज की पैकेजिंग करके होम डिलीवरी दे रहे हैं। इसकी मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है सौभाग्य से हमारा झारखंड मोटे अनाज उत्पादक राज्यों में अग्रणी रहा है, यहां के खानपान में मोटे अनाजों की सुगंध आती है।

मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार ने 2024_25 में झारखंड बाजरा मिशन की शुरुआत की।

इसका उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों का आय बढ़ाना था। बाजरा उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 3000 रुपए की दर से लेकर 5 एकड़ तक की भूमि वाले किसानों 15000 रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। फसल तैयार होने के बाद मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके जीपीएस और टैगिंग के साथ www.jharkhandmilletmission.gov.in वेबसाइट पर अपलोड करना होता है। जिला और राज्य स्तर पर डाटा सत्यापन होने के बाद किसानों के प्रोत्साहन की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में पहुंच जाती है।

### कारगिल दिवस का हुआ आयोजन




**रांची।** पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल रांची में कारगिल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने इंग्लिश एलोकेशन प्रतियोगिता, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता, स्पीच प्रतियोगिता एवं कारगिल दिवस पर आयोजित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# छोटू साहू बने अध्यक्ष अरविंद गोप महासचिव

● अबुआ अधिकार मंच की मांडर महाविद्यालय इकाई का चुनाव संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मांडर महाविद्यालय, मांडर में शनिवार को अबुआ अधिकार मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में महाविद्यालय इकाई के नेतृत्व के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला ने की तथा मंच संचालन विशाल कुमार यादव ने किया। बैठक में छात्र हितों की आवाज बुलंद करने और महाविद्यालय में छात्र समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक रणनीति बनाई गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए रांची विश्वविद्यालय के संयोजक अभिषेक शुक्ला ने कहा कि अबुआ अधिकार मंच छात्र हितों की लड़ाई लड़ने, शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, और छात्रों की हर समस्या के समाधान के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाती रही है और आगे भी निभाती रहेगी।

# बीआईटी मेसरा के लालपुर यूनिट में 6 दिवसीय एफडीपी का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बीआईटी मेसरा के लालपुर यूनिट के तत्वावधान में विगत 21 जुलाई से आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शनिवार को विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में बोलते हुए संस्थान के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों और संचालन समिति की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने भविष्य में इसी प्रकार के अन्य प्रोग्राम आयोजित करने की बात भी कही।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ श्रीमती अमृता प्रियम ने इस छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथि वक्ताओं को धन्यवाद दिया, जिन्होंने अपने-अपने सत्रों में उपस्थित होकर प्रतिभागियों को नई-नई तकनीक की जानकारी प्रदान की। आज अंतिम दिन योग के राज्यस्तरीय योगगुरु आदित्य कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को अपने कार्य क्षेत्र में या फिर जीवन मे आने वाले मानसिक तनाव को कम करने और स्वस्थ रहने के लिए योग और उसकी उपयोगिता पर अपनी बातें रखी और प्रशिक्षण दिया। अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों के सहयोग से प्रांगण में पौधरोपण कराया गया।

इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहायक कुल सचिव मनोज कुमार गिरी, डॉ श्रावणी मुखोपाध्याय, डॉ सोमनाथ मुखर्जी, शांतनु सिन्हा, राणा प्रताप मिश्रा, मनोज कुमार, डॉ अमृता सरकार, डॉ अपर्णा शुक्ला, जय पॉल, सौमित्रो चक्रवर्ती, उमेश प्रसाद, अभय रंजन श्रीवास्तव, शुभाशीष रॉय, मानषी गुप्ता, संजय कुमार, पार्थ सारथी, सिबा मित्रा, शिवांगी तिवारी, सृष्टि, अनुब्रत आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन सह संयोजिका डॉ महुआ बनर्जी ने किया।

**आज / कल**




### फिर आई एनएच 75 में बाढ़

# बाहर भी खतरा अंदर भी खतरा और कुछ खतरे में डालने वाले

**नवीन मेल संवाददाता**



बाइक सवारों के लिए कभी भी जानलेवा बन सकती है पंचशील चौक में बने बाढ़ जैसे आए दिन के हालात

**रांची।** पंचशील नगर चौक हो या पंचशील नगर या चाहे बात राधा नगर, शांति नगर की हो। पूरे बरसात में इन इलाकों में रहने वालों का जीवन नारकीय हो जाता है। घरों के अंदर में बनहोरा नदी का पानी घुस जाता है वहीं सड़कों में 5 से 6 फीट तक पानी जमी रहती है। पंचशील नगर के रोड नंबर तीन में पूरे बरसात भर नाले का गंदा पानी सड़कों पर होता है। इससे राह चलना तो कठिन होता ही है पूरे इलाके में गंदे पानी से बदबू आती रहती है।

पंचशील नगर चौक में कल सुबह से ही एनएच 75 राजधानी से कट गया था। सड़क पर नदियों की तरह बाढ़ उमड़ रही थी। 5 फीट के भारी जल जमाव में लोग अपने बच्चों को स्कूल लेकर बाइक से जा रहे थे जो कभी भी जानलेवा साबित हो सकती थी। वहीं अन्य वाहनों को भी भारी दिक्कत हो रही थी और छोटे एम्बुलेंस तो सड़क में आए बाढ़ के पानी के बीच फंसते _फंसते बचे थे। पंचशील नगर में भी बाहर की तरह अंदर भी बाढ़ जैसे हालात पाए गए और इस सड़क से भी पार होना जानलेवा साबित हो सकता था। बाहर भी खतरा, अंदर भी खतरा और कुछ खतरे में डालने वाले वे हैं जिन्होंने अपने लालच में नाले की सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर दुकान, मकान बना बैठे हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि प्रशासन अतिक्रमण मुक्त कराने में जल्द बड़ी करवाई करेगी।

### डीपीएस रांची मे इंटर स्कूल क्विज फेस्टिवल एड मेलियोरा 2025 का भव्य आयोजन

# क्विज चुनौतियों को स्वीकार करने की दृढ़ता देता है : मनोज

● अजय छाबड़ा ने कहा, एड मेलियोरा केवल प्रतियोगिता नहीं, रूपांतरण का माध्यम भी है

**नवीन मेल संवाददाता**




### बच्चों की जिज्ञासा सही मार्गदर्शन से पोषित हो : डॉ जया चौहान

डीपीएस रांची की प्राचार्या डॉ जया चौहान ने कहा, हम डीपीएस रांची में मानते हैं कि बच्चों की जिज्ञासा को सही मार्गदर्शन के साथ पोषित करना चाहिए। एड मेलियोरा हमारे उस विश्वास का मूर्त रूप है, जहां बुद्धिमत्ता कल्पना से मिलती है और टीमवर्क नेतृत्व से। मुझे अत्यंत गर्व है कि हमारे छात्र न केवल प्रतिभागी रहे, बल्कि इतने विशाल बौद्धिक आयोजन को सफलतापूर्वक समन्वित भी किया।

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची ने शुक्रवार को ज्ञान, चातुर्य और प्रतिस्पर्धा की अद्भुत अभिव्यक्ति के रूप में अंतर-विद्यालयीय क्विज महोत्सव 'एड मेलियोरा 2025 : रिवाइंड ट्वेंटीएथ सेंचुरी' का आयोजन किया। यह क्विज महोत्सव झारखंड के छात्रों और शिक्षकों को एक मंच पर लाने में सफल रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया था। इस अवसर पर मनोज रतन चौथे (आईपीएस), डीआईजी (एसआईबी), स्पेशल ब्रांच, झारखंड तथा अजय छाबड़ा (चार्टर्ड अकाउंटेंट) मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज रतन चौथे ने कहा, आज आप सभी जिज्ञासा और विकास की भावना के प्रतीक हैं। क्विज केवल तथ्यों का खेल नहीं, बल्कि सोचने की हिम्मत, उत्तर देने का आत्मविश्वास और चुनौतियों को स्वीकार करने की दृढ़ता है। आपने केवल ज्ञान नहीं, बल्कि टीमवर्क और आलोचनात्मक सोच की क्षमता भी दिखाई है — जो भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं की पहचान है।

मुख्य अतिथि अजय छाबड़ा ने कहा, एड मेलियोरा जैसे कार्यक्रम केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि रूपांतरण का माध्यम होते हैं। ये एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करते हैं, जो सही सवाल पूछ सकती है, अराजकता में पैटर्न खोज सकती है और सहयोग को महत्व देती है। सभी प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक बधाई और आयोजकों को भी, जिन्होंने इस बौद्धिक उत्सव को इतनी सुंदरता से प्रस्तुत किया।

इस प्रतियोगिता में 18 विद्यालयों से 250 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा की। ब्रिजफोर्ड स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, शारदा ग्लोबल स्कूल, सेंट जेवियर्स (डोरंडा), ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल, आचार्यकुलम रांची, सिम्बायोसिस पब्लिक स्कूल, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, डीपीएस रांची, एसआर डीएवी (पुंदाग), जेवीएम श्यामली, लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल, सेंट अरविंदो एकेडमी, टेंडर हार्ट स्कूल, कैराली स्कूल, डीएवी कपिलदेव, आर्मी पब्लिक स्कूल (रांची) और एसएसवीएम (डाकरा) जैसे प्रतिष्ठित स्कूलों ने अपने श्रेष्ठ प्रतिभागियों को भेजा।

'एड मेलियोरा 2025' में चार विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से ज्ञान और कौशल के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया गया।



## ओरमांझी के कलकत्ता पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

# दीपशिखा बनीं प्रमुख छात्रा पीयूष कुमार प्रमुख छात्र

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल में शनिवार को अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के कुल 20 छात्रों का निर्वाचन छात्र परिषद के विभिन्न पदों के लिए विगत 22 जुलाई को विद्यालय परिसर में हुए मतदान के आधार पर किया गया। शनिवार को समस्त निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। दीपशिखा प्रमुख छात्रा और पीयूष कुमार प्रमुख छात्र बने। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत विद्यालय के वाइस चेयरमैन प्रभाष कुमार झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र परिषद के गठन का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास एवं अनुशासन के मानदंडों के तहत कार्य करना सिखाना है। उन्होंने अनुशासन की महत्ता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। विद्यालय की प्राचार्या प्रियम्वदा झा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों में सिर्फ शैक्षणिक क्षमता में ही वृद्धि नहीं चाहता, बल्कि छात्रों के संपूर्ण शारीरिक, मानसिक विकास के लिए विद्यालय प्रतिबद्ध है। रेक्टर मिथिलेश कुमार मिश्र ने निर्वाचित प्रतिनिधियों को दायित्व बोध कराते हुए कहा कि आप अपने अंदर ऐसे गुणों का विकास करें, ताकि भारत के अच्छे नागरिक बन सकें। इसके लिए संविधान के मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य का अध्ययन कर आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ शिक्षकों ने अपनी भागीदारी निभाई। उपस्थित समस्त छात्रों का उत्साह माहौल को उत्सवी स्वरूप प्रदान कर रहा था।

## एसीसी हाई स्कूल में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ मनाई गई

**खलारी।** एसीसी हाई स्कूल, खलारी में शनिवार को कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी, उप-प्रधानाध्यापिका अर्चना उपाध्याय, एसीसी पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक रवि गिरि, शिक्षक समर सेन एवं अतिथि विकास जी द्वारा दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई। कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और अभिनय प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। छात्रा अनुराधा कुमारी ने हिंदी में एवं नैंसी कुमारी ने अंग्रेजी में कारगिल विजय दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में छात्रों को देशप्रेम और शौर्य की भावना जागृत करने की प्रेरणा दी। अर्चना उपाध्याय ने कारगिल युद्ध के बलिदानों को याद करते हुए कहा कि यह दिवस शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। रवि गिरि ने इसे केवल विजय का दिन नहीं, बल्कि देश के रक्षकों को सम्मान देने का दिन बताया। समर सेन ने विद्यार्थियों को देशसेवा का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

## कार पलटी किसी की हताहत नहीं

**ठाकुरगांव ।** शनिवार को थाना क्षेत्र के ठाकुरगांव-रातू मुख्य सड़क में ईंटेहे नदी के समीप अहले सुबह एक कार जेएच01ई आर0929 अनियंत्रित होकर पलट गयी। जानकारी के मुताबिक गाड़ीलौंग टंडवा (चतरा) के पिंटू कुमार अपने दो मित्रों के साथ रांची से अपने घर लौट रहे थे इसी दौरान एक जानवर को बचाने के क्रम में गाड़ी सड़क से नीचे उतरी और पलट गयी। घटना में किसी को भी चोट नहीं लगी है।

# दुर्घटना और प्राकृतिक आपदा से मृतक के आश्रितों को मिला मुआवजा राशि

**नवीन मेल संवाददाता**




**मांडर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शनिवार को सड़क दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा के आश्रितों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया। इस दौरान पर मंत्री ने 131 छात्राओं के बीच साइकल, 15 लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना का गृह प्रवेश के लिए चाबी और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के लाभुकों के बीच वस्त्र भी वितरित किया। आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा साल 2023 से 2024 के बीच सड़क दुर्घटना , पानी में डूबने और सर्पदंश से हुई मौत का मुआवजा राशि का वितरण किया गया है . सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को 1 लाख रुपए और पानी में डूबने एवं सर्पदंश के मृतकों के आश्रितों को 4 लाख रुपए राशि दी गई। मौके पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन कैबिनेट में वो मंत्री है, पर मांडर के प्रति उनकी जवाबदेही पहले की तरह ही है। उन्होंने कहा कि अपनो के बीच आ कर काम करना अच्छा लगता है।मंत्री ने कहा कि आज राजनीति में जितनी दूरी भी तय कर पाई हूं या जिस मुकाम तक पहुंची हूं , ये सबकुछ मांडर की जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है। राज्य में गठबंधन वाली सरकार ने हर वर्ग हर समाज हर तबके के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रखा है। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य बच्चों की पढ़ाई , बुजुर्गों की दवाई, महिलाओं को सम्मान , युवाओं को रोजगार और क्षेत्र का विकास करना है। इस मौके पर अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, प्रमुख फिलीप सहाय एक्का , उप प्रमुख अमानत अंसारी, आबिद अंसारी, नसीम अंसारी, जमील समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## राशन दुकानदार व समाजसेवी चामा लोहरा की सड़क दुर्घटना में मौत



**बेड़ो।** बेडो. थाना क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी और राशन दुकानदार 60 वर्षीय चामा लोहरा का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनके निधन से पूरे बेड़ो सहित कई क्षेत्रों में शोक लहर छा गई । वह मूल रूप से बेड़ो थाना क्षेत्र के जहानाबाज गांव के रहने वाले थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार श्रृंगार पूजा से लौटने के दौरान शुक्रवार की रात लगभग 9:30 बजे बुलेट बाइक सवार सुनील उरांव ने पीछे से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चामा लोहरा सिर के बल पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में उनकी पत्नी रूक्मिणी देवी एवं नतीनी बाल बाल बच गई। वहीं बाइक सवार भी घायल हो गया। बाइक सवार सहित चामा लोहरा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स भेजा गया। लेकिन रास्ते में ही चामा लोहरा की मौत हो गई।

## वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य में जनजातीय समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : डॉ सक्सेना



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आईक्यूएसी सेल द्वारा आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के छठे दिन शनिवार को 'इंडीजीनस रिसोर्सेज की सहायता से संदर्भ आधारित पाठ्यक्रम का विकास' विषय पर तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र विशेष रूप से डिजिटल टूल्स की सहायता से जनजातीय क्षेत्र के लिए तैयार किए जा रहे पाठ्यक्रम को समुदाय की भाषा, संस्कृति और जीवनशैली से संदर्भित करने के प्रशिक्षण पर केंद्रित था।इस अवसर पर डॉ डीके सक्सेना, आईएफएस, रांची ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य में जनजातीय समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और पाठ्यक्रमों में उनके पारंपरिक ज्ञान एवं मूल्यों को समाहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाठ्यक्रम में ज्ञान, कौशल एवं मूल्यों का संवर्धन होना चाहिए, जिससे भारतीयता की भावना का विकास हो सके। इसके साथ ही उन्होंने मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता, मौलिक कर्तव्यों तथा संवैधानिक मूल्यों के ज्ञान को भी पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनाए जाने की आवश्यकता बताई। डॉ सक्सेना ने स्थानीय ज्ञान एवं लोक परंपराओं के संरक्षण के लिए जनजातीय भाषाओं में पिक्शनरी तैयार करने पर बल दिया और जीवन कौशल शिक्षा को भी विशेष रूप से पाठ्यक्रम में स्थान देने का सुझाव दिया। उन्होंने जनजातीय जीवनशैली से संदर्भित पाठ्यक्रमों के विकास की जरूरत पर जोर देते हुए शिक्षकों को इस दिशा में नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह सत्र प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा। इसमें स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा समुदाय आधारित शिक्षण की दृष्टि से अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई।

## विस्थापित नेता बिगन भोगता ने काउंसिल की सदस्यता ग्रहण की

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा, एनके एरिया के अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने शनिवार को अपने कई साथियों के साथ आल इंडिया एससी-एसटी-ओबीसी इम्प्लाइज कोआर्डिनेशन काउंसिल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कोल इंडिया काउंसिल अध्यक्ष बृजकिशोर राम ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में रामलखन गंझू, अमृत भोगता, विनय खलखो, नरेश गंझू, दामोदर गंझू, शिवनारायण लोहरा सहित अन्य नए सदस्यों का भी एरिया के पदाधिकारियों द्वारा माला व बुके देकर अभिनंदन किया गया। बृजकिशोर राम ने अपने संबोधन में कहा कि बिगन भोगता जैसे अनुभवी विस्थापित नेता और उनके साथियों के संगठन से जुड़ने से काउंसिल की ताकत और भी बढ़ेगी।

### स्कूल में कारगिल विजय दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**खलारी।** उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल, खलारी में शनिवार को कारगिल विजय दिवस बड़े ही उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत एंजेला हाउस के विद्यार्थियों द्वारा वीर जवानों की बहादुरी को समर्पित एक नाट्य प्रस्तुति से हुई। इसके पश्चात देशभक्ति गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपने भाषणों के माध्यम से कारगिल युद्ध की परिस्थितियों, चुनौतियों और भारतीय जवानों के शौर्य व बलिदान की गाथा का वर्णन किया।

## उपायुक्त की राजस्व कार्यों की समीक्षा

# दाखिल खारिज लंबित रखने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

### दाखिल खारिज के रिजेक्ट मामलों की समीक्षा करें

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दाखिल-खारिज के रिजेक्ट मामलों की समीक्षा हेतु वरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की वरीय अधिकारी रेंडम आधार पर चयनित अंचलों में रिजेक्ट हुए दाखिल खारिज के मामलों की गहन जांच करेंगे। ताकि आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। साथ ही 10 डिसमिल से कम सभी अंचलों में बिना आपत्ति के 30 दिनों से लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन कराने का निर्देश दिया।

### सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी हाल में नहीं हो

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी अंचल के अंचल अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा की विभिन्न अंचलों में सरकारी भूमि पर अवैध क जा किसी हाल में ना हो, यह सुनिश्चित करें। साथ ही, ऐसे भूमि पर सूचना पट भी लगाएं, ताकि सरकारी भूमि पर कोई अवैध जा ना करें।

**रांची।** रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-बी, कमरा संख्या-505 में अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक के कार्यशैली उन्नयन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही, राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक भी हुई। इस बैठक में अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार एवं बुंडू किस्टो कुमार बेसरा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, केके राजहंस, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी, भूमि उप समाहर्ता रांची, मुकेश कुमार, एसएआर रांची, मनीषा तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार, जिला पंचायती पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साहू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, रविशंकर मिश्रा एवं सभी अंचल अधिकारी, सभी अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक उपस्थित थे।अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक के कार्यशैली उन्नयन के लिए कार्यशाला में विशेष अतिथियों ब्रह्मकुमारी संस्था एवं संत जेवियर स्कूल के फादर, मुस्लिम धर्म गुरु द्वारा प्रेरक जानकारी देते हुए उन्हें कार्यशैली में बदलाव लाने के कई प्रेरक शब्दों और अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्हें कार्यशैली में उन्नयन करने के उपाय बताते हुए उन्हें चिंता से दूर रहने की सलाह दी। दाखिल खारिज के सभी अंचलों में लंबित मामलों, भूमि सुधार, अतिक्रमण हटाने, और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को 90 दिन एवं 30 दिनों तक बिना आपत्ति के दाखिल खारिज के लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन कराने को लेकर निर्देश दिया।उपायुक्त ने बेड़ो अंचल के कर्मचारी पर 90 दिन से अधिक दाखिल खारिज लंबित रखने को लेकर अपर समाहर्ता को शो-कॉज करने के निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने कड़े शब्दों में स्पष्ट रूप से कहा कि जो कर्मचारी जानबूझ कर बिना आपत्ति के दाखिल खारिज के लंबित मामलों को रोक कर रखते एवं निर्धारित कार्य लंबित रखने वालों ऊपर जीरो टॉलेरेंस रखते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जामताड़ा के श्री श्याम मंदिर में हुई चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में भारी रोष

# धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सरकार उठाए ठोस कदम : ट्रस्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शनिवार को झारखंड के जामताड़ा जिले में स्थित प्रख्यात श्री श्याम मंदिर में हुई चोरी की घटना की तीव्र निंदा की। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और पीड़ादायक बताया है। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ श्री श्याम मंदिर में हुई चोरी की घटना की निंदा करते हुए कहा है कि अज्ञात चोरों ने मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए श्री श्याम प्रभु की प्रतिमा से सभी मूल्यवान जेवरात आभूषण मुकुट, हार, चूड़ियां, कंठी, बाजूबंद और दान पात्र में रखी लाखों रुपए की धनराशि चोरी कर ली। यह घटना केवल आर्थिक क्षति नहीं है, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं पर भी गहरा आघात है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ चोरी नहीं, अपितु हमारी आस्था और धार्मिक स्वतंत्रता पर एक बड़ा हमला है। ट्रस्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से मांग की है कि देशभर के प्रमुख मंदिरों में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष बलों की तैनाती की जाए। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में भी श्री श्याम मंदिर में चोरी की घटना हुई थी, जिसमें असामाजिक तत्वों ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर मंदिर से आभूषण चुरा लिए थे। यह दोनों घटनाएं दर्शाती हैं कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा अब एक बड़ा सवाल बन चुकी है।

श्रद्धालुओं और समाज में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है तथा सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। श्रद्धालुओं के अनुसार, सरकार को चाहिए कि वह इस गंभीर मुद्दे को केवल एक चोरी की घटना न समझे, बल्कि इसे धार्मिक अस्मिता और सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा से जोड़कर देखे। साथ ही मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षागार्ड, और आधुनिक अलार्म सिस्टम अनिवार्य किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाए। यह समय है जब समाज और सरकार दोनों को मिलकर धार्मिक स्थलों की गरिमा और सुरक्षा की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

## ठाकुरगांव मे पूर्व थाना प्रभारी विनीत कुमार को दी गई विदाई



**बुढ़मू।** शनिवार को ठाकुर गांव थाना परिसर में पूर्व थाना प्रभारी विनीत कुमार का विदाई व नए थाना प्रभारी सिद्धांत कुमार ने संभाला पदभार। इस दौरान थाना परिसर में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर गांव मुंशी अरुण यादव व संचालन सुमित दुबे ने किया। इस दौरान एसआई दिलीप कुमार ने विनीत कुमार के लगभग एक साल 6 महीने के कार्यकाल की सराहना की। साथ मे एसआई अरविन्द कुमार, एएसआई सुनील दास, एएसआई प्रधान किसको, सुमित दुबे, अरुण यादव ने सामूहिक रूप से पूर्व थाना प्रभारी विनीत कुमार और नए थाना प्रभारी सिद्धांत कुमार को बूके देकर व शॉल देकर अभिनंदन किया।

## स्कूल में पेफ़ी राज्य स्तरीय खेल




**बेड़ो।** फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PEFI) द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ आज डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में हुआ। इस आयोजन में झारखंड के 17 जिलों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रफुल सुकांत (क्षेत्रीय संगठन मंत्री, वनवासी कल्याण आश्रम), पेफ़ी के नेशनल डायरेक्टर श्री मनोज मिश्रा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रेणु साहनी, राज्य प्रतिनिधि पेफ़ी रेज़ा इश्तियाक और डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और अतिथियों को पेफ़ी की ओर से मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया गया। पहले दिन खो-खो, फुटबॉल, कराटे, कबड्डी और एथलेटिक्स जैसे खेलों का आयोजन किया गया। इन स्पर्धाओं में खो-खो में हजारीबाग, फुटबॉल में रामगढ़, कराटे में रांची और एथलेटिक्स में रांची की टीमों ने जीत हासिल की। बतौर मुख्य अतिथि प्रफुल सुकांत ने पेफ़ी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पेफ़ी खेल के क्षेत्र में बहुत सराहनीय कार्य कर रही है और यह संगठन देश के हर कोने में सक्रिय है।

## न्यूज बॉक्स

### जेपीएससी में दो सगी बहनों ने लहराया परचम



**चान्हों।** जेपीएससी परीक्षा में चान्हों की दो सगी बहनों ने लहराया परचम।दिव्या भगत और विद्या भगत दोनों पिता बिरसा भगत को मिली सफलता।ये मूलरूप से चान्हों के पतरातु महुवाटोली की रहने वाली है,लेकिन अभी रांची हेहल में रहती हैं। ( विद्या भगत, रैंक 309 और दिव्या भगत रैंक 312, प्रशासनिक सेवा )।। दिव्या और विद्या चोरिया मिडिया स्कूल में शिक्षक अरविंद भगत की भगिनी है। ग्रुप की ओर से दोनों बहनों को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं)

### नशीले पदार्थ बेचने और पीने वालों पर लगेगा जुर्माना अंजुमन की बैठक में लिया गया बड़ा फैसला



**चान्हो।** प्रखंड के अंजुमन इस्लाहुल मुसलमीन अंसारी मोहल्ला बलसोकरा की बैठक शुक्रवार देर रात सम्पन्न हुई अंजुमन ने नशाखोरी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा निर्णय लिया है। बैठक में तय किया गया कि अब मोहल्ले या गांव में नशीला पदार्थ बेचने या पीने वालों पर अंजुमन की ओर से 5000 और 3000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। अंजुमन के सदर रहमतुल्लाह अंसारी ने बताया कि बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया कि समाज को नशे से मुक्त करने के लिए कड़े कदम जरूरी हैं। इसके तहत यदि कोई व्यक्ति शराब बेचते पकड़ा गया तो उस पर 5000 रुपये और पीते पकड़ा गया तो उस पर 3000 रुपये आर्थिक दंड लगाया जाएगा और उसका सामाजिक बहिष्कार भी किया जा सकता है।अंजुमन के सैक्रेटरी अफ़रोज़ अंसारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस निर्णय का उद्देश्य लोगों में जागरूकता फैलाना और समाज में नशे की लत को खत्म करना है। मालूम हो कि अंजुमन ने पूर्व में थाना को ज्ञापन देकर प्रशासन से भी सहयोग की मांग किया गया है। स्थानीय जनता ने इस कदम का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में नशे की लत पर लगाम लगेगी। इस बैठक में अब्दुल कुद्दुस अंसारी हाजी तफज्जुल अंसारी अफसर अंसारी रफ़ीक़ अंसारी जमील अंसारी तारिक़ अंसारी शाबाज़ आलम हाफिज रेयाज सरफराज आलम सेयाखत अंसारी आकिब अंसारी शामिल थे।

### पंचतत्व में विलीन हुईं लापुंग की जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड की जिला परिषद सदस्य, भाजपा नेत्री सह अधिवक्ता हिंदिया टोप्पो का शनिवार की सुबह रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह ब्रेस्ट कैंसर से जुझ रहीं थीं। इलाज के दौरान उन्हें समुचित सहयोग नहीं मिल पाया। सही अस्पताल में इलाज नहीं होने के कारण अन्ततः उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार लापुंग प्रखंड क्षेत्र के लतरातु के श्मशान घाट में किया गया । रिम्स से जैसे ही हिंदीया टोप्पो का शव लापुंग के लतरातु पहुंचा लोगों की आंखें नम हो गई। पुरे प्रखंड क्षेत्र से भारी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उमड़ पड़े व नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया । उनके अंतिम संस्कार में मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी शामिल हुए उन्होंने कहा कि हिंदिया टोप्पो भाजपा की समर्पित कार्यकर्ता थीं। उनके निधन से भाजपा सहित पूरे समाज को अपुरणीय क्षति पहुंची है।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने किया पहाड़ी मंदिर में बाबा का श्रृंगार



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने भगवान शिव (पहाड़ी बाबा) का श्रृंगार पहाड़ी मंदिर में सुबह 11:30 बजे किया । पहले दूध दही ,शहद से बाबा का अभिषेक किया गया।फिर श्रृंगार और आरती सभी युवा बहनों ने हर हर महादेव के जयघोष के साथ हर्षोल्लास से शिव की आराधना की गई। पहाड़ी बाबा का श्रृंगार समर्पण शाखा हर साल करती आ रही है ,काफी सदस्यों ने धनराशि के रूप में सहयोग किया। शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने सभी सहयोग कर्ताओं का आभार प्रकट किया।साथ ही जय जय कार से पूरा पहाड़ी मंदिर गूंज उठा भजन का कार्यक्रम हुआ ।

### स्कूली बच्चों ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर निकाली रैली



**ठाकुरगांव ।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल आरा में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को रैली का आयोजन किया गया। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बुढ़मू थाना तक निकाली गई जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्रा शामिल हुए। इस दौरान पोस्टर में बनाए गए चित्र और तिरंगा के माध्यम से भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान एवं देशभक्ति को दर्शाया गया। बच्चों ने वीर शहीद अमर रहें', 'भारत माता की जय, 'जय हिंद' जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। रैली का नेतृत्व विद्यालय के निदेशक नरेंद्र प्रसाद व प्रधानाचार्य अंशु कुमार ने किया। कार्यक्रम का समापन शहीदों की याद में दो मिनट का मौन और राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### राखी को लेकर स्कूल में हुआ आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार को बुद्धा पब्लिक स्कूल में राखी को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। सभी बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ राखी बनाया।इस दौरान सर्वश्रेष्ठ राखी बनाने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। विद्यार्थियों ने अध्यापकों एवं एक दूसरे को राखी बांधकर रक्षाबंधन के पूर्व खुशियां मनाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बच्चों को बताया कि रक्षाबंधन भाई बहनों का पवित्र त्यौहार है।इसमें बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और भाई आजीवन उनकी रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने बताया कि यह त्यौहार प्राचीन समय से ही भारतवर्ष में धूम धाम से मनाया जाता है।

## शहर को साफ व सुन्दर रखने में सहयोग करें जनप्रतिनिध व प्रबुद्धजन : बीडीओ

# बरही को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त करना आवश्यक : विधायक



नवीन मेल संवाददाता

- लावारिश पशुओं को सुरक्षित रखने व कूड़े फेंकने के लिए सीआई रीतलाल पासवान को भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया

**बरही।** स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त बरही को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रखंड प्रशासन में प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की. बैठक में मुख्य रूप से बरही पूर्वी, पश्चिमी, कोनरा और बेंदगी के जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन शामिल हुए. बैठक संचालित करते हुए बीडीओ जयपाल महतो ने उपस्थित लोगों से फल, सब्जी, मछली बाजार, ठेला-खोमचा वालो के स्थान निर्धारण व बरही को स्वच्छ रखने के लिए सुझाव मांगे. उपस्थित जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों ने अपने विचार दिए. विधायक श्री यादव ने भी स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त बरही बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही. उन्होंने अतिक्रमण मुक्त व स्वच्छ बरही बनाने के लिए विधायक कोष से वित्तीय सहायता सहित हर संभव मदद करने की भी बात कहीं. विचारोपरांत बरही बाजार को टीम विभिन्न स्थान भगवती मंदिर से मिडिल स्कूल के बीच एनएच के बगल, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के समीप और तिलैया रोड के सर्विस में लगाने व बरही चौक के 200 मीटर की परिधि में वाहन पड़ाव वर्जित करने, ट्रैफिक ठहराव के लिए एनएचएआई को रोड मार्किंग के लिए पत्राचार करने, स्ट्रीट लाइट चालू करने तथा मछली मार्केट को पीएचईडी या अग्रवाल गली में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया. साफ सफाई के लिए बरही पूर्वी, पश्चिमी, कोनरा व बेंदगी मुखिया की संयुक्त कमिटी बनाई जाएगी. जिसके संचालन की जिम्मेवारी मुखिया की निगरानी में चारो पंचायत के जनप्रतिनिधि करेगे. संचालन तीन माह के चक्रीय अवधि के आधार पर प्रत्येक मुखिया को सौंपी जाएगी. सफाई के लिए कमिटी स्थानीय दुकानदार से एक निश्चित राशि भी वसूलेगी. बीडीओ ने यह भी बताया कि डीएमएफटी कोष से बरही चौक पर सीसीटीवी पुनः स्थापित किया जायेगा. बीडीओ ने विहिप प्रखंड अध्यक्ष कैलाश ठाकुर की मांग पर एनएच पर विचरित होने वाले मालिक विहीन पशुओं को सुरक्षित रखने व कूड़े फेंकने के लिए सीआई रीतलाल पासवान को भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया. इसके साथ हीं कोनरा पंसस प्रतिनिधि मो सगीर की मांग पर जियाडा स्थित फैक्ट्रियों के अवशिष्ट पदार्थ को गैर कानूनी तरीको से एनएच बाईपास पर फेंके जाने पर रोक लगाने के भी निर्णय लिया गया. बीडीओ ने बताया कि बैठक में लिए गए सभी तत्काल रूप से प्रभावी होगा.

## सैनिक हमारे देश के गौरव उनका सदैव करें सम्मान : प्राचार्य



**बरही ।** कारगिल शहीद दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में विजय दिवस मनाया गया. इस अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि और वीर सैनिकों को नमन किया गया. एलकेजी से द्वितीय तक के नन्हे मुन्हें बच्चो ने सैनिकों के रूप में अपनी प्रस्तुति देकर मां भारती की रक्षा का प्रण लिया. अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए प्राचार्य डॉ आशुतोष मैढ़ ने कहा कि सैनिक हमारे देश के गौरव हैं. उनके अथक प्रयास से ही हम सभी चैन की नींद ले पाते हैं. हम सभी को सदैव अपने सैनिकों का सम्मान करनी चाहिए. इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने शारीरिक शिक्षक फ्लिप मरांडी की अगुवाई में मार्च पास्ट कर अमर शहीदों को नमन किया. सार्जेंट सुष्मिता कुमारी व लॉस कार्पोरल रानी प्रिया ने कारगिल की विजय गाथा की जानकारी दी. एनसीसी ऑफिसर डॉ दीपक शरण ने कहा कि कारगिल की विजय गाथा अमित सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है. मार्च पास्ट में एनसीसी कैडेट्स अंशु कुमारी, सिमरन, माही, तृप्ति गुड़िया, सुहानी, तनु, सिद्धि, प्रियांशु, जिगर, शिवम, अभिषेक, शिवराज ,सुजल, ऋषभ, अंगद आदि ने महती भूमिका निभाई.

## न्यूज बॉक्स

### जेएलकेएम के नए केंद्रीय पदाधिकारियों को दी गई बधाई



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का वार्षिक अधिवेशन हॉल ऑफ नोट्स, डुमरजोड़, चास, बोकारो मे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. वार्षिक अधिवशन में संगठन का पुनर्गठन, पार्टी के नीति नियम पर विशेष रूप से बल दिया गया। इस अवसर पर रामगढ़ जिला से केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष सुधीर अकेला, केंद्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रवि कुमार महतो, आनंद कटियार, पवन कुमार, संतोष टीडुआर , रूपा महतो, भारती कुशवाहा, केंद्रीय महासचिव लीलावती देवी, केंद्रीय सचिव संतोष महतो, संतोष चौधरी, लक्ष्मण महतो,अनुपम देवी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र बेदिया को मनोनीत किया गया. रामगढ़ जिला के सभी केंद्रीय पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ करेंगे।आप सबों का नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा, पार्टी हित, संगठन की मजबूती और जनसरोकार से जुड़े सकारात्मक विचारों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। झारखंड की जनभावनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ही मोर्चा की असली ताकत है । केंद्रीय समिति में रामगढ़ जिला से दायित्व दिए जाने पर रामगढ़ जिला में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है। केंद्रीय कमेटी में रामगढ़ जिला के पदाधिकारियों को दायित्व दिए जाने पर संस्थापक सदस्य रमेश कुमार महतो, कुलदीप महतो, तुलेश्वर महतो, दीपक महतो, प्रभु दयाल महतो ,अनिल महतो, भवानी महतो, गिरी शंकर महतो ,श्याम सुंदर महतो ,मदन महतो ,खिरोधर महतो, सहदेव महतो, संजय महतो, भीम महतो, नेमी महतो ,राजू महतो, पवन कुमार महतो, दीपक महतो आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### बरकट्ठा का लाल राजेश जेपीएससी पास कर बना अधिकारी



**बरकट्ठा।** सत्य कहा गया है कि हौसला बुलंद हो तो मंजिल दूर नहीं। ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है बरकट्ठा के राजेश रजक ने ।झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा ( जेपीएससी ) में सफलता हासिल कर बरकट्ठा का नाम रौशन किया है। प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र केंदुआ के लालोडीह निवासी राजेश रजक, पिता राजू रजक का 2017 में पिता का साया सर से उठ गया। मां जानकी देवी तुर्कबाद के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रसोईया का काम करती है। लोगों के मुताबिक राजेश ने तुर्कबाद के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा प्रारंभ किया। वहीं प्रोजेक्ट हाई स्कूल गैड़ा से मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद हजारीबाग में रहकर ट्यूशन पढ़ा कर ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी की। मां जानकी देवी भावुक होते हुए कही की मेरा बेटा बचपन से मेहनती और संघर्षशील था ।आखिरकार उनकी मेहनत और संघर्ष ने रंग लाई। मेरे बेटे की सफलता मेरे लिए नहीं बल्कि गांव समाज और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

### इनरव्हील क्लब ने रेनकोट का किया वितरण




**रामगढ़ :** इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने समाचारपत्र वितरकों और रिक्शा चालकों को वर्षा ऋतु में राहत पहुंचाने और उनके दैनिक कामकाज में व्यवधान को कम करने के लिए शनिवार को उनके बीच रेनकोट वितरित किया ।यह पहल उन लोगों के लिए एक राहत बनकर आई है जो हर सुबह बारिश में भीगते हुए घर-घर समाचार पत्र पहुंचाते हैं और शहर की सड़कों पर दिनभर सवारी ढोते हैं। यह लोग न सिर्फ हमारी सुविधाओं का ध्यान रखते हैं बल्कि हर मौसम में लगातार सेवा करते हैं उन्हें वर्षा से सुरक्षा प्रदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। रेनकोट प्राप्त करने वाले रिक्शा चालकों और समाचार पत्र वितरण करने वालो ने क्लब सदस्यों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर नमिता श्रॉफ, जनेशा वडेरा,मेघा बगड़िया, नीरू साहनी आदि मौजूद थे।

### भुगतान में विलंब को लेकर रामगढ़ जिला संवेदक संघ की एक आवश्यक बैठक

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला संवेदक संघ की एक आवश्यक बैठक जिला परिषद मार्केट कांप्लेक्स परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी और संचालन सचिव दयासागर प्रसाद ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से डीएमएफटी कार्यों में कार्य विभागों की ओर से भुगतान में विलंब करने पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने संवेदकों को बताया कि एक दिन पूर्व हमलोगों ने समस्याओं की जानकारी रामगढ़ विधायक ममता देवी और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर को दी थी। इस पर त्वरित कार्रवाई के तहत विधायक उपायुक्त और उप विकास आयुक्त से मिलकर समस्याओं का जानकारी दिया। इस पर उपायुक्त की ओर से भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का आश्वासन मिला है। साथ ही उपायुक्त ने संवेदकों को गुणवत्ता पर ध्यान देने, स्थल परिवर्तन संबंधित सूचना तत्काल संबंधित कार्यालय को देने के निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया है। पंकज तिवारी ने उपायुक्त के आदेशानुसार ही कार्य करने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त ने यह भी कहा कि साइड पर असामाजिक तत्वों की ओर से परेशानी होने पर लिखित शिकायत का निर्देश दिया।

## उप विकास आयुक्त रामगढ़ ने किया मनरेगा पार्क का निरिक्षण



**रामगढ़।** शनिवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के कुज्जू पूर्वी पंचायत मे मनरेगा के तहत निर्मित मनरेगा पार्क का निरीक्षण उप विकास आयुक्त रामगढ़ आशीष अग्रवाल द्वारा किया गया। मनरेगा पार्क मे आम बागवानी योजना, कूप की योजना, टीसीबी की योजना, डोभा की योजना, तालाब की योजना, शेड की योजना आदि का निरिक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित ग्राम रोजगार सेवक, मेट तथा बागवानी योजना के लाभुकों से बागवानी योजना से हो रहे लाभ के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई एवं निदेशित किया गया की अधिक से अधिक इंटरक्रोपिंग फसलों को लगाकर अधिक से अधिक लाभ अर्जित किया जाय। मनरेगा पार्क की हमेशा साफ सफाई होते रहे एवं जो निर्धारित मानव दिवस का सृजन होना है वो लगातार चलता रहे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान परियोजना पदाधिकारी फनीन्द्र गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक , एवं पंचायत के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय के 40 फार्मेसी छात्र मेड प्लस प्राइवेट लिमिटेड में नियुक्त, पोस्टिंग बेंगलुरु में



**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रयास से बी.फार्मा और डी.फार्मा पाठ्यक्रम के 40 विद्यार्थियों का चयन मेड प्लस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ है। इन छात्रों की नियुक्ति बेंगलुरु शहर में की गई है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य, अजय कुमार , ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के डॉ. प्रशांत कुमार, मो. रिज़वान नूरी, कुंदन कुमार, साई प्रकाश, डॉ. दिलकेश्वर, मनोज करमाली, डॉ. सौरभ सिंह, निशा रानी और वैष्णवी ,प्लेसमेंट सेल के संयोजक और सदस्यों ने सभी को बधाई दी और ऐसे प्रयासों को आगे भी जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया ताकि अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हों।

## उपायुक्त ने डीसीसी व डीएलआरसी के साथ की बैठक

# पदाधिकारी लाभुकों तक पहुंचाएं सरकारी योजनाओं का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

- उपायुक्त ने प्रायरिटी सेक्टर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम अग्रणी जिला प्रबन्धक दिलीप महली द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत बैंकवार किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी बैंक प्रबंधकों/ प्रतिनिधियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। केसीसी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि क्षेत्र में केसीसी का लाभ बढ़ाने एवं गाय, बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने पीएमएफएमई के तहत माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज के तहत लाभुकों को चिन्हित कर लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक के द्वारा सभी को जानकारी दी गई की 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत विभिन्न बीमा योजना के तहत शिविर आयोजित किया जा रहा है जिस पर उप विकास आयुक्त ने शिविर का सफल आयोजन करने एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को बीमा योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग राजीव जायसवाल, अग्रणी जिला प्रबंधक, परियोजना उपनिदेशक आत्मा, एलडीओ आरबीआई, डीपीएम जेएसएलपीएस, डीडीएम नाबार्ड, जिला समन्वयक जिला उद्योग केंद्र, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, जिला समंवयकों व प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा का लिया जायजा अधिकारियों को दिए निर्देश

## गया व धनबाद रोड के दोनों किनारे नाली का हो निर्माण : विधायक



**बरही ।** बरकट्ठा जाने के क्रम में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह बरही चौक पर रुककर सड़क सुरक्षा का जायजा लिया. इस दौरान स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, बीडीओ जयपाल महतो, जिप उपाध्यक्ष किसून यादव, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा सहित कई प्रबुद्धजन मौजूद थे. विधायक श्री यादव ने बरही के गया रोड की बदतर स्थिति की जानकारी देते हुए गया व धनबाद रोड के दोनों किनारे नाली निर्माण का सुझाव दिया. उपायुक्त ने बताया कि सड़क निर्माण होना है जिसमे नाली निर्माण के भी प्रस्ताव शामिल किए जायेंगे. मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, विहिप जिला कोषाध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड सह मंत्री कैलाश ठाकुर, डीलो पासवान आदि कई लोग मौजूद थे.

## रसोईया के बेटा ने जेपीएससी में पाई सफलता

बरकट्ठा। इरादा बुलंद हो और कुछ बेहतर कर गुजरने का संकल्प हो तो मंजिल दूर नहीं होता है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है एक रसोईया के बेटे राजेश रजक ने। उसने जेपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर बरकट्ठा का नाम रौशन किया है। प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र केंदुआ के लालोडीह निवासी राजेश रजक के सिर से पिता का साया 2017 में उठ गया। मां जानकी देवी तुर्कबाद के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रसोईया का काम करती है। लोगों के मुताबिक राजेश ने तुर्कबाद के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा ली। वहीं प्रोजेक्ट हाई स्कूल गैड़ा से मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद हजारीबाग में रहकर ट्यूशन पढ़ाकर ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की। मां जानकी देवी भावुक होते हुए कहा कि मेरा बेटा बचपन से मेहनती और संघर्षशील रहा है। उस की मेहनत और संघर्ष ने उसे सफल किया है।

## बिना जांच पड़ताल मुआवजा देने को लेकर उपायुक्त से शिकायत

**हजारीबाग।** भू-अर्जन कार्यालय पर बिना जांच पड़ताल किए मुआवजा देने को लेकर रैयत ध्रुव नारायण ओझा ने उपायुक्त से शिकायत कर आवेदन सौंपा है। सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि केरेडारी प्रखंड के तरहेसा गांव के ध्रुव नारायण ओझा को एनटीपीसी के द्वारा मकान का मुआवजा दो लाख 54 हजार 504 रुपया का भुगतान किया गया । भुगतान होने के बाद उनके बड़े भाई अवध किशोर ओझा ने भू-अर्जन कार्यालय में अपनी दावेदारी पेश करते हुए मुआवजा राशि की मांग कर दी । जबकि उक्त मकान ध्रुव नारायण ओझा के हिस्से में था । जिसकी पंचायत उनके पिता जयवीर ओझा और ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई थी ।इसी आधार पर एनटीपीसी ने उन्हें मुआवजा राशि का भुगतान किया । आवेदन में उन्होंने कहा है कि भू-अर्जन कार्यालय मेरे बड़े भाई के साथ सांठ गाढ़ कर दुसरे मुआवजा राशि में मुझे दरकिनार कर सारा पैसा उन्हीं को दे दिया गया ।इस मामले को लेकर गांव स्तर पर पंचायत की गई जिसमें बड़े भाई अवध किशोर ओझा ने आधा पैसा लौटाने की बात कही लेकिन आज तक वह नहीं लौटाए।

## विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग में साहित्य दिवस पर किया गया पौधरोपण




**रामगढ।** राधागोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा आज साहित्य दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के छात्र-छात्राओं ने साहित्य की विविध विधाओं को आत्मसात करते हुए रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से साहित्य के प्रति अपनी रुचि और समझ का प्रदर्शन किया। विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया गया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने विभाग के सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सचिव प्रियंका कुमारी ने विभाग की इस रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों की बौद्धिक उन्नति की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया। कार्यक्रम का नेतृत्व अंग्रेज़ी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कार्लोस टोप्पो के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक राकेश प्रजापति एवं मोहक गुप्ता की प्रमुख भूमिका रही।

## राजकीय बुनियादी विद्यालय का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

# शिक्षा, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, स्मार्ट क्लास आदि की ली जानकारी, दिए निर्देश

- बच्चों से गणित, भूगोल, अंग्रेजी आदि विभिन्न विषयों से प्रश्न पूछकर शिक्षण की गुणवता का मूल्यांकन किया.

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** शनिवार को डीसी एसपी सिंह की गाड़ी अचानक राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव पहुंची. जहां उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षा, बच्चो की व्यक्तिगत साफ-सफाई, शिक्षक व विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षा, मध्यान्ह भोजन व स्मार्ट क्लास की व्यवस्था व गुणवता, खेल के मैदान की स्थिति, बच्चों के बैग, पुस्तक, पोशाक एवं जूते के वितरण की स्थिति, पोषण वाटिका की स्थिति और विद्यालय की दीवारों की वॉल पेंटिंग आदि का गहनता से निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से भी बातचीत किया. बच्चों से गणित, भूगोल, अंग्रेजी आदि विभिन्न विषयों से प्रश्न पूछकर शिक्षण की गुणवता का मूल्यांकन किया. शिक्षको को बच्चों को कॉपियों की नियमित जांच का निर्देश दिया. मध्यान्ह भोजन के जांच के क्रम में विद्यालय प्रभारी को मिड डे मील की राशन सामग्री को रसोई से अलग सुरक्षित कमरे में रखने, गुणवता में सुधार लाने और सफाई पर ध्यान देने के निर्देश दिए. बच्चों की पोशाक गंदे रहने व नाखून बढ़े होने पर उन्होंने नाराजगी भी जताई. स्मार्ट क्लास में उपलब्ध संसाधनों का भी अवलोकन किया. उन्होंने शिक्षकों से बच्चो के शिक्षा के साथ उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की बात कही. निरीक्षण के क्रम में एसडीओ जोहन टुडू सहित प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय दुबे, मनोज घोष, सरफराज खान, विंदया देवी, गायत्री सिन्हा, सरस्वती कुमारी आदि शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे.

## गोला में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 टीमों ने भाग लिया

**गोला।** गोला के पूरबडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे राउंड के खेल में शुक्रवार को 10 टीमों ने भाग लिया। पहला मैच एच एफसी समलपुर बनाम एस एससी करमा जारा के बीच खेला गया। जिसमें कर्मा जारा की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में अपने प्रतिद्वंद्वी समलपुर की टीम को 1-0 से पराजित कर तीसरे राउंड के खेल में जगह बनाया। दूसरा मैच उदय किसान एफसी कुसुम डीह बनाम टाइगर एफसी हुल्लू के बीच खेला गया।

## किन्नर समाज ने प्रदर्शन कर भुरकुंडा पुलिस को सौंपा आवेदन

**भुरकुंडा।** झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों से जुटे किन्नरों ने शुक्रवार को भुरकुंडा थाना में प्रदर्शन कर संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन पुलिस को सौंपा। इसमें नीतू किन्नर उर्फ विपिन ठाकुर और फलहारी बाबा पर समाज को बदनाम करने का आरोप लगाया है। आवेदन में बताया गया है कि नीतू उर्फ विपिन ठाकुर ने समाज के साथ गद्दारी की है। उसे बुरे व्यववहार और बुरी आदतों के कारण पहले ही समाज से निकाला जा चुका है। इधर वो भुरकुंडा की गद्दी हड़पने के चक्कर में किन्नर समाज को बदनाम कर रहा है। लिंग परिवर्तन का जो आरोप वो लगा रहा है, वो निराधार है।ऐसा करने के पीछे उसकी मंशा विवाद कर गुरुमाता मुन्नी किन्नर की गद्दी हड़पना है, जिसका वे एक स्वर में विरोध करते हैं। गुरुमाता मुन्नी किन्नर ने कहा कि नीतू किन्नर ने पूरे समाज के साथ विश्वासघात किया है। फलहारी बाबा को एकतरफा सुन कर बयानबाजी नहीं करनी चाहिए थी। नीतू का इरादा क्षेत्र पर कब्जा करना है, इसके लिए वो सारे हथकंथे अपना रही है। झारखंड सरकार किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य सुनैना सिंह किन्नर ने कहा कि नीतू किन्नर की ओर से लगाया गया आरोप निराधार है। साजिश गुरुमाता की गद्दी हड़पने की है, जिसका किन्नर समाज घोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर गुरुमाता समेत भुरकुंडा के अन्य किन्नरों को जानमाल का नुकसान हो सकता है। आवेदन में रांची की सांवरिया किन्नर, श्वेता किन्नर, खूंटी की गुड़िया किन्नर, पिंकी किन्नर, अंजलि किन्नर, कोडरमा की बेबी किन्नर, बेरमो की मुन्नी नायक, बोकारों की बबीता नायक, रेणु नायक, मधु किन्नर, प्रमिला नायक और बिहार नवादा की मीना किन्नर के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# बानो बिरसा मुंडा चौक पर 'धरती आबा' नागपुरी एल्बम का भव्य विमोचन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के बिरसा मुंडा चौक पर शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित नागपुरी एल्बम 'धरती आबा' का भव्य विमोचन किया गया। यह एल्बम गीत, संगीत और नृत्य के माध्यम से धरती पुत्र बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी संस्कृति को प्रस्तुत करता है।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य एवं झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य बिरजो कंडुलना, बानो बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी, थाना प्रभारी सोनू कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन कुमार, उकौली मुखिया कृपा हेमरोम, एवं पादरी मुकुट कंडुलना सहित एल्बम से जुड़े कलाकारों की उपस्थिति रही।एल्बम की शूटिंग बानो प्रखंड के बिरसा चौक, चिरूबेड़ा, सोदे घाट समेत विभिन्न प्राकृतिक और सांस्कृतिक स्थलों पर की गई है। एल्बम के निर्देशक और गायक सचिन बड़ाइक हैं। मुख्य पुरुष कलाकार की भूमिका में बिरजो कंडुलना, जबकि महिला कलाकार के रूप में कृपा हेमरोम नजर आ रही हैं। चिरूबेड़ा की स्थानीय नृत्य मंडली ने भी अपने पारंपरिक नृत्य से एल्बम को जीवंत बनाया है। एल्बम के माध्यम से न केवल बिरसा मुंडा की वीरता और बलिदान को दर्शाया गया है, बल्कि आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा, और वनोत्पादों को भी खूबसूरती से पेश किया गया है। इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष विदेशिया बड़ाइक, उपाध्यक्ष मनीर खान, समाजसेवी नीरज कुमार, दीप्ति हेमरोम, दीक्षा हेमरोम, स्नेहलता तोपनो, सिंगरेन जड़िया, मिकरीना तोपनो, सुपित तोपनो, रावेल तोपनो, आलोक कंडुलना, दिलबर हेमरोम, अमृत तोपनो, जेवियर बारला, रोयन तोपनो, फोटोग्राफर अरुण कुमार एवं समीर तोपनो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और दर्शक उपस्थित रहे।

# संत अन्ना की जीवनी से प्रेरणा लें: भूषण बाड़ा

- विधायक ने संत अन्ना की धर्मबहनों को संत अन्ना पर्व की बधाई दी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** संत अन्ना पर्व के मौके पर विधायक भूषण बाड़ा संत अन्ना धर्मबहनों के आवास पहुंच सभी को पर्व की बधाई दी। इस दौरान विधायक केरसई प्रखंड के टैंसेर मिशन व तामड़ा में जाकर संत अन्ना की धर्मबहनों को संत अन्ना पर्व की बधाई दी। विधायक ने कहा कि हम सभी भाग्यशाली है कि हमें संत अन्ना जैसे महान संत का संरक्षण प्राप्त है। विधायक ने कहा कि संत अन्ना लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है। हमें संत अन्ना के जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन येसु के शरीर का एक हिस्सा है। हमे अपने शरीर के अंगों के कार्यों को जाने। जिनको जो काम मिला है वह उसे बखूबी निभाएं। उदारता पूर्वक दान करें। लोगों की सेवा में समय निकालें। प्रभु को हम धन्यवाद दें। हम सभी के जीवन मे ईश्वर की कृपा बराबर है। हम अपने जीवन को ईश्वर की ओर ले जाएं। हम ईश्वर से प्रार्थना करें कि समूची मानव जाति पर आर्शीवाद बनाये रखे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया मुंश खेस, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष बालासीयूस खेस, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, साबिर खान, महिला संघ सभा नेत्री फेलिसिता केरकेट्टा, सिस्टर अजीत टेटे, सिस्टर बसंती टोप्पो,सिस्टर अलमिना बाखला,सिस्टर अनु पूनम टोप्पो,सिस्टर अमृता किस्पोट्टा,सिस्टर सरोज कुजूर,सिस्टर प्रभा सोरेंग तामड़ा में संदीप तिग्गा आदि मौजूद थे।

## जलडेगा में जैविक खेती और वनोपज के बाजारीकरण पर कार्यशाला संपन्न



**जलडेगा।** पंचायत सभागार जलडेगा में प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा मंच द्वारा जैविक खेती एवं वनोंपज बाजारीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर कन्डुलना ने की।मुख्य वक्ता अलकसियुस टोप्पो ने परंपरागत खेती को स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए उपयुक्त बताते हुए जैविक खाद, बीज और कीटनाशकों के उपयोग की विधियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि "रानी गेंदा फूल" को हाथियों का देवता माना जाता है और यह कीट नियंत्रण में भी सहायक है।सुर्यामनी भगत ने कहा कि "महिलाओं के बिना ग्राम सभा अधूरी है" और वनोंपज के बाजारीकरण में महिलाओं की भूमिका को अहम बताया। सुबरदानी लुगुन ने ग्राम स्तर पर बाजारीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। समर्पण सुरीन ने पाँचवीं अनुसूची के तहत ग्राम सभा अधिकारों की चर्चा की और इन्हें सशक्त बनाने का आह्वान किया।कार्यशाला में अमिएल कन्डुलना, ख्रीस्तोफर तोपनो, बेन्जामिन तोपनो, बुधराम तुरी, मरकस तोपनो सहित कई ग्राम सभा प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बानो में सड़क पर गिरा विशाल पेड़, आवागमन बाधित, प्रशासन ने तत्परता से हटवाया



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** शनिवार सुबह बानो प्रखंड क्षेत्र के सोड़ा-बानो मुख्य पथ पर स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय बानो के समीप एक विशालकाय पेड़ सड़क के बीचोंबीच गिर गया, जिससे रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया और आवागमन प्रभावित हुआ।घटना की जानकारी मिलते ही बानो भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को इसकी सूचना दी। तत्परता दिखाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी मौके पर पहुंचे और पेड़ की डालियों को कटवाकर सड़क से हटवाया। इसके बाद सड़क पर यातायात पुनः सामान्य हो गया।पेड़ हटाने की प्रक्रिया में तनवीर आलम ने भी सहयोग किया। ग्रामीणों तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने प्रखंड प्रशासन एवं तनवीर आलम के प्रति आभार व्यक्त किया।

## व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर कुल 29 मामले निष्पादित किए गए। लोक अदालत में कुल 33 मामले रखे गए थे। जिसमें 29 मामलों का निष्पादन करते हुए 67 हजार रुपए पर समझौता किया गया। निष्पादित मामलों में बैंक ऋण,सुलह योग्य आपराधिक मामले और बिजली संबंधी मामले शामिल है। लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए कुल पांच बेंचों का गठन किया गया था। जिसमें विभिन्न न्यायिक पदाधिकारी व अधिवक्ताओं को प्रतिनियुक्त किया गया था। पहले बेंच में एडीजे नरंजन सिंह, डिप्टी एलएडीसीएस ब्रिखभान अग्रवाल, अधिवक्ता कैलाश प्रसाद, दूसरे बेंच में सीजेएम निताशा बारला, अधिवक्ता रामप्रीत प्रसाद, लुदाम बाहा सांगा, तीसरे बेंच में एसडीजेएम सुमी बीना होरो, अधिवक्ता अनूपा खलखो, चौथे बेंच में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा,अधिवक्ता सुरेश प्रसाद और पांचवें बेंच में सदस्य स्थाई लोक अदालत लक्ष्मीकांत प्रसाद,प्रिय रंजन कुमार आदि शामिल थे।

जराकेल-कनारावां मुख्य सड़क की मरम्मत को ग्रामीणों ने किया श्रमदान

# जराकेल से कनारावां मुख्य सड़क की मरम्मत में ग्रामीणों ने किया श्रमदान

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड क्षेत्र के जराकेल से कनारावां को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को श्रमदान कर सड़क की मरम्मत की। लगातार बारिश से सड़क में गड्ढे और कीचड़ भर गए थे, जिससे आवागमन में भारी कठिनाई हो रही थी। स्कूल जाने वाले बच्चों के कपड़े कीचड़ से गंदे हो जाते थे और वाहन भी मुश्किल से रेंगते थे। स्थानीय ग्रामीण रूपेश बड़ाइक ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों और विधायक को शिकायत दी गई, परंतु अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। थक-हारकर ग्रामीणों ने बैठक कर स्वयं सड़क सुधार का निर्णय लिया और श्रमदान करते हुए जेसीबी मशीन से सड़क की मरम्मत शुरू की।इस श्रमदान में सुजित सिंह, मदन कुल्लू, हेमंत सिंह, मंगल सोरेंग, मोहन नायक, जोसेफ कुल्लू, राजू सिंह, शनिचर समद (ग्राम सभा अध्यक्ष) सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल हुए।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की स्थायी मरम्मत कराई जाए ताकि बारिश के दिनों में लोगों को परेशानी न हो।

# लचरागढ़ संत अन्ना विद्यालय में संत अन्ना दिवस व वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ स्थित संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय में संत अन्ना दिवस सह विद्यालय वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष मिस्सा पूजा से हुई, जिसका नेतृत्व फादर राजेश केरकेट्टा ने किया। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि फादर राजेश केरकेट्टा, विशिष्ट अतिथि ब्रदर सुबोध कच्छप (संत वियन्नी उच्च विद्यालय) एवं प्राचार्य देवनिश तिग्गा (आरसी बालक मध्य विद्यालय) उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।छात्राओं ने स्वागत गीत, मंगलाचरण, पारंपरिक वाही लूटी नृत्य, नाटक "जब चिड़िया चुग गई खेत" सहित विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी प्रस्तुति ने दर्शकों की सराहना बटोरी।इस अवसर पर मैट्रिक परीक्षा सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं अनिश कुल्लू, शिरीन कंडुलना, एलिन सुरिन सहित अन्य को सम्मानित किया गया।स्वागत भाषण प्राचार्या सिस्टर सुषमा तिग्गा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापिका रेशमा डुंगडुंग ने किया। संचालन शशि प्रभा तोपनो एवं सत्य सपना खाखा ने किया।कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों, धर्मबहनों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# ताराबोगा में संत अन्ना धर्म समाज की संरक्षिका की स्मृति में पर्व मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत ताराबोगा में संत अन्ना धर्म बहनों द्वारा संत अन्ना धर्म समाज की संरक्षिका की स्मृति में पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:30 बजे मिस्सा पूजा से हुई, जिसका अनुष्ठान फा. अभय तिग्गा, फा. गैब्रियल डुंगडुंग, फा. यूजीन टोप्पो व फा. पैट्रिक बारला ने किया।सिस्टर सुपरियर सी. पुष्पिका केरकेट्टा ने बताया कि संत अन्ना धर्म समाज की स्थापना 26 जुलाई 1897 को सिस्टर मेरी बेनदित द्वारा की गई थी। वर्तमान में इस समाज की 1897 धर्म बहनें शिक्षा, स्वास्थ्य व सेवा कार्यों में कार्यरत हैं।मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने सभी धर्म बहनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संत अन्ना और जोअकिम जैसे माता-पिता से समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए।सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं।इस मौके पर नोवस केरकेट्टा, राजेश टोप्पो, शिक्षकगण, प्रबंधन समिति सदस्य, महिला संघ, कैथोलिक सभा व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर में दबकर युवक की मौत

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के बैधमा रूगड़ी टोली में शनिवार को ट्रेक्टर से दबकर युवक की मौत हो गई । मृतक की पहचान नवीन कोनगाड़ी 22 वर्ष पिता स्व जेबियर कोनगाड़ी निवासी बैधमा रूगड़ी टोली थाना कुरडेग के रूप में हुई ।मृतक ट्रेक्टर में चालक के बगल मडगार्ड में बैठकर हल जोताई देख रहा था ।इसी क्रम में चालक ट्रेक्टर पर नियंत्रण खो दिया जिससे ट्रेक्टर पलट गई। वहीं ट्रेक्टर के मडगार्ड में बैठा युवक गिरकर ट्रेक्टर से दब गया परिजन तत्काल घायल युवक को ईलाज के लिए कुरडेग सी एच सी लाये जहाँ चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया ।

# डीसी ने किया दनगद्दी पर्यटन स्थल का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता





**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दनगद्दी का निरीक्षण शुक्रवार को उपायुक्त कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, पुलिस अधीक्षक शम्स तबरेज समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। दनगद्दी की प्राकृतिक सुंदरता, शंख नदी, जलप्रपात और पहाड़ियों ने अधिकारियों को प्रभावित किया।इस दौरान दनगद्दी पर्यटन समिति ने सेफ्टी जैकेट, मोबाइल टावर और पर्यटकों के ठहराव हेतु भवन निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों ने कुंदूरमुंडा-टकबहाल 16 किमी अधूरी सड़क को पूर्ण कराने हेतु ज्ञापन सौंपा।उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर टी-स्टॉल सह कैटेरिया शुरू किया जाए, ट्रैकिंग रूट विकसित हो और कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना लगे। शराब की बोतलें फेंकने पर भी सख्ती बरतने को कहा। मोबाइल टावर शीघ्र लगाने का आश्वासन दिया गया।भ्रमण के दौरान औषधीय पौधों जैसे चिरैता, अर्जुन छाल, सफेद मूसली आदि की जानकारी ली गई।मौके पर बीडीओ, सीओ, वन पदाधिकारी, थाना प्रभारी समेत

# उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन, बोलबा क्षेत्र की समस्याओं से कराया गया अवगत

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** प्रखंड भ्रमण के दौरान सिमडेगा उपायुक्त व जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने बोलबा प्रखंड के पर्यटक स्थल दनगद्दी का निरीक्षण किया। इस अवसर पर समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक व मालसाड़ा मुखिया विनोद बड़ाईक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उपायुक्त से शिष्टाचार मुलाकात की और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा बोलबा-अलिंगुड़-टकबहाल तक की 16.5 किमी अधूरी पड़ी सड़क का शीघ्र निर्माण है, जो कई वर्षों से जर्जर अवस्था में है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं वन विभाग के डीएफओ सहित अन्य अधिकारियों ने समाधान का सकारात्मक आश्वासन दिया।

साथ ही, दनगद्दी पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण, सफाई, इंट्री फी, गंदगी करने पर दंड सहित अन्य प्रबंधन बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। मौके पर बीडीओ सुषमा आनंद, सीओ सुधांशु पाठक, थाना प्रभारी मुर्मू, डा. देवतोष भुटिया, हीरालाल प्रधान, किशोर कुमार सिंह, रमेश दास सहित कई अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**साइबर धोखाधड़ी** — व्यवहार न्यायालय परिसर में साइबर धोखाधड़ी, साइबर अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशाला का आयोजन

# महिलाओं के साथ हरासमेंट को रोकने के लिए पॉश अधिनियम लाया गया : राजीव कुमार

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में साइबर धोखाधड़ी,साइबर जागरूकता, डायन प्रथा अधिनियम,पॉश अधिनियम और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में इन विषयों पर जागरूकता बढ़ाने और लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। बताया गया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों को विभिन्न सामाजिक और कानूनी मुद्दों के बारे में जागरूक करना था ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और उनका प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें। इसके साथ ही,लोगों को सुरक्षित और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार के लिए प्रोत्साहित करना भी था। कार्यशाला का उदघाटन प्रधान जिला जज सह प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा,एडीजे नरंजन सिंह, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न प्रकारों,जैसे कि ऑनलाइन धोखाधड़ी,फ़िशिंग, और पहचान की चोरी के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को इन खतरों से बचने के लिए सावधानियां बरतने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाए गए। साइबर अपराधों से बचने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। लोगों को सोशल मीडिया,ईमेल और ऑनलाइन लेनदेन में सावधानी बरतने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न पैनल अधिवक्ता और पीएलवी मौजूद थे।कार्यशाला में प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा ने कार्य स्थल में काम करने वाली महिलाओं के साथ हरासमेंट को रोकने के लिए पॉश अधिनियम लाया गया। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिला कर्मियों से किए जाने वाले विभिन्न व्यवहारों को सेक्सुअल हरासमेंट की श्रेणी में रखा गया है। किसी महिला के आत्मसम्मान में कहीं ठेस पहुंचता है तो ये पॉश एक्ट के दायरे में आता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी महिला के द्वारा की गई शिकायत झूठ साबित होती है तो संबंधित महिला के खिलाफ भी कारवाई का प्रावधान है।

## साइबर अपराध गिरोह एक बड़ा उद्योग

एडीजे नरंजन सिंह ने कहा कि साइबर अपराध गिरोह एक बड़ा उद्योग का रूप ले लिया है। कहा कि आईटी एक्ट के तहत अधिकतम तीन साल तक की सजा है। किसका अपराधी लाभ भी उठा लेते है। कहा कि 1930 पर साइबर ठगी के शिकार लोग शिकायत कर सकते हैं। डिजिटल अरेस्ट के बारे जानकारी विस्तार से देते हुए कहा कि लोगों को ठगी करते हैं। ठग डाटा चुरा लेते हैं। डाटा के जरिए लोगों को ठगने का काम किया जाता है। साइबर पुलिस की ओर से पंकज प्रमाणिक ने साइबर फ्रॉड और उससे बचने के उपाय के बारे विस्तार से बताया।बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रामप्रीत प्रसाद ने डायन प्रथा अधिनियम के बारे बताया।

## कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर पाकरबहार में कार्यक्रम आयोजित




**बोलबा।** एस.एस. +2 हाई स्कूल पाकरबहार बोलबा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ प्रभारी प्राचार्य इन्दु तिग्गा एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।इस अवसर पर संगोष्ठी में प्रभारी प्राचार्य इन्दु तिग्गा व शिक्षक उपेन्द्र सिंह ने देशभक्ति, शौर्य और बलिदान पर प्रेरणादायक वक्तव्य दिए। उन्होंने कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं से राष्ट्रसेवा की अपील की।कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें बिंदिया कुमारी प्रथम, सानिला डुंगडुंग द्वितीय और रविन्द्र तिर्की तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## दूसरे दिन भी देखा गया खिलाड़ियों का जोश चरम पर

# बालिका व बालक वर्ग पहुंचे सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य स्तरीय प्रथम लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों का जोश और उत्साह कम नहीं हो रहा था। आज नन्हे मुन्ने फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच प्री क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल खेला गया जिसमें बालिका वर्ग में पलामू ने रांची को 2-0 से पराजित किया, वेस्ट सिंहभूम ने साहिबगंज को 3-0 से पराजित किया, सिमडेगा ने कोडरमा को 7-0 से पराजित किया, लोहरदगा ने खूंटी को 3-2 से पराजित किया , गुमला ने पाकुड़ को 1-0 से पराजित किया, पूर्वी सिंहभूम ने रामगढ़ को 2-1 से पराजित किया वहीं गिरिडीह ने लातेहार में गिरिडीह को 2-1 एक से पराजित किया, सरायकेला ने धनबाद को 2-0 से पराजित किया। इस प्रकार क्वार्टर फाइनल में पलामू ने गढ़वा को 5-0 से पराजित किया पश्चिमी सिंहभूम ने पूर्वी सिंहभूम के 3-0 से पराजित किया, लातेहार ने सिमडेगा को 2-0 से पराजित किया और सरायकेला ने लोहरदगा को 1-0से पराजित किया। इस प्रकार दिनभर चले प्री क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल में नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर देकर सेमीफाइनल में निम्न जिलों के खिलाड़ी प्रवेश किए है उसमें बालिका वर्ग में पलामू, पश्चिम सिंहभूम ,लातेहार और सरायकेला वहीं बालक वर्ग में गिरिडीह, गुमला ,दुमका और साहिबगंज है। प्रथम लिटिल चैंप्स प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने बताया कि जिस प्रकार से 24 जिलों से आए खिलाड़ी खेल का प्रदर्शन कर रहे है वह काबिले तारीफ है।

## कक्षा अष्टम की अभिभावक गोष्ठी का हुआ समापन

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा अष्टम के भैया -बहनों के लिए एक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस गोष्ठी का उद्देश्य भैया- बहनों के शैक्षणिक प्रगति,अनुशासन ,अष्टम बोर्ड परीक्षा तथा संपूर्ण विकास पर विचार विमर्श करना था। मंच संचालन जयवंती मिश्रा ने किया। अतिथियों का परिचय प्रमेंद्र आचार्य जी के द्वारा हुआ। गोष्ठी का विषय प्रवेश आचार्य राजीव सिंह के द्वारा हुआ। उन्होंने बताया कि विद्यालय गतिविधि, पाठ्यक्रम,आगामी योजनाओं से भैया /बहनों और अभिभावकों को अवगत कराया। प्रधानाचार्य के समक्ष अभिभावकों ने खुलकर अपने विचार रखें समस्या समाधान पर बातें हुई विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सहारा ना की अभिभावकों ने सुझाव भी दिए जिसमें विद्यालय और अधिक प्रभावित तरीके से विद्यार्थियों के विकास के लिए योगदान दे सके।यह गोष्टी अभिभावकों और विद्यालय के बीच सहयोग और विश्वास को सुदृढ़ करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अवैध हथियार की खरीद फरोख्त करने वाले अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे




**रांची।** नगड़ी थानान्तर्गत प्रेम नगर चौक बसीला के आस-पास में अवैध हथियार की खरीद-बिक्री करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। डीआईजी सह एसएसपी ने प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रेम नगर चौक के पास पहुँच कर छापामारी दल के द्वारा घेराबंदी किया गया। छापामारी दल को देख कर अपराधकर्मी भागने लगे जिसे उपस्थित शस्त्र बल के मदद से दौड़ा कर पकड़ लिया गया। पकड़ाये गये अपराधकर्मी से पुछ-ताछ करने पर उसने अपना नाम मो कैफ उर्फ सोनू बताया। छापामारी दल के द्वारा पकड़े गये अपराधकर्मी का बदन की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा जप्त किया तथा अवैध हथियार रखने के आरोप में मो कैफ उर्फ सोनू को गिरफ्तारी किया गया है।गिरफ्तार आरोपी का पहले भी अपराधिक इतिहास रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### तामिलनाडू पहुंची टीम हुआ शानदार स्वागत



**रांची।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्म डॉ. दिलीप कुमार तिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष सेकर जे मनोहरन, और एथलीट प्रतिनिधि डॉ. आर.पी. हॉकी इंडिया कांग्रेस 27 जुलाई 2025 को जो महाबलीपुरम में निर्धारित है' उसके लिए चेन्नई एयरपोर्ट पहुंचने पर हॉकी इउनीट तामिलनाडु के पदाधिकारियों द्वारा शानदार स्वागत किया गया।

### 28 जुलाई को होगा एनसीसी कैडेट्स के लिए साक्षात्कार

## युवाओं में उत्तम चरित्र व अनुशासन का विकास करता है एनसीसी : प्राचार्य



**बरही।** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में सेमेस्टर -1 के विद्यार्थियों के लिए एनसीसी कैडेट्स के लिए चयन 28 जुलाई को होगा. चयन प्रक्रिया एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ अजय कुमार रंजन की देखरेख में पूर्वाहन 10 बजे से महाविद्यालय परिसर में प्रारंभ होगा. उक्त जानकारी प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने दी. यह चयन 45 झारखंड एनसीसी कोडरमा के लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार सेना मेडल के निर्देशानुसार आयोजित किए जाएंगे. प्राचार्य डॉ किशोर ने बताया कि एक बेहतर और आदर्श नागरिक बनाना ही एनसीसी का मुख्य उद्देश्य है. जो युवाओं में उत्तम चरित्र, अनुशासन, साहस, नेतृत्व और निस्वार्थ सेवा के गुणों का विकास करता है. एनसीसी युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने व नेतृत्व प्रदान करने के लिए भी प्रशिक्षित करता है. एनसीसी ऑफिसर डॉ रंजन ने कहा कि एनसीसी में नामांकन के लिए विद्यार्थियों के शारीरिक जांच व साक्षात्कार लिए जायेंगे. साक्षात्कार के समय विद्यार्थियों के पास मैट्रिक व इंटर के मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र, महाविद्यालय में नामांकन की रसीद के मूल व जेरॉक्स प्रति, दो रंगीन फोटो, आधार कार्ड होना अनिवार्य होगा. एनसीसी या खेलकूद अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम से संबंधित किसी भी सर्टिफिकेट होने पर विद्यार्थी को विशेष छूट दी जाएगी. नामांकन के बाद विद्यार्थियों का जीरो अकाउंट से स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में खाता चालू करवाए जायेंगे. यदि किसी के पास हो तो उसे अनिवार्य रूप से जमा करें. उन्होंने बताया कि यह महाविद्यालय इस क्षेत्र का एकमात्र महाविद्यालय है जहां एनसीसी के सर्टिफिकेट B एवं C की सुविधा उपलब्ध है. इस वर्ष महाविद्यालय में बटालियन के तरफ से नामांकन के लिए कुल 34 सीटों का निर्धारण किया गया है.

### डाककर्मियों के सम्मान समारोह का आयोजन टाउन हॉल में 28 जुलाई को




**रामगढ़।** डीसीडीपी महामेला (09/07/2025) की रिव्यू मीटिंग सह उत्कृष्ट कार्य के लिए डाककर्मियों एवं ग्रामीण डाक कर्मचारियों के सम्मान समारोह का आयोजन हजारीबाग प्रमंडल द्वारा दिनांक 28 जुलाई 2025 को. रामगढ़ के टाऊन हॉल (छतर मांडू )में आयोजित होगा । समारोह के मुख्य अतिथि आर वी चौधरी डाक निदेशक झारखंड सर्किल रांची, विशिष्ट अतिथि अमित कुमार डीडीएम पीएलआई झारखंड सर्किल रांची, आशुतोष सिन्हा डाक अधीक्षक हजारीबाग उपस्थित होंगे। समारोह में रामगढ़ सब डिवीजन/ रामगढ़ पूर्वी सब डिवीजन में कार्यरत सभी एसपीएम/ पीए एवं ग्रामीण डाक कर्मचारियों से उक्त दिवस को सुबह 8:00 बजे शामिल होने की अपील की गई है ।

## जिला उपभोक्ता फोरम ने पॉलिसी बाजार के बीमा कंपनी पर लगाया 44000 का जुर्माना

**गुमला।** भारत के लोकप्रिय और नामचीन बीमा कंपनी पॉलिसी बाजार के गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में त्रुटि पाए जाने के कारण गुमला जिला उपभोक्ता फोरम ने 44000 रूपए का आर्थिक दंड लगाया। मिली जानकारी के अनुसार गुमला के अधिवक्ता तापस कुमार लाल ने एक 7 सीटर कार खरीदी और पॉलिसी बाजार के वेबसाइट के माध्यम से गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी को सात सीटर कार के बीमा राशि का भुगतान 13561 रुपया ऑनलाइन कर दिया। लेकिन गो डिजिट इंश्योरेंस कंपनी ने 7 सीटर के स्थान पर 5 सीटर कार का इंश्योरेंस सर्टिफिकेट निर्गत कर दिया। बीमा कंपनी के इस कारनामे से उपभोक्ता तापस कुमार लाल आश्चर्य में पड़ गए। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत पॉलिसी बाजार के वेबसाइट के माध्यम से गो डिजिट बीमा कंपनी को की। तो बीमा कंपनी कहा कि इसे सुधार करने के लिए अतिरिक्त 4031 रूपए का भुगतान करने पर ही 7 सीटर का बीमा सर्टिफिकेटदिया जायेगा। बीमा कंपनी के इस आचरण से उपभोक्ता अधिवक्ता तापस कुमार लाल काफी तनाव में आ गए। लेकिन मजबूरी बस उन्होंने अतिरिक्त राशि 4031 रूपए का भुगतान ऑनलाइन कर दियां। तब बीमा कंपनी के द्वारा 7 सीटर कर का बीमा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । इसके बाद पॉलिसीबाजार उपभोक्ता कंपनी के इस व्यवहार से नाराज अधिवक्ता ने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष शिकायत की। । जिसकी सुनवाई के बाद जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, सदस्य सैयद अली हसन फातमी और श्रीमती सरला गंझू ने पॉलिसी बाजार के बीमा कंपनी गो डीजीट को सेवा में त्रुटि के लिए उत्तरदायी पाते हुए 44000 हजार रुपए शिकायतकर्ता को 30 दिनों के अंदर भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

## उपायुक्त ने मूंगफली की खेती, धान की रोपाई, डीप बोरिंग का किया निरीक्षण

# कृषि विभाग को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** उपायुक्त राम निवास यादव ने गिरिडीह जिले के जीतपुर पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर ग्राम में मूंगफली की खेती का निरीक्षण किया। साथ ही बीज की उपलब्धता और गुणवत्ता की जानकारी ली। किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं कृषि विभाग को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा धनरोपनी कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान धान की रोपाई के लिए आवश्यक बीज और अन्य सामग्री किसानों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने खेतों में पहुंचकर किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उपायुक्त ने धान रोपनी एवं बीज वितरण की स्थिति की जानकारी ली तथा पर्याप्त मात्रा में बीज की उपलब्धता और उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। उन्होंने बीज विक्रेताओं पर सतत निगरानी रखते हुए बीज की कालाबाजारी या अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा पानी टंकी की स्थिति और डीप बोरिंग को सुचारू रूप संचालित करने के निर्देश दिए। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, कृषि मैनेजर, कृषि विज्ञान केंद्र, उपनिदेशक आत्मा समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अहिल्यापुर पुलिस ने वारंटी के घर चिपकाया इश्तिहार



**गांडेय,गिरिडीह।** अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव में शनिवार को पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त सगीर अंसारी पिता करमुल मियां के घर कोर्ट के आदेश पर इश्तिहार चिपकाया गया। बता दें कि अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुस्सानी अपने दल बल के साथ ढोल और बैंड बाजा बजाते हुए गोराडीह गांव पहुंची और अभियुक्त के घर इश्तिहार चिपकाया। बता दें कि गोराडीह गांव निवासी सगीर अंसारी के खिलाफ अहिल्यापुर थाना में कांड संख्या 18/25 दिनांक 27/06/25 के तहत पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी के मामला दर्ज किया गया था । कोर्ट के द्वारा अभियुक्त के खिलाफ वारंट भी निकल चुका था , इसके बावजूद भी आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर इश्तिहार चिपकाया।

## पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर न्याय की लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** कमजोर और बेबस महिलाएं हमेशा शोषण का शिकार होती रही है और जुर्म की दास्तान इतनी भयावह की रोंगटे खड़ी कर दे। इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के ग्राम झुरझुरी से एक महिला का बलात्कार होने का मामला प्रकाश में आया है। जहां पीड़िता ने बरकट्ठा थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। अपने आवेदन में पीड़िता कविता देवी (काल्पनिक नाम ) ने कहा है कि मेरे साथ जबरन बलात्कार कर विडियो बना उसको वायरल करने का धमकी दी गई। मुझे अगवा कर झुमरी तिलैया वहां से बरही, फिर दिल्ली व मुम्बई ले जाकर बार-बार बलात्कार किया गया। अन्य मर्दो को भी मुझे बेंचा गया। पीड़िता ने गांव के ही विजय पासवान पिता सकलदेव पासवान पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह मेरे पति का दोस्त था। मेरे घर आता-जाता था । जिसके बाद मेरे मोबाइल पर बात होती थी ।इसी क्रम में अकेला पाकर मेरे साथ बलात्कार किया। दिसम्बर माह 25 तारीख को इसकी जानकारी मेरे पति को हो गयी। तब एक पंचायत कर दण्ड स्वरुप 60,000 रु जमा कराया गया तथा आगाह किया गया कि मुझसे दूर रहेगा।

## बार एसोसिएशन में सुरक्षा की प्रतीक राखियां बांधी गई




**रांची।** बार एसोसिएशन सभागार में आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरी बगान हरमू रोड की केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन द्वारा वकीलों, एसोसिएशन पदाधिकारियों, सचिव श्री संजय विद्रोही जी, संयुक्त सचिव अभिषेक भारती, एसोसिएशन के सदस्य अनूप झा, अवध किशोर सिंह एवं अन्य अधिवक्तागण को राखी बाँधकर पवित्रता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संदेश में कहा मनुष्य सर्व समर्थ नहीं है जब धरती पर बुराइयों का साम्राज्य हो जाता है तब करुणासिन्धु परमात्मा मनुष्य को मायावी बंधनों से मुक्त करके ईश्वरीय मर्यादा के रक्षासूत्र में बाँधते हैं। इस रक्षासूत्र को बाँधने से सब रोग नष्ट होकर अशुभ का नाश हो जाता है। राखी के रेशमी धाग रूपी दवा रूपी की चोज न होकर मानव में पवित्रता की धारणा कराने वाले अमूल्य उपहार है। राखी की पुण्य प्रदायक भावना विश्व को स्वर्ग बना सकती है। विकारों से रक्षा करने हेतु राखी बंधन की परम्परा वर्तमान संगम समय ही शुरू की गई थी। आध्यात्मिक भावनाओं के अनुभवों से अभिभूत बार एसोसिएशन के सचिव श्री संजय विद्रोही जी ने कहा प्रेम और सद्भावना की भावना से विश्व की बडी से बडी समस्या को समूल नष्ट किया जा सकता है। नैतिक मूल्यों के सकट के समय ज्योति बिन्दु आध्यात्मिक शक्ति के स्त्रोत परमात्मा मनुष्यों में मनोबल जागृत करके बुराइयों से मुक्त करने के लिए रक्षासूत्र बाँधते हैं। जो नर नारी इस बंधन को स्वीकार करते हैं।

## खेत के बीच स्कूल, कीचड़ और पानी के बीच होकर पढ़ने जाते हैं बच्चे

# बारिश के कारण जनजीवन के साथ-साथ पठन-पाठन भी बुरी तरह से होता है प्रभावित





**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** जिला में एक स्कूल ऐसा भी है जो खेतों के बीच में बना हुआ है. स्कूल के बच्चे खेतों के पगडंडियों, कीचड़ और फिसलन के बीच हर रोज स्कूल आना-जाना करते हैं. स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक भी उस रास्ते से आवाजाही कर विद्यालय पहुंचते हैं. इस क्षेत्र के लिए यह एकमात्र बड़ा स्कूल है जहां 250 बच्चे नामांकित हैं और रोजना सौ फीसद उपस्थिति रहती है. गांव वाले कई बार जनप्रतिनिधियों से लेकर आला अधिकारियों को आवेदन दिया लेकिन स्कूल के लिए अब रास्ता बनाने की पहल नहीं की गयी है. खूंटी सदर प्रखंड के डाड़ीगुटू पंचायत के गाड़ामाड़ा गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेतों के बीच स्थित है. स्कूल तक पहुंचने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं है. बारिश के इस मौसम में बच्चों को खेतों के मेढ़ों से होकर स्कूल जाते हैं. कीचड़ और फिसलन के बीच बच्चे रोज जोखिम उठाकर पढ़ने आते हैं. स्कूल में ढाई सौ बच्चे पढ़ते हैं और शिक्षकों की संख्या केवल तीन है. शिक्षक भी अपनी बाइक दूर छोड़कर पैदल स्कूल पहुंचते हैं. स्कूल में बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं, इसके बावजूद अब तक पहुंच पथ नहीं बन पाया है। ग्रामीणों के अनुसार यह स्कूल क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण है, बच्चों की संख्या इसका प्रमाण है. ग्रामीण स्कूल को लेकर गंभीर हैं, रास्ता नहीं होने से चिंतित भी हैं. उनका कहना है कि अब तक सभी पूर्व सांसद और विधायकों से रास्ते की मांग की गई हर बार सिर्फ आश्वासन मिला. स्कूल के प्रभारी ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि बीडीओ, मुखिया और विभाग को कई बार आवेदन दिया गया है फिर भी रास्ता नहीं बना. बारिश में बच्चों की परेशानी और बढ़ गई है. ग्रामीणों को उम्मीद है कि मीडिया यहां तक पहुंची है तो अब प्रशासन इस ओर जरूर ध्यान देगा. अभय कुमार सील, डीएसई ने कहा कि मुझे जनकारी नहीं है कि स्कूल खेत के बीचोंबीच बना है और बच्चे पगडंडियों से चलकर जाते हैं. जल्द ही स्थल निरीक्षण कर स्कूल के लिए रास्ता बनवा दिया जाए. मुझे जानकारी है कि इस स्कूल में बच्चों की संख्या अधिक है और क्षेत्र के लिए यह काफी महत्वपूर्ण स्कूलों में शामिल है.

## कई युवाओं ने जेपीएससी परीक्षा पास कर दारोगा से बनें डीएसपी

**गिरिडीह।** जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का परिणाम गिरिडीह के लिए काफी सुखद रहा है. इस बार गिरिडीह के कई लोगों ने इसमें सफलता हासिल की है. सफल अभ्यर्थियों में से कोई डीएसपी की रैंक तक गया है तो कोई प्रशासनिक सेवा में. जो युवक सफल हुए हैं उनमें राजेश दास भी है. राजेश मेधावी रहे हैं और लगातार मेहनत करने वाले. मेहनत का ही परिणाम है कि राजेश इस बार डीएसपी बन गए. धनवार प्रखंड के बभनी गांव निवासी राजेश कुमार दास ने सबसे पहले कांस्टेबल बनने में सफलता पाई थी. यह नौकरी राजेश ने छोड़ दी और फिर सब इंस्पेक्टर बने. अबकी बार राजेश डीएसपी बन गए. राजेश के परिवार की बात करें उनके पिता बनवारी दास कोलकाता में प्राइवेट कंपनी के अंदर काम करते थे.

राजेश बताते हैं कि उनका चयन 2017 में कांस्टेबल के लिए हुआ था. चार-पांच दिनों की नौकरी के बाद उन्हें यह काम पसंद नहीं पड़ा नौकरी छोड़कर दिल्ली चले गए.

## विधायक राज सिन्हा के सचेतक बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा को झारखंड विधानसभा में विपक्षी दल भाजपा का सचेतक बनाए जाने पर शनिवार को धनबाद में उत्सव जैसा माहौल देखा गया. जगजीवन नगर स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने खूब जश्न मनाया. आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया. पार्टी नेताओं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के इस फैसले से धनबाद जिले की प्रतिष्ठा बढ़ी है. राज सिन्हा जिले के विकास में लगातार सक्रिय रहे हैं. उनके सचेतक बनने से धनबाद की आवाज विधानसभा में और मजबूती से गूंजेगी.


**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Ramgarh.**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

**ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/EE/RAMGARH/ 10 /2025-26 दिनांक:– 24.07.2025**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Environment Awareness Centre, Ramgarh | 3,61,73,300/- | 11 (Eleven) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01.08.2025 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 14-08-2025 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 18-08-2025 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh. | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8789037009 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9340378587 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

**Nodal Officer**
**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Ramgarh.**

**PR 358267 Building(25-26).D**

# जियो तो ऐसे जियो



आज सभी रामादेवी के जन्मदिन की पार्टी में सम्मिलित हुए थे। मोहल्ले के सभी बुजुर्गों ने अपना एक ग्रुप बनाया था। सभी एक दूसरे का ख्याल रखते थे, तथा मिल जुलकर हँसी-खुशी जीवन व्यतीत करते थे। लेकिन सभी को एक ही तकलीफ और शिकायत थी कि बच्चों को उनकी फ़िक्र नहीं है। जन्मदिन और शादी के सालगिरह पर केक और फूलों का गुलदस्ता भेज देते हैं। लेकिन मां-बाप से दो मिनट फोन पर बात कर उनका हालचाल नहीं पूछते हैं ।उनके मित्र मंडली में एक राधेश्याम थे, जो उनको हमेशा अपने बच्चों को कोसने पर, ऐसा करने से मना करते थे ।कहते,"आप लोगों ने इतना मेहनत करके उन्हें इस योग्य बनाया है कि वे लोग अपनी जिन्दगी खुशी से व्यतीत कर सकें। आज जब वे लोग खुश हैं ,तो आप लोगों को भी खुश होना चाहिए। " सभी उन पर ताना मारते कि उनकी कोई औलाद नहीं है, इसलिए वे इस तरह के उपदेश देते हैं। आज इसी बात पर चर्चा हो रही थी कि राहुल ने अपनी मां रमा देवी के जन्मदिन पर केक और फूलों का गुलदस्ता ऑनलाइन भेज दिया पर अभी तक उसने फोन करके अपनी मां को जन्मदिन की शुभकामना नहीं दी है ।तभी रामादेवी के फोन पर राहुल का फोन आया। सभी खुश होकर चिल्लाने लगे, फोन स्पीकर पर रखना। हमलोग भी सुनना चाहते हैं कि राहुल तुम को कैसे विश करता है। रामादेवी फोन स्पीकर पर रखकर बोली," रात होने को आई तुम्हें अब अपनी मम्मी को विश करने की फुर्सत मिली है। केक और फूलों का गुलदस्ता सुबह-सुबह भेजने से क्या होता है।" " केक और फूलों का गुलदस्ता मैंने तो नहीं भेजा।"..... राहुल बोला। "तो किसने भेजा??"..... सभी जोर से चिल्ला उठे। सब इधर उधर देखने लगे। राधेश्याम जी सर नीचा करके बैठे थे। "राधेश्याम जी ,आपने भेजा था?"..... सबकी निगाहें राधेश्याम जी पर टिक गयी। " हां ,मैंने भेजा था और मैं ही सब के जन्मदिन और शादी के सालगिरह पर भी केक और गुलदस्ता भेजता हूं।"..... राधेश्याम जी बोले," मुझे अच्छा लगता है, जब आप लोग इससे खुश हो जाते हैं।" सभी अभी भी राधेश्याम जी को अविश्वास के साथ उन्हें देख रहे थे।



रंजना वर्मा "उन्मुक्त"



ललन शर्मा




# कर्जा लेने का सुख

बहुत सालों से कहता सुनता आया हूं कि अपने देश में कर्ज़ा बढ़ता जा रहा है। देश का कर्ज़ा आबादी की तरह बढ़ता जा रहा है। देश में लोग कर्ज़ा ले रहे हैं सरकार कर्ज़ा ले रही है, देश कर्ज़ा ले रहे हैं। व्यापारी, किसान, नौजवान, कंपनी कर्ज़ा ले रही है। हर महकमे, हर कार्यालय में,हर तरफ कर्ज़ा पर चर्चा चल रही है। इस बात पर मेरे कमजोर दिमाग को लगा की कर्ज़ा जरूर ही एक ममतामई अमृत है जो अमृत मंथन के समय उत्पन्न कुंभ से छलक कर पूरे पृथ्वी पर फैल गया होगा क्योंकि मुझे हर सुखद घटना पर शोध करने का सुख प्राप्त है तो लगे हाथों इस विषय पर खटाखट शोध कर ही लिया। मेरे हिसाब से क़र्ज़ लेना पृथ्वी वासियों का पारंपरिक और सांस्कृतिक हक है। ऊपर वाले ने इंसान को कर्ज लेने के लिए ही जिंदगी दी है। मेरे शोध के दौरान एक दैविक पुरुष ने बताया था कि क़र्ज़ लेकर घी पीने से तो एक मानसरोवरी सुख की प्राप्ति का योग बनता है। वह इंसान ही क्या जो बगैर क़र्ज़ लिए अपने मेहनत के पैसे से जीवन यापन करें। शोध के दौरान पता लगा की कर्ज़ लेने का वैश्वीकरण बहुत पहले से हो चुका है दुनिया में कर्ज़ देने वाली संस्था बनी हुई यह संस्था अमीर देश का पैसा लेकर गरीब देश को कर्ज देने का सुख प्राप्त करती है और तो और यह गरीब देश कर्जा लेकर अपने से ज्यादा गरीब देश को कर्ज बांटने का सुख प्राप्त करती है।

मेरे ख्याल से जब समाज में व्यापार जैसी व्यवस्था का पदार्पण हुआ होगा तो लोग अपने पैसे से ही व्यापार करते होंगे। व्यापारी में इतनी ईमानदारी होती होगी कि व्यापार लाभ से भारत सोने की चिड़िया कहलाने लगा होगा। बाद में व्यापार एक कला में बदल गई कुछ व्यापारियों में चतुर लिंगम टाइप का वायरस घुस गया होगा और उनके मन में यह आया होगा कि कर्ज लेकर धंधा करने में ज्यादा सुख है। इस सुख का विस्तार भी तेजी से हुआ है। और तो और कर्जा लेकर उसे न चुकाने, दूसरे देश भाग जाने का सुख तो और भी रोमांसकरी हो जाता है।हमारे देश में तो सरकारी और बैंक व्यापारियों को बुला बुलाकर दर्जा देती है और कर्ज को बैंक के बट्टे खाते में डालने का सुख प्राप्त करती है। मेरे शोध के दौरान एक सज्जन से मुलाकात हुई थी। नाम था उधार नारायण, उनकी अपनी जिंदगी उधार मांग कर ही चलती है। उनका मानना है कि उधार लेना एक कला है इससे व्यक्ति शक्तिशाली होता है। उनका क़र्ज़ शब्द से आपत्ति है। उनके आदर्श है पड़ोसी देश। जो कर्जा मांग मांग कर अपना देश चला रहा है और रत्ती भर भी बेज्जती महसूस नहीं करता है। देने वाले के हिम्मत को भी वह सलाम करते हैं।

आजादी के बाद लोग कर्ज लेने के मामले में एकदम आजाद हो गये। सरकार भी कर्ज देने के मामले में उदार हो गई। बड़े लोग बड़े-बड़े कर्ज लेने लगे,छोटे लोग छोटे-छोटे कर्ज। छोटे लोग आदर्शवादी रह गए समय पर कर्ज चुका दिया करते थे। बड़े लोग पार्टीवादी ठहरे, पार्टी में चंदा देखकर कर्ज लेने और न चुकाने का परम सुख प्राप्त करने की अनुभूति करने लगे और तो और कर्जा लेकर विदेश भाग कर वहां स्वर्गमयी जीवन यापन योग का भी योग बनता है।

इस कर्जाकारण की विकास दर को देखते हुए सरकार ने इसका उदारीकरण कर दिया और कर्ज माफी योजना, कर्ज ले लो योजना, कर्ज लेकर घी पीयो योजना आदि को लागू कर दिया। आधुनिक युग में तो सरकारों ने इसका नवीनीकरण कर दिया अब सरकार कहती है कर्ज लेना अच्छी बात नहीं है, इस लोक लाज का भय रहता है। बैंकों के मैनेजर को, सरकार को जवाब भी देना पड़ता है। इसी सम्मान को बचाने के लिए अब सबकुछ फ्री कर दिया गया है। जैसे नगद राशि योजना, महिला सम्मान योजना, लाडली बहना योजना, अम्मा मैया योजना, फ्री बिजली योजना, फ्री राशन योजना, फ्री सरकारी शिक्षा, फ्री भोजनालय योजना। इस योजना से पैसा बांटने वाले और पैसा लेने वाले दोनों की बल्ले बल्ले होती है। ना कर्ज दिखाने का डर, न चुकाने का। कर्ज नहीं चुकाने पर इस परंपरा को तोड़ते हुए सरकारी क़र्ज़ को बट्टे खाते में डाल देती है।

इससे बैंक मैनेजर का और कर्ज लेने वाला का और पार्टी फंड का खाता स्विस बैंक में खुल जाता है। कर्ज लेने को आसान बनाने के लिए लोगों के आधार कार्ड को ही एटीएम कार्ड बना दिया गया है। किसी भी प्रज्ञा केंद्र पर जो अंगूठा लगाओ और कर्ज़ा सम्मान निधि पाओ। कर्ज लेने के इस अक्षर शाश्वत कला को आगे बढ़ाने के लिए हम सबको कर्ज लेने का सुख प्राप्त करना चाहिए ताकि हम सब देश को एक कर्जखोर मूल्क बनाने में योगदान दे सके।

# मौत का सामान

मैं बालेश्वर चाचा से उनके शिकार खेलने और जंगल में भटकने की अनेक कहानियां सुनी थी। कैसे एक बार बाघ से बचते बचाते पेड़ पर लटक कर सारी रात बिताई थी? कैसे एक बार जंगली हाथी उनके गाड़ी को पलट कर उस पर चढ़ बैठा था ? कैसे एक बार घायल हिरनी के पैर से काँटा निकाल उसे नई जिंदगी दी थी ?

हम बच्चे डालेश्वर चाचा को सदा "डालेसर चा" कहते थे। अच्छी तरह से नाम लेने के संबंध में कभी नहीं सोचा। जब भी मिलते एक प्रश्न पूछना कभी नहीं भूलती कि ---"डालेसर चा, ये जो आपकी दाहिने हाथ की दो उंगली बची है यह कैसे बची? बाकी तीन उंगली तो बाघ के पेट में चली गई।" फिर हम बिना जवाब का प्रतीक्षा किए ही दूसरा प्रश्न दाग देते--- "डालेसर चा ,जब आप बाघ से लड़ रहे थे तो बाघ और आपके बीच कितनी दूरी थी?" वो हँसकर बोलते --- "उस समय क्या हम इंच टेप लेकर नापते कि बाघ और हमारे बीच कितनी दूरी है ? भई,हम घबराए थे और गुर्राते हुए बाघ को देख बचने की तरकीब सोच रहे थे।"



गीता सिन्हा गीतांजलि

हमारे गाँव में बेलतर सभी बड़े बुजुर्गों की जमावड़ा लगती थी। सब ठंडी छाँह का आनंद लेते और गाँव के आस पास घटी रोमांचक घटनाओं को सुनते सुनाते। अक्सर डालेसर चा वहीं भेंटाते थे। हम बच्चे ये कहानियाँ सुन रखे थे। फिर भी उनके मुख से, वही अंदाज , वही भय के माहौल का वर्णन सुनना चाहते थे, जिससे हम रोमांचित हो जाएँ। डालेसर चा कहते जाते थे-- "यही अगहन का महीना था ,हर जगह धनकटनी लगी थी। जंगल पेड़- पौधों की सरसराहट से और ठंड से कांपता सा लगता था। हमारे सिर पर शिकार का भूत सवार था। सो हम और मेरा मित्र बालेश्वर हाथों में दोनाली थामें बाघ की टोह लेते हुए ,जंगल के भीतर घुसते जा रहे थे। किसी जानवर की आवाज मिलते ही हम दोनों एक दूसरे को कनखियों से ताकते और किस जानवर की आवाज है यह पहचानने की कोशिश करते। जंगल में जहाँ जहाँ संभावना थी हम वहाँ वहाँ गए। एक खटका होते ही हम चौंक जाते "शायद बाघ हमारे आस पास ही है जो झाड़ियों के कारण दिखाई नहीं दे रहा है। "हमने ग्रामीणों से सुन रखी थी कि जंगल के बाद जो जतिया नदी बहती है उसमें दोपहर के समय बाघिन पानी पीने आती है।" दबे पाँव हम वहाँ भी पहुँचे तो कहीं नामोनिशान नहीं था।

दोपहर के तीन बज रहे थे ।हम सुबह से भटक रहे थे। गाड़ी सड़क पर छोड़ कर जब जंगल में घुसे थे तो सुबह के आठ बज रहे थे। अब भूख प्यास भी लग रही थी। पानी का बोतल गाड़ी में थी। हम सड़क पर लौटने का मन बना लिए। लगा आज का दिन शायद ऐसे ही व्यर्थ जाने के लिए ही आया था। अब हम लौट चलें।

सड़क पर पहुँचकर गाड़ी में घुसे, पानी पीकर थोड़ा सुस्ताने के लिए सीट पर लेटे ही थे। बालेश्वर अभी इसी ओर आ रहा था। बालेश्वर की चीखने की आवाज आई--- "डालेसर बाघ आ गया है......." मैं दरवाजा बंद करना भूल गया था। अब बाघ अपना दोनों पैर चढ़ा चुका था सीट पर। मैं घबराया, उठकर घुटनों के बल बाघ के पंजा पर अपना दोनों पंजा रख पूरी शक्ति से गाड़ी के बाहर धकेला। बाघ अपना मुंह खोल मुझ पर हमला कर दिया। उसने मेरी उंगलियां चबा डाली। रक्त की बूंदे सीट पर गिरीं।मैं चीखा तभी बालेश्वर जो परिस्थिति का भयावहता समझ चुका था। उसने हवाई फायरिंग की। मैं मौत का सामान इतना निकट देख हक्का-बक्का था। बाघ आवाज सुनकर भागने को मुड़ा। बालेसर मेरी कटी उंगलियों को थाम, रुमाल से रक्त की धारा बंद करने का प्रयास करने लगा। मुझे अनुभव हुआ कि मेरी रूकीं सांसें अब चल रही है। हम बच्चे कहानी सुनकर भय का अनुभव कर रहे थे । बेलतर से घर भागने का बहाना ढूंढ रहे थे।

# सैनिक का रक्षाबंधन

रक्षाबंधन पर्व सुहाना, याद बहुत आती है बहना;
मातृभूमि की रक्षा मे हूँ, वापस कैसे आऊँ अँगना!
सरहद पर संकट के बादल, रह-रह कर घिरते रहते हैं,
सुनो, 'पाक' पापी के करतब, विष ही नित उगला करते हैं।
धूर्त चीन का उसे समर्थन, गिद्ध-दृष्टि-द्वय से है बचना,
वापस कैसे आऊँ अँगना!
देश-विभाजन त्रासद निर्णय, अँग्रेजों की कुटिल चाल
थी, गद्दारों ने कपट किये
थे, मानवता इक छद्म
ढाल थी।
हिन्द अखंड न रह पाया
तब, 'जिन्ना' का सच था
अब सपना,
वापस कैसे आऊँ
अँगना!
'ड्रैगन' वार करे धोखे
से, तिब्बत-न्यारा निगल
गया है, तालिबान-आतंकी-लश्कर, विषधर बिल से
निकल गया है।
पर, भारत की जय ही होगी, सीना तान खड़ी है सेना,
वापस कैसे आऊँ अँगना!
थोपे गए समर हैं कितने, कितने खून बहे
सरहद पर, हिन्दी-सैनिक महाकाल-सा, नाज़ हमे
ताकत अनहद पर।
बगुलाभगतों की यारी से, हमे भला क्योंकर है डरना,
वापस कैसे आऊँ अँगना!
मान तिरंगे का ही करना, अगर लिपटकर मै घर आऊँ,
नीर बहाना मत, री! दृग से, जन्मभूमि
पर बलि-बलि जाऊँ।
अक्षत-रोली-तिलक लगाकर, राखी बाँध
विदा फिर करना,
वापस कैसे आऊँ अँगना!



मनोज कुमार झा 'मनु'

## गजल



अभिनव अरुण

जतन हम लाख कर लें दु:ख के फेरे
आ ही जाते हैं।
सुनहरी धूप में बादल घनेरे आ ही जाते हैं।
सियासत के हरेक उत्सव में चंबल सा ही होता है,
बारात आने से कुछ पहले लुटेरे आ ही जाते हैं।
उन्हें मालूम हमने पाल रखे आस्तीनों में,
बजाते बीन अक्सरहा सपेरे आ ही जाते हैं।
ये माल असबाब रिश्ते और नाते फ़ानी हैं फिर भी,
जुबां पर सबके तेरे और मेरे आ ही जाते हैं।
अजब है दौर कि ज्योंही पतन का ज़िक्र आता है,
हमारे ज़हन में संतों के डेरे आ ही जाते हैं।
मछलियां तब समझती हैं कि उनको ख़तरा
किनसे था,
सुनहरे जाल लेकर जब मछेरे आ ही जाते हैं।
यूँ कुव्वत आज़माने का हरेक को मिलता है मौक़ा,
मुकाबिल जुगनू के अक्सर अँधेरे आ ही जाते हैं।
अजब रिश्ता है ये भी कि ज़रा सी खोंच लगते ही,
हमारे दरमियाँ वो सात फेरे आ ही जाते हैं।
ये कुदरत आसमां पर जैसे ही कोहबर सजाती है,
सितारे बाहों में चन्दा को घेरे आ ही जाते हैं।
तेरे खत कॉल या मैसेज भले मुझको नहीं मिलते,
आभासी दुनिया से अपडेट तेरे आ ही जाते हैं।

## काव्य कोना

### आहुत हूं


मौजों से कह दो
दूर रहे मुझ से अभी।
थका नहीं हूं यूं भी अब तक
हाँ, मंजिल से दूर हूं अभी।
आवाज देती है, हर मोड़ पर
कहां पहुंचे, कब आओगे
न हारा हूं, न डरा हूं
जिजीविषा हूं,
कामनायें जिंदी है अभी।
ठहर थोड़ी देर, और
आवाज लगाऊंगा तुम्हें फिर
मंजिल तू क्यूं परेशां है?
नयनों में छवि है तुम्हारी
मिलना है तुम से नियति
आहुत हूं, मैं तुम्हारा।
मौजों से कह दो
दूर रहें मुझ से अभी।
थका नहीं हूं यूं भी अब तक
हां, मंजिल से दूर हूं, अभी।

नाग मणि

# 'गीतों की सरिता बहाती' कल-कल रागिनी'



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम




एक नज़र डॉ. सुरिन्दर कौर नीलम की पुस्तक ' कल -कल रागिनी ' पर डालते हैं। सरस्वती वंदना के अतिरिक्त 65 रचनाओं से सजी इस पुस्तक में विविध विषयों पर लेखनी चलाई गई है। वर्तनी की शुद्धता से युक्त ये सभी रचनाएँ गीत के रूप में ढाली गयीं हैं जो अपनी गेयता में पूरी तरह से खरी उतरी हैं।हाँ , कहीं-कहीं मात्राओं का विचलन है पर भावों की चादर इस तरह ओढ़ाई गयी है कि पाठकों के मानस पटल पर एक अमिट छाप छोड़ जाती हैं।

कवयित्री की संवेदना इस पूरी पुस्तक में यत्र -तत्र सर्वत्र हमें बाँधकर रखती है। सरस्वती वंदना में भी इन्होंने बेटियों के प्रति हो रहे अत्याचार पर न केवल अपनी चिंता जताई है वरन् देवी माँ से इनकी सिसकियों को सुन कर उनकी दशा सुधारने की गुहार भी लगाई है...

बड़े संकट में हैं बेटियाँ, सहमी -सहमी सभी तितलियाँ
क्यारियों में जहर, वासना की नजर
घुट रही कलियों की सिसकियाँ
कर दे इन भेड़ियों का दमन, खिलखिलाए ये अपना चमन।

बेटियों के प्रति चिंतित होना इनके संवेदनशील मन की पहचान कराती है। जिंदगी से सवाल -जवाब करने से भी नहीं हिचकतीं

कभी फुर्सत में आना जरा पास जिंदगी
तुझसे बातें करूंगी मन उदास जिंदगी

अद्भुत बिंबों के प्रयोग में कवयित्री सिद्धहस्त है।जब ये हवा और बादलों के बीच आँखों के अनुबंध की कहानी कहती हैं तो पाठक उन हवाओं में अपने प्रेम की सुगन्ध महसूस करने लगता है। कुंवारी घटा को चाँद से आँख-मिचौली करवा कर यौवन के तटबंध को तोड़ डालती हैं ( पृष्ठ - 19 ) समय -चक्र के पहिए ने रिश्तों की आँच मद्धिम कर डाला है जिसे कवयित्री ने भी महसूस कर शब्दों में ढाल दिया है

प्रेम, मोहब्बत, भाईचारा घुट रहा बस्तों में
वो आँच नहीं रिश्तों में....

एक गीत जो मैंने उनके मुख से अनेक बार सुना है, हर बार नये वसंत की तरह नया ही लगता है...

आने से तेरे लगा आया वसंत है
गीतों में महक उठा महुआ बेअंत है।

पृष्ठ 22 पर अंकित इस गीत की हर पंक्ति एक अनूठे बिम्ब से सजी है जिसे पढ़कर पाठक स्वयं को वाह कहने से रोक नहीं पाता। कुछ आगे बढ़ने पर यूँ प्रतीत होता है कि कवयित्री के मस्तिष्क में जब जैसे विचार उत्पन्न हुए हैं, उन्होंने उसी क्रम में पुस्तक में रख दिए हैं। वसंत की बातें करते -करते वे पुनः बेटियों पर आ गई हैं। उन्हें ही नहीं शायद हर किसी को लगता है कि बेटियां किस्मत वालों के घरों में ही पैदा होती हैं। फिर भी बहुत -से लोग इस सत्य को स्वीकार करने में हिचकते हैं तभी तो बेटे और बेटियों में भेदभाव करने से नहीं चूकते। नीलम जी इस बात को पूरी शिद्दत से कहती हैं...

बाँधी न जाती जो मन्नत के धागों में
रखा न जाता जिन्हें बेटों के आगे में
चिंता में मगर सबके ,माथा हैं टेकती
भाई की कलाई पर सफलता लपेटती
नव संस्कार गढ़ती हैं बेटियाँ
किस्मत से मिलती हैं बेटियाँ।

देश को आजाद कराने वाले जवानों के प्रति इनकी श्रृद्धा को हम इनके गीतों में बखूबी देख सकते हैं...

जिन वीरों ने दिया देश को आजादी उपहार
ताबूतों में कफन तिरंगा बोले जय -जयकार

इसके गीतों से गुजरते हुए कभी हम मौसम के झूले पर पेंग चढ़ाते हैं तो कभी विविध पर्व -त्योहारों को मनाते हुए अपनी भारतीय संस्कृति को आत्मसात करते हैं। गोपालदास नीरज, अटल बिहारी वाजपेई, और बापू को याद करते हुए उनपर अपने शब्द सुमन चढ़ाने के साथ गुरु गोबिंद सिंह, देवों के देव महादेव जिन्हें इन्होंने'मेर भोले भंडारी ' शीर्षक गीत तथा' ' आ जा रघुराई ' आदि गीतों के द्वारा अपने भक्त - वत्सल हृदय का परिचय भी दिया है। अंत में दो माहिये गीत भी लिखे हैं ' आँखे रुत सावन की ' और ' जीवन की शाम ढले ' । दोनों माहिये बहुत ही खूबसूरत बन पड़े हैं।

डॉ सुरिन्दर कौर नीलम का यह गीत संग्रह पढ़ने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि सभी गीत मंचीय हैं जैसा कि कवयित्री ने भी ' अपनी बात ' में कहा है। मैं भी अनेक मंचों पर इनके गीतों को सुनकर मंत्रमुग्ध होती रही हूँ जब स्वयं कवयित्री इन गीतों को मंचों पर गाती हैं तो समां बँध जाता है जिसकी यादें मिठास बनकर कई दिनों तक श्रोताओं के मुँह में मिश्री की डली - सी घुलती रहती हैं।' कल -कल रागिनी ' डॉ कौर की तीसरी पुस्तक है। इसके पहले दो कृतियाँ ' नीलकमल ' और ' तुम आओगे न... ?ः पाठकों का मन मोह चुकी हैं।आशा है यह तीसरी पुस्तक भी पाठकों के द्वारा हाथों-हाथ ली जाएगी। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ..

संयोजक : नरेश अग्रवाल

## मरहम पट्टी

महीने भर के घाव थे
मैंने बांध रखा था
कपड़ो से,
मरहम पट्टी कर
लग गई फिर वही
उलझे कामों को सुलझाने।
कामों से सुलझी
तो देखा पैरो पर खून था
बिलकुल अमल
जैसे चोट लगे हो कल के
कल।
मैंने सुना था
"जख्म कुछ दिन में भर
आते हैं।"
सुनकर पट्टी खोली
बस देखती रही
कुछ न बोली
मौन धारे अधर ने
एक ही बोल लगाया
आह!!
पिया ये तुमने कैसा चोट लगाया।
घाव हरे हैं....
दर्द भी है
जलन भी थोड़ी,
सर्द भी है।
सूख जाते तो
इन घावों को भूल जाती
फिर दुबारा मन
खार पर नहीं लगाती।
ना इस चोट से आगे चली हूं
ना पीछे मुड़ने का साहस है
जख्म हरे हैं
हरे रहे
बस भूल जाने की आस है।



ऋषिका मिश्रा

## चातक मन

जीवन नदिया की लहरों में
यादों के भंवर जब उठते हैं
मन चातक बन उड़ जाता है
तनहाई लिए हम जीते हैं ।
छोटी छोटी घटनाओं के कंकड़
मन के गहराई में बस
जाते हैं
अब उनतक मन पहुँचे
कैसे
जो अब गए वक्त के
अफसाने हैं
सामर्थ्य नहीं था खुद के भीतर
जो हर बाधा से लड़ भिड़ सकता
बेकस सूनी नजरों से उनको देखा
जो अब बने अतीत के नज़राने हैं
जीवन की पथरीली इन राहों पर
कभी तमन्नाओं के फूल थे
खिलतेनज़र लग गई जो दुनियां
वालों की अब जीते हम बस यादों
के सहारे हैं।



सुरेश चन्द्र झा

## आज का दोहा

बहके से अंदाज से, बहके तीरंदाज।
इसीलिए शायद हुआ, बहुत गलत आगाज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीतीश ने पत्रकारों की पेंशन 6 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपए की

● पेंशन ले रहे पत्रकारों की मौत होने पर उनके आश्रित पति/ पत्नी को जीवनपर्यन्त प्रतिमाह 3 हजार की जगह 10 हजार की पेंशन राशि मिलेगी

आरएनएम



**पटना।** नीतीश कुमार जब केंद्र में रेल मंत्री थे, तब से पत्रकारों के लिए कुछ न कुछ करते रहे हैं। जब भी पत्रकार उनके यहां कोई समस्या लेकर गये, उसका उन्होंने हर संभव कोशिश कर निराकरण किया। तब संसद व मंत्रालय कवर करने वाले पत्रकारों को ट्रेन में यात्रा के लिए आरक्षण कराने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या दिल्ली रेलवे स्टेशन जाना पड़ता था।इस समस्या को लेकर कुछ पत्रकार उनसे मिले, तो उन्होंने कहा कि आप लोगों की सुविधा के अनुसार कोई जगह हो तो बताइये, वहां रेलवे का बुकिंग काउंटर खुलवा देता हूं। पत्रकारों ने रेल भवन से कुछ दूरी पर स्थित 'प्रेस क्लब आफ इंडिया' में रेलवे का काउंटर खुलवाने को कहा तो नीतीश कुमार ने उसकी मंजूरी दे दी। और कुछ दिन में 'प्रेस क्लब आफ इंडिया' में पश्चिम तरफ एक छोटे कमरे में रेलवे का टिकट बुकिंग काउंटर खुल गया। जो आज भी चल रहा है। अब नीतीश ने बिहार के विधानसभा चुनाव से पहले पत्रकारों की पेंशन बढ़ाए जाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार 26 जुलाई को अपने ऑफिशियल X हैंडल के जरिये बताया है कि बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब सभी पात्र पत्रकारों को हर महीने 6 हजार रुपये की जगह 15 हजार रुपये पेंशन दी जाएगी और इस संबंध में निर्देश दे दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन ले रहे पत्रकारों की मौत होने पर उनके आश्रित पति/ पत्नी को जीवन पर्यन्त प्रतिमाह 3 हजार की जगह 10 हजार की पेंशन राशि दिए जाने का निर्देश दिया गया है।' मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने X पर कहा, 'लोकतंत्र में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और सामाजिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पत्रकारों की सुविधाओं का हम लोग शुरू से ख्याल रख रहे हैं ताकि वे निष्पक्ष होकर अपनी पत्रकारिता कर सकें और सेवानिवृत्ति के उपरांत सम्मानजनक तरीके से अपना जीवन-यापन कर सकें।'

मालूम हो कि बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन व एनडीए के दलों में आमने-सामने का मुकाबला है। महागठबंधन में राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा और भाकपा (माले) शामिल हैं जबकि एनडीए गठबंधन में बीजेपी, जेडीयू, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं।चुनाव से ठीक पहले नीतीश कुमार एक के बाद एक बड़े ऐलान कर रहे हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि बिहार में 1 अगस्त से लोगों को हर महीने 125 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं के लिए भी कुछ बड़े ऐलान किए थे।इनमें कुटीर ज्योति योजना के तहत लोगों से सहमति लेकर उनके घर की छतों या नजदीकी जगह पर सोलर पैनल लगाना, सरकारी नौकरी और रोजगार की गारंटी देना, कर्पूरी ठाकुर के नाम पर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना, बिहार में सरकारी व संविदा नियुक्तियों में केवल बिहार की मूल निवासी महिलाओं को 35% क्षैतिज आरक्षण देना, बिहार युवा आयोग का गठन करना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के जरिए युवाओं को कौशल विकास के लिए 4000 से 6000 रुपये तक की प्रोत्साहन राशि, कलाकारों को 3000 रुपये मासिक पेंशन, बिहार युवा आयोग का गठन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत वृद्ध, विधवा और दिव्यांगों की पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1100 रुपये करने जैसे बड़े ऐलान शामिल हैं।बिहार में विधानसभा की 243 सीटें हैं।

*मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब सभी पात्र पत्रकारों को हर महीने 6 हजार रु० की जगह 15 हजार रु० पेंशन की राशि प्रदान करने का विभाग को निर्देश दिया है। साथ ही बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे पत्रकारों की मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित पति/ पत्नी को जीवन पर्यन्त प्रतिमाह 3 हजार रु० की जगह 10 हजार रु० की पेंशन राशि दिए जाने का निर्देश दिया है। लोकतंत्र में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और सामाजिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पत्रकारों की सुविधाओं का हम लोग शुरू से ख्याल रख रहे हैं ताकि वे निष्पक्ष होकर अपनी पत्रकारिता कर सकें और सेवानिवृत्ति के उपरांत सम्मानजनक तरीके से अपना जीवन-यापन कर सकें।*

**नीतीश कुमार**

## मंदिर में पूजा कर रही युवती को युवक ने मारी चार गोलियां आरोपी गिरफ्तार

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में शनिवार सुबह एक युवती को गोली मारने का मामला सामने आया है। युवती सुबह घर से मंदिर के लिए निकली थी। इसी दौरान उसे 4 गोलियां मार दी गईं। फिलहाल युवती की हालत गंभीर है और उसे सैफई पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, मैनपुरी के कोतवाली थाना इलाके के मोहल्ला चौथियाना की रहने वाली 21 वर्षीय दिव्यांशी किला बजरिया स्थित रानी शिव मंदिर में पूजा करने गई थी। आरोप है कि उसी मोहल्ले का रहने वाले युवक राहुल दिवाकर पुत्र रतन दिवाकर रिवॉल्वर लेकर मंदिर गया। उसने अंदर से मंदिर का गेट बंद किया और इस दौरान शिवलिंग की पूजा कर रही युवती पर गोलियां चला दीं। आरोपी राहुल ने युवती को चार गोलियां मारीं। गोलियों की आवाज सुनकर स्थानीय लोग युवती को बचाने दौड़े, तब तक आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। यह भी सामने आया है कि आरोपी राहुल दिवाकर युवती से प्रेम करता था।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को अस्पताल में भर्ती कराया। युवती की हालत गंभीर बताई गई है। मैनपुरी सिटी के एएसपी अरुण कुमार ने इस घटना पर कहा कि कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती को गोली लगी।

## देश में किसान से ज्यादा स्टूडेंट कर रहे आत्महत्या
# कुछ तो गड़बड़ है? : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली



"तुझे सूरज कहूँ या चंदा, तुझे दीप कहूँ या तारा, मेरा नाम करेगा रोशन जग में मेरा राज दुलारा" 70 के दशक में आई फिल्म एक फूल दो माली के गीत को सुनने पर वो इंस्पिरेशन दिखती है जो माता- पिता अपने बच्चों में देखते हैं। जब उन्हें लगता है कि बेटा बड़ा होगा या बेटी बड़ी होगी तो कुछ अच्छा, नया, इनोवेटिव करेगी। कुल का नाम रोशन करेगा। लेकिन हो क्या रहा है? देश की सर्वोच्च अदालत ने बकायदा संज्ञान लेकर कहा है कि कैंपस में कुछ तो ऐसा गलत चल रहा है, जिस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात ये है कि कोर्ट ने सुओ मोटो यानी स्वतः संज्ञान लिया है। क्या है पूरा मामला और सुप्रीम कोर्ट ने इस पर क्या कहा तमाम मसलों पर बात करेंगे। एक तो आपने आईआईटी खड़गपुर की बात सुनी होगी जहां पर चतुर्थ वर्ग के अंडरग्रेजुएट लड़के ने सुसाइड कर लिया। दूसरा मामला ग्रेटर नोएडा की शादरा यूनिवर्सिटी से जुड़ा है। वहां पर बीडीएस यानी बैचलर ऑफ डेंटल सर्जन की स्टूडेंट ज्योति शर्मा ने हास्टल के कमरे में सुसाइड कर लिया। उसने दो फैकल्टी मेंबर का नाम आगे किया कि इनकी वजह से सुसाइड किया। आपको कुछ महीने पहले की एक घटना याद होगी जब नेपाल की एक लड़की ने एक लड़के की वजह से आत्महत्या कर लिया था। आत्महत्या जैसे विषयों की बात करें तो बहुत बार ये चर्चा में आता है। आखिर बच्चे अपने प्राण क्यों ले लेते हैं? कई बार ऐसी चीज हम नई जनरेशन पर थोप देते हैं कि नई जनरेशन ही ऐसी है कि जल्दी हार मान जाती है। वो परिवार जो बहुत आशाओं से अपने बच्चे को पढ़ने के लिए भेजता है। पैसा बचाकर, जुटाकर खुद सस्ते कन्वेंस के द्वारा ट्रैवल करता है।

## धर्मांतरण केस में छांगुर के भतीजे के ठिकानों पर चला बुलडोजर



**बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण के आरोपी छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन पर प्रशासन का शिकंजा कसा हुआ है। इसी कड़ी में शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी गांव में सबरोज का घर सरकारी (ग्राम समाज) जमीन पर अवैध रूप से बनाया गया था। जिला प्रशासन ने पहले नोटिस दिया था, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। आज प्रशासन की टीम ने वहां पहुंचकर बुलडोजर से कार्रवाई की। सीओ राघवेंद्र प्रताप ने बताया कि पुलिस की निगरानी में अवैध निर्माण पर बुलडोजर कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि छांगुर का गिरोह देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल था और देश भर में अवैध काम कर रहा था। इसमें कई लोग उसके साथ थे। छांगुर के कई राज सामने आ चुके हैं, लेकिन उसके संदिग्ध या प्रतिबंधित संगठनों से संबंध की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि उसने दुबई, सऊदी, और तुर्की जैसे देशों में अपने संपर्क बनाए थे। छांगुर मुख्य रूप से धर्मांतरण के काम में लगा था। हाल ही में राज्य पुलिस ने बड़े धर्मांतरण गिरोहों का पर्दाफाश किया है। आगरा में दो लापता बहनों के मामले की जांच के दौरान पुलिस ने एक ऐसे नेटवर्क का खुलासा किया, जो छह राज्यों तक फैला था। बलरामपुर में जलालुद्दीन छांगुर के बहुराष्ट्रीय धर्मांतरण गिरोह की कहानी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है।

## कारगिल विजय दिवस पर देश ने वीर जवानों को किया नमन, पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि



एजेंसी। नई दिल्ली

### राजनाथ सिंह और सेना प्रमुखों ने शहीदों को नेशनल वॉर मेमोरियल पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** देश भर में कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ को गर्व और सम्मान के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को नमन करते हुए पुष्पचक्र अर्पित किया। इस अवसर पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे।

देशभर में 'कारगिल विजय दिवस' पर वीर सैनिकों को याद किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने भारतीय सेना के वीर जवानों के साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को हराकर विजय प्राप्त की थी और यह दिन उसी गौरवशाली जीत की याद दिलाता है। नेताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' के माध्यम से वीर जवानों के अदम्य साहस को नमन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "कारगिल विजय दिवस पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिन हमें उन वीर सपूतों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उनका साहस और बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरणा देता रहेगा। जय हिंद!" भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम किया।

## 'आप की अदालत' में स्मृति ईरानी ने किया खुलासा
# ऋषि कपूर ने ही मुझे एक्टिंग छोड़कर दिल्ली जाकर मंत्री बनने की सलाह दी थी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रजत शर्मा के शो 'आप की अदालत' में अपने अभिनय और राजनीतिक करियर के बारे में कई खुलासे किए। यह शो आज रात 10 बजे इंडिया टीवी पर प्रसारित होगा। रजत शर्मा ने जब स्मृति ईरानी से पूछा कि जब वह शिमला में ऋषि कपूर के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं, तब दिल्ली से फोन आने पर क्या हुआ, तो उन्होंने बताया: 'मैं शिमला में थी। ऋषि कपूर साहब के साथ एक फिल्म में काम कर रही थी, जब सुबह-सुबह फोन आया कि आपको दिल्ली आना है, दोपहर को शपथ लेनी है। तो मेरा अन्तिम जो क्षण था, जो मैंने कैमरा को फेस किया था, वह स्वर्गीय ऋषि कपूर जी के साथ था।'



**रजत शर्मा:** क्या ऋषि कपूर ने आपको कोई सलाह दी थी?

**स्मृति ईरानी:** 'उन्होंने कहा कि पलकें भी मत झपकाओ, समय भी मत बिताओ। बाकी लोग जो crew में थे उन सब ने इस बात की कहीं न कहीं खुशी जाहिर की और यह भी कहा जल्दी से बैग बांधो और दिल्ली जाओ क्योंकि राष्ट्र सेवा से बड़ी सेवा और ऐसा बड़ा सौभाग्य और कोई नहीं है।'

**रजत शर्मा:** अब कोई ऐसा मौका तो नहीं आ जाएगा कि आपको फिर फोन आएगा और फिर "क्योंकि..." के सेट से वापस दिल्ली में शपथ लेते हुए दिखाई देंगी?

**स्मृति ईरानी:** 'मौकों को मैं नहीं तलाशती। मौके मुझे तलाशते हैं, तो कौन सा मौका मुझे कब तलाश लेगा, यह मैं नहीं जानती। इतना जानती हूं कि जब मौका मुझे तलाशते हुए आए तो आप कहीं न कहीं न बेज़ार होंगे, न शर्मसार होंगे। मैं जो प्रतिभा लेकर पॉलिटिक्स में और मीडिया में आज जानी जाती हूं, उस बेंचमार्क से नीचे नहीं उतरूंगी। इतना आप की अदालत में मैं वादा करती हूं।' बिग बी, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना और शत्रुघ्नसिन्हा पर जब रजत शर्मा ने स्मृति ईरानी को याद दिलाया कि मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने राजनीति को 'सेसपूल' (नाबदान) कहकर छोड़ दिया था।

## बोधगया में एंबुलेंस के भीतर युवती से गैंगरेप

**पटना।** बिहार के बोधगया में होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान बेहोश होने के बाद एक 26 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि चलती एम्बुलेंस में उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। यह घटना कथित तौर पर 24 जुलाई को हुई जब शारीरिक परीक्षा के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, महिला ने दावा किया कि गाड़ी में बेहोशी की हालत में कई लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बोधगया पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। बिहार के बोधगया में होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान बेहोश होने के बाद एक 26 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि चलती एम्बुलेंस में उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। यह घटना कथित तौर पर 24 जुलाई को हुई जब शारीरिक परीक्षा के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, महिला ने दावा किया कि गाड़ी में बेहोशी की हालत में कई लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बोधगया पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। पासवान ने आगे कहा, "यह घटना निंदा योग्य है - लेकिन असली सवाल यह है कि ऐसे अपराध बार-बार क्यों हो रहे हैं? अपराधों का एक सिलसिला चल रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो स्थिति भयावह हो जाएगी - वास्तव में, यह पहले ही हो चुकी है।" उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ लोग इसे चुनाव से पहले सरकार को बदनाम करने की साजिश मान सकते हैं, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन का कर्तव्य है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज के दिन आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आपको किसी काम में उसके नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप जल्दबाजी के कारण कोई गलत निर्णय ले सकते हैं। आपको अपने भाई-बहनों से भी किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी किसी बात से माताजी नाराज हो सकती हैं। आपको किसी कानून मामले को लेकर सावधान रहना होगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको बड़ों का आदर और सम्मान करना होगा। पिताजी आपको काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। आप अपने घर-परिवार में चल रही समस्याओं को भी काफी हद तक दूर करने की कोशिश करेंगे। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। निजी मामलों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बनने में कामयाब रहेंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति का संकेत हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपकी कोई अटकी हुई डील थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है। राजनीतिक की तरफ कदम बढ़ा रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए करियर के मामले में अच्छा रहने वाला है। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। किसी काम को लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में लेने से बचना होगा। कामकाज के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। आप किसी से धन उधार लेने से बचें, नहीं तो बाद में समस्या खड़ी हो सकती है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग का सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपकी धार्मिक कामों में काफी रुचि रहेगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश करें। यदि आपका कोई धन को लेकर काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको किसी पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में काम करने के लिए बेहतर रहेगा। कानूनी मामलों में आपको एक नई राह मिलेगी। आपके घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही आपके लिए समस्या बन सकती हैं।

**मीन :** आज का दिन नौकरी में प्रमोशन के लिए बढ़िया रहेगा। आप अपने कामों से एक अच्छी जगह बनाएंगे, जिससे आपको तरक्की मिलेगी। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी, लेकिन इससे आपके कुछ शत्रु भी उत्पन्न हो सकते हैं। आप अपने मन में किसी के प्रति नकारात्मक विचारों को न रखें।

## आगरा धर्मांतरण केस: देहरादून की युवती ने खोले कई राज, बोली
# प्रेमजाल में फंसा कराया धर्म परिवर्तन

एजेंसी। आगरा

आगरा धर्मांतरण मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इस मामले की एक पीड़ित ने पुलिस पूछताछ में धर्मांतरण गिरोह के बारे में अहम जानकारियां दीं। पुलिस ने इस युवती का कोर्ट में भी बयान दर्ज कराया है। देहरादून की रहने वाली युवती को आगरा पुलिस ने रेस्क्यू किया है।

पुलिस पूछताछ में युवती ने बताया कि पहले उसे सोशल मीडिया के माध्यम से एक व्यक्ति, अब्बू तालिब, ने संपर्क किया। तालिब ने भरोसा जीतने के बाद प्रेमजाल में फंसाकर उसे अपनी "फैमिली" से भी मिलवाया। इसके बाद तालिब ने युवती को आयशा नाम की महिला से मिलवाया, जिसने उसे अब्दुल रहमान नाम के व्यक्ति से मिलवाया। आगरा पुलिस के मुताबिक, अब्बू तालिब उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का निवासी है, जबकि आयशा और अब्दुल रहमान देहरादून के रहने वाले हैं।



युवती ने बताया कि आयशा की तरफ से उसे "सेफ हाउस" में रहने और लग्जरी लाइफस्टाइल का लालच दिया गया। बदले में उसे इन्वेस्टमेंट करने की शर्त बताई गई, जिसका मतलब था कि उसे किसी की दूसरी, तीसरी या चौथी पत्नी बनना होगा। आरोप है कि आयशा और अब्दुल रहमान ने युवती पर धर्मांतरण का दबाव बनाया। धर्म परिवर्तन के बाद उसे एक नामों की सूची दी गई, जिसमें से उसे "मरियम" नाम चुनने को कहा गया।

कुछ दिन पहले युवती का फोन खराब होने पर उसे अब्बू तालिब ने नया फोन दिलाया, जिसके पैसे आयशा ने दिए।

अब्बू तालिब ही उसका मोबाइल रिचार्ज कराता था। गिरोह की सदस्य आयशा ट्रैक होने से बचने के लिए सेकेंड हैंड या कीपैड फोन का इस्तेमाल करती थी।

आरोप है कि पैसों का लालच देकर अब्बू तालिब, अब्दुल रहमान और आयशा ने युवती पर दबाव बनाया और व्हाट्सएप के जरिए कथित तौर पर कलमा पढ़वाया गया। उसका नाम भी बदलकर 'मरियम' रखा गया।

**युवती ने यह** भी बताया कि गिरोह में झारखंड निवासी एक व्यक्ति अयान भी शामिल है। अयान ने देहरादून के लड़के की जानकारी दी, जिसने उसे दिल्ली पहुंचाया। वहां से उसे किसी अन्य तरह ले जाया जा रहा था। इसी दौरान आगरा पुलिस ने पूरे गैंग का पर्दाफाश करते हुए युवती का रेस्क्यू किया। अब तक इस मामले में आगरा पुलिस 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## पुलिस मुठभेड़ में ईनामी अपराधी घायल अस्पताल में भर्ती

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस दौरान पुलिस की गोली से एक अपराधी के घायल होने की खबर है। पुलिस ने घायल अपराधी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ में घायल बदमाश की पहचान 25 हजार रुपए के इनामी कुख्यात नट गिरोह के सदस्य अजय नट के रूप में हुई है। उसे पैर में दो गोलियां लगी हैं। इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। यह घटना मीरगंज थाना क्षेत्र के जिगना ढाला के पास हुई। घायल अजय नट सारण जिले के दाऊदपुर थाना क्षेत्र के बंगरा बिंदु टोली गांव के रामनाथ नट का बेटा है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि अपराधी अजय नट को घायल होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे पुलिस की निगरानी में इलाज के लिए भेजा गया है।

## सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस आज

**नई दिल्ली।** 27 जुलाई केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के देश के प्रति समर्पण भाव और योगदान को याद करने का दिन है। आजादी से कई बरस पहले 27 जुलाई को 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' के रूप में पुलिस बल की स्थापना हुई थी, जिसे आजादी के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) नाम मिला। समृद्ध विरासत का सम्मान करते हैं और भारत की सुरक्षा और स्थिरता के लिए इसकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। इस बार सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस का जश्न मनाया जाएगा। सीआरपीएफ का आदर्श वाक्य "सेवा और निष्ठा" है, जो कर्तव्य के प्रति बल की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 27 जुलाई 1939 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' के रूप में अस्तित्व में आया। रियासतों के भीतर बढ़ती राजनीतिक उथल-पुथल और अशांति से निपटने के लिए 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' की स्थापना की गई। इस पुलिस बल का निर्माण 1936 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के मद्रास प्रस्ताव से काफी प्रभावित था, जिसमें एक मजबूत आंतरिक सुरक्षा तंत्र की जरूरतों पर जोर दिया गया।

# रिटायरमेंट के बाद अग्निवीरों को यूपी पुलिस में मिलेगा 20 प्रतिशत आरक्षण : योगी

● हमें अपने आसपास के उन जवानों को याद करना चाहिए, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दी



### सैनिकों ने बलिदान देकर देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखा

**लखनऊ।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी के शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित एक कार्यक्रम में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके परिजनों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के वीर सैनिकों ने अपना बलिदान देकर भारत की एकता और अखंडता को बरकरार रखा। मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान हमारे सैनिकों ने पलायन नहीं किया था, उसी का नतीजा है हमें विजय मिली। इस दिन भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। सीएम योगी ने कहा कि हालिया ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य क्षमताओं का नवीन प्रतीक है और यह कारगिल युद्ध की गूंज को और बुलंद करता है।

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर अग्निवीरों को यूपी पुलिस में आरक्षण देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सरकार रिटायर होने वाले अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देगी।

सीएम योगी ने सुझाव दिया कि हर जिले में सैनिकों के बलिदान को सम्मान देने के लिए युद्ध स्मारक बनाए जाएं, ताकि नई पीढ़ी को प्रेरणा मिले। इसके साथ ही, सैनिकों के सम्मान में सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने आगे कहा, "हमारी सरकार सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखती है। इसलिए, हमने फैसला किया है कि अग्निवीर के रूप में देश की सेवा करने वाले जवानों को रिटायरमेंट के बाद यूपी पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।"

योगी ने देश सेवा में सर्वस्व अर्पित करने वाली सेना को नमन करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने अपनी ताकत और बहादुरी का परिचय दिया। हमारे वीर जवानों ने मात्र 22 मिनट में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट कर उसे सबक सिखाया।"

मुख्यमंत्री ने 1965 और 1971 के युद्धों में सैनिकों के बलिदान को भी याद किया। उन्होंने कहा, "उन वीर सैनिकों की स्मृतियां आज भी हमें प्रेरित करती हैं। हमें अपने आसपास के उन जवानों को याद करना चाहिए, जिन्होंने देश के लिए अपनी जान दी।" सभा को संबोधित करते हुए, सीएम योगी ने कहा, "कारगिल विजय दिवस के अवसर पर, सभी परिवार, पूर्व सैनिक और सभी क्षेत्रों के नागरिक एक साथ आए हैं क्योंकि पूरा देश भारत माता की रक्षा करने वाले हमारे साहसी सैनिकों की बहादुरी और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।" युद्ध की परिस्थितियों को याद करते हुए सीएम योगी ने कहा, "हम सभी जानते हैं कि कारगिल युद्ध पाकिस्तान द्वारा थोपा गया था।

## 37 गेंदों में टी20 शतक, टिम डेविड ने रचा इतिहास



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में टिम डेविड ने तूफानी शतक जड़ते हुए इतिहास रच दिया। टिम डेविड ने सेंट किट्स में महज 37 गेंदों में शतक पूरा किया। इसी के साथ वह टी20 फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए। यह टिम डेविड का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला शतक रहा। वार्नर पार्क में टिम डेविड ने 16 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जिसके साथ वह ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे तेज टी20 फिफ्टी जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड मार्कस स्टोइनिस के नाम था, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप-2022 में श्रीलंका के खिलाफ 17 गेंदों में अर्धशतक जमाया था। इसके बाद टिम डेविड ने 37 गेंदों में शतक जड़ते हुए जोश इंग्लिस के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।



# बुमराह जल्द ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं: कैफ

कैफ ने कहा, “बुमराह के जज्बे और समर्पण को लेकर कोई शक नहीं, लेकिन अब उनका शरीर जवाब देने लगा है। इस टेस्ट में खराब प्रदर्शन साफ दिखाता है कि आगे जाकर उन्हें टेस्ट मैच खेलने में दिक्कत होगी

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)**

पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ के मुताबिक इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में अपना शत-प्रतिशत देने में नाकाम रहने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। जसप्रीत बुमराह ने ओल्ड ट्रैफर्ड में तीसरे दिन के खेल तक इंग्लैंड के खिलाफ 28 ओवर फेंके, जिसमें 95 रन देकर सिर्फ एक ही विकेट अपने नाम कर सके। उन्होंने शुक्रवार को खेल के आखिरी सेशन में जेमी स्मिथ का विकेट अपने नाम किया।

बुमराह इस दौरान ज्यादातर गेंदें 130-135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक रहे थे, जो हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच की तुलना में काफी कम है। लीड्स और लॉर्ड्स दोनों टेस्ट मैचों में, 31 वर्षीय बुमराह ने 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी। मोहम्मद कैफ ने ‘एक्स’ पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, “मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। वह शायद संन्यास भी ले लें। वह अपने शरीर के साथ संघर्ष कर रहे हैं। इस टेस्ट मैच में उनकी गति कम हो गई है। बुमराह एक ईमानदार इंसान हैं, अगर उन्हें लगता है कि वह देश को अपना शत-प्रतिशत नहीं दे पा रहे, तो वह खुद को इस फॉर्मेट से अलग कर लेंगे। विकेट न मिलना एक अलग बात है, लेकिन उनकी गेंदों की गति भी 125-130 किमी प्रति घंटे तक सिमट गई है। जसप्रीत बुमराह दूसरे सेशन में अपना टखना पकड़े नजर आए थे, जिसे देखकर फैंस चिंतित हो गए। हालांकि, बाद में वह गेंदबाजी के लिए वापस लौटे। ऐसे में पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ का मानना है कि फैंस को अब इस सच्चाई के लिए खुद को तैयार करना चाहिए कि भविष्य में वह बुमराह को लंबे फॉर्मेट में कम ही खेलते देखेंगे।

कैफ ने कहा, “बुमराह के जज्बे और समर्पण को लेकर कोई शक नहीं, लेकिन अब उनका शरीर जवाब देने लगा है। इस टेस्ट में खराब प्रदर्शन साफ दिखाता है कि आगे जाकर उन्हें टेस्ट मैच खेलने में दिक्कत होगी। शायद वह टेस्ट क्रिकेट से ही दूर हो जाएं। विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन के बाद अब भारतीय फैंस को बुमराह के बिना खेल देखने की आदत डालनी होगी। मैं चाहता हूं कि मेरी यह भविष्यवाणी गलत साबित हो, लेकिन जो देखा, वही कह रहा हूं।

## डीसी ओपन : सेमीफाइनल में एम्मा रादुकानू और लेयला फर्नांडीज



**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

मुबाडाला सिटी डीसी ओपन में एम्मा रादुकानू ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तीन साल बाद किसी डब्ल्यूटीए हार्ड कोर्ट सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने मारिया सक्कारी को दो घंटे दस मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4, 7-5 से हराया, हालांकि मैच की शुरुआत में वह पिछड़ गई थीं। यह वॉशिंगटन में रादुकानू का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इसके साथ ही सक्कारी के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया है। अब रादुकानू का सामना रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। डब्ल्यूटीए में, कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टेलर टाउनसेंड को 6-4, 7-6(4) से हराया। फर्नांडीज ने दूसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी की और एक सेट प्वाइंट बचाकर 2021 यूएस ओपन में उपविजेता रहने के बाद अपने सबसे बड़े हार्ड कोर्ट सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डेलेना फ्रेच को सीधे सेटों में आसानी से हराया। पुरुष वर्ग में मुबाडाला सिटी डीसी ओपन का दिन भी जबरदस्त एक्शन से भरा रहा, जहां दो खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में धमाकेदार एंट्री की। बेन शेल्टन ने घरेलू दर्शकों के सामने एक जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए फ्रांसेस टियाफो को 7-6(2), 6-4 से शिकस्त दी।

### आईपीएल ने सिर्फ मेरी ही नहीं, बल्कि हर क्रिकेटर की मदद की : ड्वेन ब्रावो

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अपने करियर और आधुनिक क्रिकेट के स्वरूप को बदलने वाला एक शानदार मंच बताया है। अपनी आईपीएल जर्नी को याद करते हुए ब्रावो ने कहा कि यह लीग न केवल उन्हें, बल्कि दुनियाभर के क्रिकेटर्स को आर्थिक रूप से और स्किल्स को डेवलप करने के लिहाज से जबरदस्त फायदा पहुंचा चुकी है। आईपीएल ने पेशेवर क्रिकेट की दुनिया को एक नया आयाम दिया है। ब्रावो ने आईएएनएस से कहा, “आईपीएल ने सिर्फ मेरी ही नहीं, बल्कि आज के हर क्रिकेटर की मदद की है, चाहे वह आर्थिक रूप से हो, या स्किल के स्तर पर। मुझे गर्व है कि मैंने दो सबसे सफल फ्रेंचाइजी के लिए खेला और मुझे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में लंबे समय तक शानदार प्रदर्शन किया।

## दिल्ली सरकार की ‘खेल नीति’ से खिलाड़ी खुश बोले- अब हमें दूसरे राज्य जाने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली सरकार की नई खेल नीति की देश के खिलाड़ियों ने जमकर सराहना की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में लागू हुई इस नई नीति को ‘खेलों के लिए ऐतिहासिक कदम’ बताया जा रहा है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में रेसलिंग में रजत पदक जीतने वाले रवि दहिया ने कहा कि यह नीति खिलाड़ियों के लिए बेहद प्रोत्साहन देने वाली है। इससे न सिर्फ खेलों में उत्साह बढ़ेगा, बल्कि दिल्ली को खेलों का एक बड़ा केंद्र बनाने में मदद मिलेगी।



दिल्ली सरकार ने उच्चस्तरीय खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण सहायता राशि 20 लाख रुपये तक बढ़ाई है, जिसमें 10 लाख रुपये तक का मेडिकल इंश्योरेंस भी शामिल है। अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता मिलेगी। ओलंपिक मेडलिस्ट रेसलर रवि दहिया ने दिल्ली सरकार का आभार जताते हुए कहा, “सरकार ने खिलाड़ियों के बारे में इतना सोचा, इसके लिए धन्यवाद। खिलाड़ियों के लिए इंश्योरेंस बेहद जरूरी है, क्योंकि कभी भी इंजरी हो सकती है। दिल्ली सरकार ने ऐसा किया है। उन्होंने कहा, “भारत सरकार 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। मुझे उम्मीद है कि भारत को यह मेजबानी मिलेगी। सरकार जिस तरह से सक्रिय है, उससे हमें उम्मीद है कि हम टॉप-5 में जरूर आएंगे। दिल्ली सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली के लिए नकद पुरस्कार राशि में भारी इजाफा किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकार के इस निर्णय को ‘खेलो इंडिया’ और ‘फिट इंडिया’ अभियानों से प्रेरित बताया है।

मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना’ के तहत अब ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं को गोल्ड मेडल जीतने पर 3 के बजाय 7 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं, सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को 2 के बजाय 5 करोड़ रुपये, जबकि ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को 1 के बजाय 3 करोड़ रुपये की प्राइज मनी मिलेगी। इसके साथ ही एशियन गेम्स और पैरा एशियन गेम्स में मेडल जीतने वालों के लिए भी इनामी राशि में इजाफा किया गया है। एशियाई खेलों के विजेताओं को 3 करोड़ (स्वर्ण), 2 करोड़ (रजत) और 1 करोड़ (कांस्य) मिलेंगे। वहीं, कॉमनवेल्थ और पैराकॉमनवेल्थ खेलों के विजेताओं को 2 करोड़ (स्वर्ण), 1.5 करोड़ (रजत) और 1 करोड़ (कांस्य) की राशि दी जाएगी।

### सीमा अंतिल पुनिया

## 17 की उम्र में छिना मेडल, फिर चार बार ओलंपिक में किया देश का प्रतिनिधित्व

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत की डिस्कस थ्रोअर सीमा अंतिल पुनिया ने चार बार ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया हैं, लेकिन उनके लिए यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं रहा। वह लड़कियों के लिए एक रोल मॉडल रही हैं। 27 जुलाई 1983 को सोनीपत में जन्मीं सीमा पुनिया खिलाड़ियों के परिवार से आती हैं। उनके भाई आनंदपाल सिंह कुश्ती खिलाड़ी रहे, जबकि अमितपाल सिंह ने हॉकी में नाम कमाया। इस पारिवारिक बैकग्राउंड के बीच, सीमा महज 11 साल की उम्र में एथलेटिक्स की दुनिया में कदम रख चुकी थीं। यूं तो, सीमा को दौड़ने और कूदने का शौक था। उन्हें हर्डल्स और लॉन्ग जंप में रुचि थी, लेकिन कोच की सलाह पर सीमा अंतिल पुनिया ने ‘डिस्कस थ्रो’ में करियर बनाने का फैसला किया। महज 17 साल की उम्र में सीमा पुनिया ने वर्ल्ड जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत लिया था, लेकिन डोपिंग विवाद में फंसने के बाद उनसे पदक छिन गया। तब सीमा पुनिया ने जो ड्रग ली थी, उसे जुकाम के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है।



## टिम डेविड ने 37 गेंदों में जड़ा सबसे तेज टी20 शतक पावर-हिटिंग के पीछे की मेहनत को दिया श्रेय

**बैसेटेरे (आईएएनएस)**

टिम डेविड सबसे तेज टी20 शतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने महज 37 गेंदों में यह कारनामा किया। मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद उन्होंने पावर-हिटिंग के पीछे की कड़ी मेहनत को श्रेय दिया है। टिम डेविड ने 37 गेंदों में 11 छक्कों और छह चौकों की मदद से 102 रन की नाबाद पारी खेली। उनकी तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 16.1 ओवरों में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीरीज में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में जब टिम डेविड से पूछा गया कि क्या उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करनी चाहिए, तो उन्होंने कहा, “बिल्कुल नहीं, मैंने मध्यक्रम में अच्छा समय बिताया और बल्ले से हर मौके का पूरा फायदा उठाना चाहा। पिच अच्छी थी और बाउंड्री छोटी थी। मैंने बस अपने शॉट खेलने के लिए खुद पर भरोसा किया। यहां खेलने का अनुभव हमेशा काम आता है, जो मेरे लिए अच्छा रहा। मैंने अपनी पावर-हिटिंग पर काफी काम किया है, लेकिन मैं एक स्ट्रोक-मेकर के तौर पर अपनी रेंज का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं। सेंट किट्स में खेले गए तीसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज ने चार विकेट खोकर 214 रन बनाए। कप्तान शाई होप ने 102 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि ब्रैंडन किंग ने 62 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 87 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन यहां से टिम डेविड ने मिचेल ओवन के साथ पांचवें विकेट के लिए 128 रन की अटूट साझेदारी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को शानदार जीत दिलाई। 3-0 की बढ़त के साथ, ऑस्ट्रेलिया की नजरें पांच मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप करने पर होंगी।





# निरंतर मजबूत होता हमारा ऊर्जा क्षेत्र राष्ट्र की प्रगति का शुभ संकेत : हरदीप

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि देश में तेल का बहुत बड़ा भंडार उपलब्ध है। ऑयल एंड गैस सेक्टर में एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन ऐसा क्षेत्र होता है, जिसके लिए किसी भी देश को आने वाले 5 से 10 वर्षों के लिए योजना बनाने की जरूरत है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा, “ऊर्जा आत्मनिर्भरता में कई पहलों के साथ पीएम मोदी ने ‘नो गो एरिया’ पर साहसिक फैसला लेकर देश को गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ाया। इससे पहले इन नो गो एरिया में किसी भी प्रकार की खोज नहीं की गई।



**तेल-गैस कुओं की रिकॉर्ड खुदाई**

- ओएनजीसी ने 578 कुएं खोदे, जो 35 वर्षों में सबसे ज्यादा हैं।
- यह भारत की खुद की तेल-गैस खोज क्षमता का संकेत है।

**निवेश के लिए खुले नए द्वार**

- पेट्रोलियम खोज क्षेत्र में नए निवेशकों के लिए अवसर बढ़े।
- एक्सप्लोरेशन, उत्पादन और सप्लाई चेन में निजी भागीदारी को प्रोत्साहन।

उन्होंने आगे कहा कि ओएएलपी IX राउंड के तहत प्राप्त हुईं बिडिंग में 38 प्रतिशत क्षेत्र ऐसा है, जो पहले ‘नो गो’ एरिया के तहत आता था। ओएएलपी X राउंड में यह आंकड़ा और अधिक बढ़ने की उम्मीद है। वर्तमान सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते हुए केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि इसके साथ खनन क्षेत्र में पेट्रोलियम क्षेत्र को अलग कर ऑयल फिल्ड्स अमेंडमेंट बिल 2025 लागू किया गया, जो एक्सप्लोरेशन और प्रोडक्शन की दिशा नई उम्मीदों के साथ अनंत अनंत संभावनाएं लेकर आया। साथ ही, निवेशकों के लिए नए द्वार खुले। केंद्रीय मंत्री पुरी ने वीडियो पोस्ट कर जानकारी दी कि तेल व गैस की खोज के लिए इस वर्ष ओएनजीसी ने 578 कुएं खोदे, जो 35 वर्षों में सबसे अधिक हैं। भारत ओएएलपी 10 राउंड के तहत लगभग 2 लाख स्कायर किलोमीटर में खोज करने जा रहा है। ये कदम भारत की ऊर्जा शक्ति को एक नए क्षितिज पर पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि ये पहल भारत की ऊर्जा शक्ति को एक नए क्षितिज पर पहुंचाएगी।

## सेल ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 273 प्रतिशत की शानदार वृद्धि की दर्ज




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान असाधारण मदों और कर-पूर्व लाभ में 273 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले विक्रेय मात्रा, प्रचालन से कारोबार, विक्रेय योग्य एवं कच्चे इस्पात उत्पादन में बढ़ोत्तरी हासिल की है। सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा, “सेल का वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही का प्रदर्शन बेहतर परिचालन दक्षता, बेहतर नकदी प्रवाह और घरेलू बाजार में बिक्री की मात्रा में मजबूत वृद्धि दर्शाता है। जिसे सरकारी सुरक्षा शुल्कों का समर्थन प्राप्त है।

## पहली तिमाही के कमजोर नतीजों के बीच इस सप्ताह भारतीय बाजार मामूली गिरावट के साथ हुए बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**

विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि पहली तिमाही के कमजोर नतीजों और सतर्क ग्लोबल सेंटीमेंट के कारण भारतीय शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ, जो लगातार चौथे सप्ताह गिरावट दर्शाता है। निफ्टी 50 ने शुक्रवार को बाजार बंद होने पर 24,837 पर था। पिछले पांच सत्रों से विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार शुद्ध बिकवाली कर रहे हैं, जो व्यापक बिकवाली दबाव को दर्शाता है। मिड-कैप और स्मॉल-कैप सूचकांकों में भारी गिरावट देखी गई, जो बेंचमार्क से कमतर प्रदर्शन कर रहे हैं। चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के मंदार भोजने ने कहा, “तकनीकी रूप से, निफ्टी अपने 20- और 50-डे ईएमए से नीचे कारोबार कर रहा है, जो एक बियरिश शॉर्ट टर्म ट्रेंड का संकेत देता है। अगला तत्काल समर्थन 24,750 पर है और अगर यह लेवल ब्रेक होता है तो आगे की गिरावट सूचकांक को 100-डे ईएमए के पास 24,580 तक धकेल सकती है, जो एक महत्वपूर्ण तकनीकी समर्थन क्षेत्र है। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका का स्टेबलकॉइन पर नया कानून जीनियस एक्ट, भारत, चीन और अन्य अर्थव्यवस्थाओं में पूंजी प्रवाह को नया रूप देने की धमकी दे रहा है, जहां बैंकों को सहायक कंपनियों के माध्यम से स्टेबलकॉइन में लेनदेन की अनुमति देने के लिए बाध्य किया जा सकता है।



## ग्लोबल कंपनी जेबिल भारत में 2,000 करोड़ से अधिक का कर रही निवेश : अश्विनी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी जेबिल का गुजरात के साणंद स्थित प्लांट लगभग पूरा हो चुका है। यह प्लांट देश में सिलिकॉन फोटोनिक्स और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स का निर्माण करेगा। जेबिल के 25 से अधिक देशों में 100 से अधिक स्थानों पर 1,40,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, “जेबिल भारत में सिलिकॉन फोटोनिक्स और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग सर्विस के विनिर्माण में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, “साणंद स्थित प्लांट लगभग पूरा हो चुका है। जेबिल के ग्राहकों की सूची में स्वास्थ्य सेवा, पैकेजिंग, स्मार्टफोन और क्लाउड इक्विपमेंट से लेकर ऑटोमोटिव और घरेलू उपकरणों तक, हर बाजार में दुनिया के 300 सबसे बड़े ब्रांड शामिल हैं।



## पिछले 6 वर्षों में भारत के फार्मा निर्यात में 92 प्रतिशत की वृद्धि हुई : अनुप्रिया पटेल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए केंद्र द्वारा लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं के परिणामस्वरूप भारत के दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स निर्यात में 92 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2018-19 में 1,28,028 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 2,45,962 करोड़ हो गया है। रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में लोकसभा को बताया कि इन योजनाओं में प्रमोशन ऑफ रिसर्च एंड इनोवेसन इन फार्मा-मेडटेक (पीआरआईपी) योजना, फार्मास्यूटिकल्स के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, बल्क ड्रग्स के लिए पीएलआई योजना, बल्क ड्रग पार्कों को बढ़ावा देने की योजना और फार्मास्यूटिकल उद्योग को मजबूत करने की योजना शामिल है। भारत के फार्मा और मेडटेक सेक्टर को लागत-आधारित से इनोवेशन-आधारित विकास में बदलने के लिए 5,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ पीआरआईपी योजना शुरू की गई है।

# प्रशासक ने किया विभिन्न पार्कों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

● सभी कार्यों का निष्पादन 30 अगस्त तक करने का भी निर्देश उनके द्वारा नप कर्मियों को दिया गया।



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** प्रशासक राजीव रंजन के द्वारा शनिवार को नगर पंचायत लातेहार के विभिन्न पार्कों का दौरा किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कारगिल पार्क, सिटी पार्क, स्वामी विवेकानंद पार्क चंदनहिहि पार्क एवं डूरूआ पार्क का दौरा किया। दौरे के क्रम में नगर प्रशासक ने कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर एवं नगर प्रबंधक को कारगिल पार्क एवं सिटी पार्क में रंग रोगन एवं लाइट लगाने का निर्देश दिया गया। स्वामी विवेकानंद पार्क चंदनडीह में रंग रोगन, सभी लाइटों का मरम्मती, कचरा का समय पर उठाव करना, सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन करना, साफ सफाई करना, बिजली की पुख्ता व्यवस्था करना तथा फाउंटेन का निर्माण करने का निर्देश कनीय अभियंता एवं स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर तथा सेनेटरी सुपरवाइजर को दिया। उक्त सभी कार्यों का निष्पादन 30 अगस्त तक करने का भी निर्देश उनके द्वारा नप कर्मियों को दिया गया। पार्क भ्रमण कार्यक्रम में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, जय लक्ष्मी भगत, सिटी मिशन मैनेजर आनंद किशोर दांगी कनीय अभियंता संदीप कुमार अमित कुमार जयप्रकाश रंजन, विधि सहायक मुकेश कुमार तथा स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर पिंटू कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## भगवान महादेव ने जागृत होकर श्रावण मास को किया आलोकित : पं. कुंडल

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** श्रावण मास सनातन धर्म के लोगों के लिए हिंदू नववर्ष का पांचवा मास है। वर्षा ऋतु मास के साथ ही श्री माता पार्वती, महादेव को समर्पित है। वयोवृद्ध पं. कुंडल तिवारी ने इसकी महत्ता पर कहा कि शिव महापुराण के अनुसार समुद्र मंथन के समय चौदह रत्न में हलाहल विष कुंभ भी निकला। चारों ओर उसके प्रभाव से देव, दानव, किन्नर, मानव सभी जीव जन्तु बेहाल होकर महादेव को पुकारने लगे। सबों की पुकार सुन महादेव प्रगट होकर हलाहल विषपान कर त्रासदी से मुक्त किये। श्री विष्णु भगवान व महादेव को नीलकंठ नाम से अलंकृत किये जाने पर उनका नाम नीलकंठ पड़ा। हलाहल विषपान करने से महादेव शांत रहे, श्री विष्णु भगवान प्रथम गंगा जल से अभिषेक किये गये। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में जलाभिषेक को ही महत्वपूर्ण मास माना जाता है। श्रावण मास में चन्द्र भी अपनी स्वराशि कर्क राशि मे होते हैं, और चन्द्र महादेव के शिशिर पर विराजमान है अतः श्रावण मास में जलाभिषेक का महत्व और भी अद्वितीय है। आषाढ़ मास देवठान एकादशी को विष्णु भगवान योगनिद्रा में होने पर श्री महादेव श्रावण मास में जागृत रहकर संसार को आलोकित करते है। श्रावण मास शुद्धता, संयम, जप - तप, अनुष्ठान, दान - पुण्य, कर्म के लिए महत्वपूर्ण मास है।

## स्कूल व बैंक के पास जलजमाव बना परेशानी का कारण



**मोहम्मदगंज।** दैनिक बाजार क्षेत्र में स्थित पीएमश्री राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय व भारतीय स्टेट बैंक परिसर के आसपास जलजमाव परेशानी का कारण बन गई है। लोगों का कहना है कि इस समस्या के समाधान को लेकर ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी स्थिति यथावत है। जलजमाव की वजह लोगों ने बारिश के पानी के प्रवाह के लिए नाली का निर्माण नहीं किया जाना बताया है। उन्होंने बताया कि बारिश का पानी वन विभाग और बाजार की ओर से बहता हुआ आकर बैंक और विद्यालय के आसपास जमा हो जाता है। इससे स्कूल और बैंक के साथ ही उत्तर दिशा के रिहायशी इलाके में भी आवागमन मुश्किल भरा बन गया है। पहले के वर्षों में कभी-कभार की बारिश का पानी सूख जाया करता था। मगर इस साल लगातार बारिश के कारण करीब एक माह से स्थाईरूप से जलजमाव हो गया। ऐसे स्थिति में लोगों को होने वाली परेशानी को सहज रूप से समझा जा सकता है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अग्निशमन पदाधिकारी भूपाल कुमार दास, प्रधान अग्निचालक मनोज कुमार सिंह एवं अग्निचालक राम विलास उरांव के द्वारा अग्नि सुरक्षा विषयक पर एक व्याख्यान एवं मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारियों को अग्नि आपदा की स्थिति में सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना एवं तत्परता से कार्रवाई करने का अभ्यास कराना था। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रभात रंजन ने अग्नि सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक होते हैं, बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में सजगता एवं साहसिक प्रतिक्रिया देने की क्षमता भी विकसित करते हैं।मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन दल के सदस्यों ने आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली प्राथमिक सुरक्षा विधियों, अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग एवं निकासी प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया। छात्रों ने इस अभ्यास में रुचिपूर्वक भाग लिया और अनेक जिज्ञासाओं के समाधान भी पाए।इस अवसर पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यालय कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## बीडब्ल्यूसी प्रेमतोष ने सपत्नीक 21 वें वर्ष पूरी की बैजनाथ धाम यात्रा

**मोहम्मदगंज।** ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने इस श्रावण मास में अनियमित रूप से 21 वें वर्ष बैजनाथ धाम (देवघर) की यात्रा सपत्नीक पूरी की। उन्होंने बताया कि भोलेनाथ से की गई मन्नत के बाद भाई को पुत्र रत्न की प्राप्ति होने के साथ पहली बार श्रावण मास में बैजनाथ धाम की यात्रा शुरू कर दी थी। जिसका अनियमित रूप से21 वां साल इस वर्ष पूरा कर दिए। पत्नी के साथ उनकी यह पहली यात्रा थी। उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र माह में भगवान शिव के प्रति आस्था के प्रकटीकरण के साथ ही प्राकृतिक के रंग-रूप और पैदल चालन के अनुभव से अगली पीढ़ी को संस्कारवान बनाना उनकी इस यात्रा का उद्देश्य है।

## सिंचाई कॉलोनी रेल फाटक से भारी वाहनों के आवागमन की दी गई अनुमति

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई कॉलोनी रोड के सील किए गए रेल फाटक संख्या-50(ए) से भारी वाहनों के आवागमन की एक बार फिर से अनुमति मिल गई। इस मामले में राष्ट्रीय नवीन मेल में गत दिन "सिंचाई कॉलोनी की ओर जाने वाले रेल फाटक बंद, बड़े व भारी वाहनों का आवागमन हो गया बाधित" शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर बताया गया। साथ ही बताया इस गया कि इस फाटक के स्थाई रूप से बंद करने की जानकारी मिलने पर उपायुक्त की इस मामले में पहल के कारण इससे भारी वाहनों के आवागमन की अनुमति मिल गई।

## विवेक कुमार का 255.वां रैंक लाकर जेपीएससी में हुआ चयन गांव का नाम किया रौशन

● विवेक कुमार का नाम हमेशा मेधा सूची में सर्वोच्च रहा है

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** पलामू लेस्लीगंज प्रखंड क्षेत्र ग्राम जैतुखांड़ निवासी स्वर्गीय नन्दू पासवान (पूर्व वन क्षेत्र पदाधिकारी) माता निर्मला देवी के सुपुत्र विवेक कुमार ने 255. रैंक लाकर झारखंड लोक सेवा आयोग 2023 परीक्षा में सफलता हासिल कर राज्य प्रशासनिक सेवा के लिए चयन हुए। वहीं विवेक कुमार बचपन से ही अति परिश्रमी, लगनशील एवं दृढ़संकल्पी छात्र रहे है। साथ ही इंटरमिडिएट की पढ़ाई पलामू के, जे एस कालेज मेदिनीनगर से पुरा करने के बाद बी टेक नीट अगरतला से पुरा किया और लगातार पढ़ाई जारी रखा । साथ ही विवेक कुमार का नाम हमेशा मेधा सूचि में सर्वोच्च रहा है जिसका परिणाम है कि आज राज्य स्तरीय आयोजित सर्वोच्च परीक्षा में सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य को प्राप्त कर इन्होंने सम्पूर्ण ग्राम का नाम रौशन किया। वहा तक कि सामाजिक शुभचिन्तकों के आशा के अनुरूप कसौटी पर इन्होंने खरा उतरने का कार्य किया। इनकी सफलता से संघर्षरत छात्रो में एक नई उत्साह और उर्जा का संचार हुआ है। इनके परिवार, रिश्तेदार एवं संपूर्ण ग्रामीण समाज में आज खुशमय त्योहार का माहौल बना हुआ है। विवेक कुमार की अपार सफलता से पुरे प्रखंड के लोगो के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देने हेतु ताता लगी हुई है साथ ही वन विभाग कार्यालय में कार्यरत सनी कुमार के बड़े भाई है विवेक कुमार।

## मां भगवती की सच्चे मन से पूजा करने से पूरी होती है मनोकामना



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रसिद्ध देवी धाम हैदरनगर में पारंपरिक रुप में शुक्रवार की देर शाम भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर मां भगवती की पूजा अर्चना का आशीर्वाद प्राप्त किया है। इस मौके पर मालाकार निलेश कुमार ने मंदिर को आकर्षक ढंग से फूलमाला से सजावट की। इसी बीच मां भगवती से आधारित महिला श्रद्धालुओं ने भजन, संगीत गायन कर भक्तिमय माहौल बनाया। यहां महाआरती में सैकड़ो श्रद्धालु शमिल होकर मां भगवती से कष्ट निवारण की मिन्नतें भी करते आएं हैं। इसमें हैदरनगर शहर के श्रद्धालु विजय जयसवाल के पुत्र विवेक कुमार ने सपत्नी महाआरती में भाग लिया। मौके पर पं. सत्येन्द्र दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से यजमान को पूजा अर्चना कराई।

## भीमबराज का विहंगम आकर्षक नजारा



**मोहम्मदगंज।** सावन माह की प्राकृतिक सौंदर्य के साथ भीमबराज का नयनाभिराम दृश्य आकर्षक बन गया है। ड्रोन कैमरे से इसके विहंगम नजारे को सैलानी राजू सिंह ने कैद किया है। उन्होंने कहा कि भीमबराज और आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच ऐतिहासिक भीमचुल्हा पर्यटक स्थल बिहार-झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में टूरिज्म को बढ़ावा दे रहे हैं। इस पर्यटक स्थल के पर्यटन के मानचित्र और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सर्च करने के बाद उन्होंने इस क्षेत्र का भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने आसपास मे ही टूरिज्म का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया।

## प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय में टपक रहा बारिश की बूंदें,न बिजली न ही पानी

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड परिसर स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन कई समस्याओं से ग्रसित है। जो चिकित्सालय होते हुए भी खुद के बीमार होने का कारण बन गई है। अव्वल,तो जब से इसका निर्माण हुआ है, उसके बाद से एक बार भी उसकी मरम्मत की कौन कहे, रंगाई-पुताई भी नहीं हुई है। थोड़ी सी बारिश में छत टपकने लगता है। सीलिंग का प्लास्टर भी गिरने लगा है। यह स्थिति इस चिकित्सालय भवन के जर्जर हालत को बयां करती है। यह कहना गलत नहीं होगा। शौचालय की सुविधा तो है,मगर पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। बताया गया कि बिजली ऊर्जा के अभाव में फ्रीजर की व्यवस्था नहीं हुई है। इस कारण जरूरी दवाओं का भंडारण नहीं है। ऐसे में जरूरी दवाओं को लेकर पशुपालकों को बाजार अथवा अन्य दूसरे पशु चिकित्सालय पर निर्भर रहना पड़ता है। बिजली व्यवस्था के अभाव में रोशनी और पंखा की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे चिकित्साकर्मियों को होने वाली परेशानी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। इस पशु चिकित्सालय की समस्याओं की फेहरिस्त में आश्चर्यजनक तथ्य तो यह है कि प्रखंड कार्यालय से फलांग भर दूरी पर स्थित होने के बावजूद इस तक पहुंच पथ का भी निर्माण नहीं हुआ है। इस वजह से बरसात में बीच रास्ते में जलजमाव की वजह से पशु चिकित्सालय तक सहज रूप से आवागमन मुश्किल हो जाता है।

**विजय दिवस** हुसैनाबाद में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

# युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना मुख्य उद्देश्य : कर्नल

नवीन मेल संवाददाता



### कार्यालय पेंशनरों के लिए एक मंदिर स्वरूप है

उन्होंने पूर्व सैनिक कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यालय पेंशनरों के लिए कार्यालय नहीं, बल्कि एक मंदिर स्वरूप है। जो असहाय, बुजुर्ग पेंशनर को पेंशन समस्याओं का निदान करने के साथ सैन्य संबंधित कार्यक्रम इस कार्यालय से करते रहते हैं जिससे नवजवान बच्चों, कैडेटों को देश के प्रति उत्साह एवं रुझान बढ़ाती है। विशिष्ट अतिथि थाना इंस्पेक्टर एस एन शर्मा नगर प्रबंधन राकेश सिंह आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की ।

**हुसैनाबाद ।** पूर्व सैनिक कार्यालय के प्रांगण में शनिवार को कारगिल विजय दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि थाना सब इंस्पेक्टर एसएन शर्मा, कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह रेलवे इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीना नगर पंचायत प्रबंधक राकेश कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित एवं वंदे मातरम् के साथ वीर जांबाज शहिदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही वीर नारी प्रेमलता कुंवर एवं मनोरमा कुंवर को भी मुख्य अतिथि द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गय। स्कूली बच्चों ने देश भक्ति गीत एवं अन्य कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अपने उद्बोधन में सभी को विजय दिवस की बधाई दी एवं पूर्व सैनिकों द्वारा देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों को कभी भी किसी भी प्रकार की हमारे अस्तर से सहयोग जरूरत होगी तो प्राथमिकता पर की जाएगी। उन्होंने महीने में एक दिन अपने कार्यालय में पूर्व सैनिक के लिए सुनिश्चित किया है। वे बच्चों के प्रस्तुति से काफी प्रभावित हुए विशेषकर श्री मां बाल विकास विद्यालय के बच्चों द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सैनिक जो अपना सेवा काल के बाद भी इस उम्र में समाज की सेवा में लगे हुए हैं, हम सबके लिए प्रेरणादायक बताई। कार्यक्रम के शुरुआत में जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी अतिथियों वीर नारीयों, पूर्व सैनिकों, गणमान्य व्यक्तियों, महिलाओं, स्कूली बच्चे बच्चियां कैडेटों एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे सभी महानुभावों को विजय दिवस की बधाई देते हुए स्वागत किया। उन्होंने सैनिकों के पराक्रम एवं कारगिल युद्ध के बारे में

## एनपीयू पीजी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा संपन्न

**मेदिनीनगर।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय (एनपीयू) द्वारा आयोजित पीजी सत्र 2023–25 की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो गई। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई कड़ी निगरानी व्यवस्था के कारण परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अनुचित गतिविधि की कोई सूचना नहीं मिली। परीक्षा सभी निर्धारित केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। परीक्षार्थियों ने पूर्ण अनुशासन के साथ सभी विषयों की परीक्षाएं दीं। विश्वविद्यालय अब समयबद्ध मूल्यांकन प्रक्रिया की तैयारी में जुट गया है। परीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे विद्यार्थियों को जल्द ही राहत मिलने की संभावना है। परीक्षा ओएसडी डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि परिणाम शीघ्र ही प्रकाशित किए जाएंगे, ताकि स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों का शैक्षणिक सत्र नियमित रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि परीक्षा विभाग लगातार प्रयासरत है कि आगामी सत्र के लिए विद्यार्थियों का नामांकन समय पर शुरू हो सके।

## हेलमेट, लाइसेंस व नो एंट्री उल्लंघन पर कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक के पास शुक्रवार को परिवहन विभाग और पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों की जांच में 11 चालकों को बिना हेलमेट व लाइसेंस पकड़ा गया। इनमें कुछ ट्रिपल लोडिंग कर रहे थे। एक मोटरसाइकिल चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, जिसे ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर पकड़ा गया। वहीं, 3 ई-रिक्शा चालकों के पास लाइसेंस नहीं था और कुछ चालक जबरन सड़क के बीच टेंपो खड़ा कर सवारी बैठा रहे थे। इसके अलावा एक ट्रक को नो एंट्री जोन में पकड़ा गया, जिसे दो नंबर टीओपी, शहर में रोका गया। सभी जप्त वाहनों को शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है और चालान की प्रक्रिया के लिए, जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई 2025 को कुल 12,500 का चालान फाइन काटा गया है। इसमें 3 दोपहिया मोटरसाइकिलों पर 3450, 5 ई-रिक्शा सवारी वाहनों पर 6750 और 2 टेंपो सवारी वाहनों पर 2300 का जुर्माना शामिल है।

## वार्ड 6 के लोगों ने आहर से पानी निकास की लगाई गुहार

**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 में क्रिसेंट स्कूल की गली में स्थित आहार में पानी भर जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। इस तालाब से लगे सड़क पर कई फीट पानी भरा हुआ है। जिससे लोग इस रास्ते का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। बताते चलें कि बीते कई वर्षों से बारिश नहीं होने से इस तालाब में अधिक पानी नहीं होता था, परंतु इस वर्ष जमकर बारिश होने से यह तालाब पूरी तरह लबालब भर गया है। बताते चलें कि पूर्व में इस आहार के पानी का निकासी इससे लगे खेतों में होता था, परंतु उन खेतों में कई घरों का निर्माण होने के बाद आहर से पानी की निकासी संभव नहीं हो पा रही है। सड़क पर पानी भर जाने के कारण इस क्षेत्र में रहने वाले लोग दूसरे रास्ते से मुख्य पथ पर जा रहे हैं। वहीं लगातार बारिश होने पर आहार का पानी घरों तक भी पहुंच जाता है जिससे लोग अपने घर से नहीं निकल पाते। लोग आहार में पानी भरने से खेल-खेल में बच्चों को लेकर होने वाली दुर्घटना से भी आशंकित हैं। इसे लेकर इस मोहल्ले में रहने वाले दिलीप शुक्ला समेत अन्य लोगों ने लोगों ने नगर निगम से उचित व्यवस्था कर आहार के पानी के निकास हेतु गुहार लगाई है।

### पेज एक के शेष

## कुडू में पीएलएफआई...

गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान रांची जिले के मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली गांव निवासी रूपेश मुंडा (पिता झरी पाहन) और चान्हो थाना क्षेत्र के चामा रमदगा निवासी भरत कुमार साहु (पिता अजय साव उर्फ अजय साहु) के रूप में हुई है। एसडीपीओ वेदांत शंकर ने बताया कि रूपेश मुंडा के खिलाफ पहले से ही हत्या, आगजनी, जबरन वसूली और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई को कांड संख्या 83/25 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 308(2), 308(4), 3(5) तथा सीएलए एक्ट की धारा 17 में दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के नेटवर्क से जुड़े अन्य सहयोगियों की तलाश जारी है। यह कार्रवाई क्षेत्र में उग्रवाद के विरुद्ध एक कड़ा संदेश माना जा रहा है और इससे आम जनता में सुरक्षा को लेकर भरोसा भी बढ़ा है।

## सरायकेला-खरसावां में...

साथ ही, आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मृतकों में गौरव और हरिवास गहरे दोस्त थे, जबकि सुनील और मनोज रिश्तेदार थे। ग्रामीणों ने बताया कि चारों युवक आपस में बहुत करीबी थे और रोजमर्रा की तरह नहाने गए थे, लेकिन यह हादसा उनकी जिंदगी का अंत बन गया। पुलिस और प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है।

## रक्षा राज्य मंत्री...

कांके निवासी मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला था कि अंसारी ने यह साजिश अपनी बेटी के प्रेमी को फंसाने के इरादे से रची थी और मंत्री को निशाना बनाया था। सात महीने में दूसरी बार धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।

## जांबाज भारतीय सैनिकों...

हमारे धर्म, जाति को ललकारा गया है। इसका उत्तर देना ही होगा। जिसने हमें मारा, लहूलुहान किया, उसे हम नहीं छोड़ेंगे। 6 एवं 7 मई की मध्य रात्रि में 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू हुआ। आतंकियों के गढ़ 'बहावलपुर' में मिसाइल आक्रमण हुआ, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए। कम से कम 8 से 10 एयरपोर्ट को उड़ा दिया गया। प्रत्युत्तर में पाकिस्तान ने कई मिसाइलें छोड़ी, कई बम से आक्रमण किए, लेकिन हमारे जांबाज बहादुर सैनिकों ने इसे नाकाम कर भारत की सुरक्षा को सुनिश्चित किया। ऐसे वीर सैनिकों की वीरता की कथा कहते हुए हमारी आवाज आज बुलंद हो रही है। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश की रक्षा की। पाकिस्तान के सारे मंसूबे धरे के धरे रह गए। भारत पर कुदृष्टि रखने वालों का जो हश्र होना था, सो हुआ। भले पाकिस्तान मरने वालों का आंकड़ा न बताए, लेकिन आतंकवादियों के कैंप को नष्ट किया जा चुका था। जिन-जिन मां-बहनों के सिंदूर को पोंछकर पाकिस्तान मुंह छिपा रहा था, उसका बदला लिया जा चुका था। हम थोड़ा सा इतिहास की ओर देखें, तो मुंबई का 26-11-2008 की ताज होटल पर आक्रमण की घटना, पुलवामा में चालीस सैनिकों की हत्या की घटना, उरी की घटना फिर पहलगाम की वैसरन घाटी वाली घटना। इस तरह से कट्टर आतंकियों ने भारत के खिलाफ लगातार जंग छेड़ रखा है, जिसका जवाब देना अनिवार्य हो गया था। आज भी 'ऑपरेशन सिंदूर' चल रहा है। आज भी सैनिक छाती को ताने, बंदूक लेकर सीमा पर अडिग हैं। इन सैनिकों की भावनाएं देखकर कवि जयशंकर की पंक्तियां याद आती हैं। हिमाद्रि तुंग श्रृंग से प्रबुद्ध शुद्ध भारती, स्वयंप्रभा समुज्ज्वला स्वतंत्रता पुकारती, अमर्त्य वीर पुत्र हो, दृढ़ प्रतिज्ञ सोच लो, प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

## कांके थाना क्षेत्र...

हालांकि इसे लेकर गणेश सिंह ने पुलिस में शिकायत नहीं की थी। वहीं शनिवार को दोपहर 1 बजे के करीब युवती पर घर में घुस कर पेट्रोल फेंका गया। जिससे युवती की आंख में चोट लगी। वहीं, मामले में ये भी जानकारी सामने आई कि 4 से 5 की संख्या में अपराधी युवती के घर पहुंचे थे सभी मास्क लगाए हुए थे और उनके द्वारा ही इस पूरी वारदात को अंजाम दिया गया।

**एसएसपी ने कहा, मामले में चल रही है जांच :** डीआईजी सह एसएसपी ने बताया कि पुलिस फिलहाल अपराधियों की जानकारी इकट्ठा कर रही है। वहीं, इसके साथ ही पुलिस ने कहा कि फिलहाल हर बिंदु पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही सही तथ्य सामने आ पाएंगे कि आखिर किन वजहों से ये पूरी घटना कारित हुई। एसएसपी ने बताया युवती की हालत बेहतर है। जल्द ही वह स्वस्थ हो जाएगी।


# एपस्टीन मामले में डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक रणनीति क्यों हो रही नाकाम ?

## ट्रंप का समय-सिद्ध तरीका – चाहे कुछ भी हो जाए, बस जवाबी हमला

**जान-वर्नर मुलर**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति की लंबे समय से चली आ रही कारगर रणनीति आखिरकार परीक्षा का सामना कर रही है – खासकर जब समय प्रबंधन की बात आती है। एक सफल रणनीति की समस्या यह है कि आप अंततः यंत्रवत् एक ही काम करते रहते हैं। एबीसी और सीबीएस को बेबुनियाद मुकदमों से डराने के बाद, डोनाल्ड ट्रंप रूपर्ट मर्डोक व वॉल स्ट्रीट जर्नल के उन पत्रकारों पर मुकदमा कर रहे हैं जिन्होंने जेफरी एपस्टीन के जन्मदिन पर दिए गए एक अश्लील संदेश की खबर प्रकाशित की थी। लेकिन, बड़े प्रसारकों पर लगे बेतुके आरोपों के विपरीत, यहाँ एक तथ्य स्पष्ट है- एक प्रामाणिक पत्र या तो मौजूद है या नहीं; और पता लगाने की प्रक्रिया में बहुत कुछ उजागर होना बाकी है। ट्रंप का समय-सिद्ध तरीका – चाहे कुछ भी हो जाए, बस जवाबी हमला – उसी खबर को जिंदा रखने की संभावना रखता है जिसे वह खत्म करना चाहते हैं। इस बीच, उनकी रणनीति के अन्य तत्व – इनकार करना, ध्यान भटकाना, ध्यान भटकाना – तभी काम करते हैं जब पत्रकार और डेमोक्रेट साथ दें। वे, न कि सर्व-महत्वपूर्ण ट्रम्प समर्थक, वे अभिनेता हैं जिन पर नज़र रखनी चाहिए। हम अभी भी इस बात पर बहस करते हैं कि ट्रम्पवाद एक ठोस विचारधारा है या नहीं; हम यह भूल रहे हैं कि ट्रम्पवाद, निश्चित रूप से, अमेरिकी राजनीतिक, कानूनी और मीडिया प्रणालियों की कमजोरियों का फायदा उठाने की युक्तियों का एक समूह है। इनमें से कुछ युक्तियाँ उन्हें उनके गुरु रॉय कोहन से विरासत में मिली थीं और कई अब ट्रम्प के अनुयायी अपना रहे हैं - किसी को कभी भी अपराध स्वीकार नहीं करना चाहिए; किसी को हमेशा पलटवार करना चाहिए; और किसी को हार को अस्वीकार करना चाहिए, या आदर्श रूप से पूरी तरह से दबा देना चाहिए (जैसे कि बॉब वुडवर्ड के खिलाफ ट्रंप का मामला और वुडवर्ड के प्रकाशक को हाल ही में बर्खास्त किया जाना) लेकिन एक कम स्पष्ट तत्व भी है, और वह राजनीतिक समय के प्रबंधन से संबंधित है (सोचिए, यह सभी राजनेताओं के लिए एक चुनौती है)। मुद्दा केवल अवसरों का लाभ उठाना या विरोधियों की कमजोरियों का समय पर फायदा उठाना नहीं है; बल्कि, यह चीजों को अपने फायदे के लिए तेज या धीमा करने की कला के बारे में है। ज़रा सोचिए, हम ट्रंप के उन कामों और बातों से कैसे अभ्यस्त हो गए हैं जो पिछले राष्ट्रपतियों के कार्यकाल को खत्म कर देते (ठीक है, पिछले राष्ट्रपतियों के पास राजा या पोप के रूप में अपनी एआई-जनित छवियाँ उपलब्ध नहीं थीं, लेकिन फिर भी)। एक कारण यह है: एक प्रशासन जो चार साल की अवधि में एक या दो बड़े घोटालों का सामना करता है, वह इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकता है कि उसकी मरम्मत नहीं हो सकती; एक प्रशासन जो एक दिन में तीन बहुत बड़े घोटाले करता है, उसे चिंता करने की कोई ज़रूरत नहीं लगती क्योंकि कोई भी उसका हिसाब नहीं रख सकता। एक ही खबर पर टिके रहना मुश्किल है, क्योंकि नया आक्रोश पहले से ही बहुत बड़ा लगता है (कतर विमान घोटाला ऐसा लग सकता है जैसे वह वर्षों पहले हुआ हो)। निश्चित रूप से, सभी घोटाले जानबूझकर नहीं गढ़े जाते, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस में बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई-जनित क्लिप पोस्ट करना और ओबामा को चुनावी धोखाधड़ी के "सरगना" के रूप में बताना ध्यान भटकाने के लिए है - जिसका यह मतलब नहीं कि ये महाभियोग को उचित ठहराएँगे। जहाँ घोटालों की आवृत्ति को समाचार चक्र को प्रभावित करने के लिए अधिकतम किया जाता है, वहीं कानूनी व्यवस्था का इस्तेमाल चीज़ों को धीमा करने के लिए किया जाता है। एपस्टीन मामले में ग्रैंड जूरी की गवाही जारी करने में समय लगेगा, अगर अदालतें इस अनुरोध को पूरी तरह से खारिज नहीं करतीं (जैसा कि फ्लोरिडा में पहले ही हो चुका है)। अगर वे जारी भी हो जाएँ, तो उनमें ट्रंप से जुड़ी कोई भी प्रासंगिक बात होने की संभावना नहीं है। अनुमान यह है कि अब से कुछ हफ़्तों बाद, ये फाइलें भुला दी जाएँगी। इन सबका यह मतलब नहीं है कि ट्रंप एक महाधूर्त व्यक्ति हैं जो अमेरिकियों (या यहाँ तक कि अपने समर्थकों) को भी अपनी मर्ज़ी से बरगला सकते हैं। उनका तरीका आंशिक रूप से इसलिए कारगर है क्योंकि संस्थागत और सांस्कृतिक संदर्भ बदल गए हैं: समाचार चक्र छोटे हो गए हैं, और ध्यान अवधि भी। उनका व्यवहार धीरे-धीरे सामान्य और व्यापक होता जा रहा है: बेशर्मी जो कभी सिर्फ़ उनकी थी, अब रिपब्लिकन पार्टी के आवश्यक आचरण की नियमावली में शामिल हो गई है (मेडिकेड के बारे में सरासर झूठ के बारे में सोचिए)। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि घोटालों का लगातार पीछा कर उजागर करने वाले और धमकियों को नजरअंदाज करने वाले स्वतंत्र प्रेस को अब हल्के में नहीं लिया जा सकता; ख़ास तौर पर प्रसारणकर्ता, उन मूल कंपनियों के सामने कमजोर हो गए हैं जो मुनाफे को हर चीज़ से पहले रखती हैं। डेमोक्रेट्स, ज़ाहिर है, यह नहीं दिखाना चाहते कि वे मुख्य रूप से एपस्टीन की कहानी के घिनौने विवरणों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, इसलिए वे आगे बढ़कर "किचन-टेबल मुद्दों" से निपटने के लिए उत्सुक हैं। लेकिन उन्हें यह सोचकर थोड़ा रुकना चाहिए कि यह कहानी दूसरे पक्ष के लिए इतनी डरावनी है कि रिपब्लिकन किसी भी रूप में इससे निपटने के बजाय सदन को बंद कर देना पसंद करेंगे। क्या उनका घबराना सही है? निश्चित रूप से, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने फॉलोअर्स से आगे बढ़ने का आग्रह करके एक गलती की, जो "हाथी के बारे में मत सोचो" के बराबर था (साथ ही स्ट्रीसैंड प्रभाव का एक और सबूत भी पेश किया: सेंसरशिप उसी ध्यान को आकर्षित करती है जिससे बचना चाहिए)। ट्रंप द्वारा मर्डोक पर इस खबर को दबाने की पैरवी करने से उन सभी लोगों को थोड़ा झटका लगेगा जो अभी भी रिपब्लिकन को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रक्षक मानते हैं। अब तक, यह तथ्य कि केवल ग्रैंड जूरी की गवाही जारी करना अपेक्षाकृत निरर्थक है, समझ में आ गया है और - आधार की बात तो छोड़ ही दें - जिन्हें राजनीतिक वैज्ञानिक "कम जानकारी वाले मतदाता" कहते हैं, उन पर ट्रंप-एपस्टीन संबंध या कम से कम एक अराजक प्रशासन का एक स्थायी प्रभाव रहेगा। मुकदमे में, ट्रंप को अखबार की ओर से "वास्तविक दुर्भावना" साबित करनी होगी - एक कठिन बाधा जिसे पार करना है। रूस की जांच के विपरीत, ट्रंप स्वयं अपने राष्ट्रपति पद पर छाई एक लंबी प्रक्रिया के सूत्रधार हैं; उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के बीच हुई कई जाँचों के विपरीत, जब उनके वकीलों ने समय सीमा पार कर ली थी, समय वास्तव में उनके पक्ष में नहीं है। वास्तव में, यदि मामला तकनीकी आधार पर खारिज हो जाता है, तो वह भाग्यशाली हो सकते हैं - ऐसा प्रतीत होता है कि वह फ्लोरिडा के उस कानून का पालन करने में विफल रहे, जिसके तहत प्रतिवादियों को पाँच दिन पहले नोटिस देना अनिवार्य है।

**-जान-वर्नर मुलर गार्जियन के अमेरिकी स्तंभकार और प्रिंसटन विश्वविद्यालय में राजनीति के प्रोफेसर हैं।(द गार्जियन से साभार)**



# डेमोक्रेट्स ने मांगी एपस्टीन की 'जन्मदिन की किताब' की प्रति

● इसमें कथित तौर पर ट्रंप की अभद्र कामुक कविता व डूडल शामिल है

**लॉरेन गैम्बिनो**


हाउस डेमोक्रेट्स ने शुक्रवार 25 जुलाई को जेफरी एपस्टीन की संपत्ति का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को एक पत्र भेजकर तथाकथित "जन्मदिन की किताब" की एक प्रति मांगी, जिसमें कथित तौर पर दिवंगत यौन अपराधी (जेफरी एपस्टीन) के 50वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में डोनाल्ड ट्रंप की एक अभद्र कविता व डूडल शामिल है। पत्र में, कैलिफोर्निया के कांग्रेसी रो खन्ना व रॉबर्ट गार्सिया ने कहा है कि किताब की सामग्री एपस्टीन विवाद से निपटने के ट्रंप प्रशासन के तरीके पर कांग्रेस की निगरानी के लिए "आवश्यक" हो सकती है। पत्र में, उन्होंने 10 अगस्त तक किताब की "पूरी और बिना संपादित" प्रति मांगी है। खन्ना ने कहा, "जनता सच्चाई जानने की हकदार है और पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय मिलना चाहिए।" उन्होंने एपस्टीन की फाइलें जारी करने के अपने द्विदलीय विधेयक पर मतदान किए बिना वाशिंगटन से जल्दी चले जाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की।

जन्मदिन की किताब एक चमड़े की जिल्द वाली एल्बम है जिसे एपस्टीन की लंबे समय से सहयोगी घिसलीन मैक्सवेल ने संकलित किया है, जो एपस्टीन के साथ नाबालिगों की यौन तस्करी की साजिश रचने के लिए 20 साल की जेल की सजा काट रही है। यह कथित तौर पर एपस्टीन के दर्जनों दोस्तों और सहयोगियों के जन्मदिन की शुभकामनाओं से भरी है, जिसमें वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, ट्रम्प, बिल क्लिंटन और एलन डर्सोविट्ज़ सहित अन्य धनी और शक्तिशाली व्यक्तियों के संदेश शामिल हैं। बीते गुरुवार को, न्यूयॉर्क टाइम्स ने पुस्तक में मैक्सवेल के समर्पण की एक तस्वीर प्रकाशित की। ट्रम्प ने जर्नल पर उसकी प्रारंभिक रिपोर्ट को लेकर मुकदमा दायर किया है जिसमें कहा गया था कि उन्होंने "डोनाल्ड" और "जेफरी" के बीच एक काल्पनिक संवाद और एक नग्न महिला के रेखाचित्र वाला एक पृष्ठ लिखा था। अपने संघीय मुकदमे में, ट्रंप ने अपने नाम से लिखे गए पत्र को "नकली और अस्तित्वहीन" बताया। खन्ना और गार्सिया ने यह पत्र तब भेजा जब एपस्टीन के सैकड़ों पीड़ितों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील ने कहा कि जन्मदिन की किताब उनकी संपत्ति का देखरेख करने वाले के पास है। वकील ब्रैड एडवर्ड्स ने एमएसएनबीसी के होस्ट लॉरेंस ओ'डॉनेल के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि उनका मानना है कि संपत्ति अनुरोध पर यह पुस्तक सौंप देगी। "मुझे पता है कि निष्पादकों के पास यह पुस्तक है," एडवर्ड्स ने साक्षात्कार में कहा। संपत्ति के वकीलों ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। हाउस ओवरसाइट कमेटी के शीर्ष डेमोक्रेट गार्सिया ने कहा- "अमेरिकी लोगों को यह जानने का हक है कि एपस्टीन के तस्करी नेटवर्क में कौन शामिल था और क्या वे हमारी सरकार में सत्ता के पदों पर हैं," एपस्टीन की फाइलें ट्रंप व उनके मागा समर्थकों के बीच एक असाधारण दरार का केंद्र हैं, जो लंबे समय से बाल यौन अपराधी से संबंधित दस्तावेजों को जारी करने की मांग कर रहे हैं। व्हाइट हाउस उनके समर्थकों की ओर से अधिक पारदर्शिता की बढ़ती मांगों को दबाने में विफल रहा है, जबकि कांग्रेस में सत्ता से बाहर डेमोक्रेट इस मुद्दे को अपने फायदे के लिए उठा रहे हैं। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में ट्रंप और एपस्टीन की दोस्ती जगजाहिर और अच्छी तरह से प्रलेखित थी। राष्ट्रपति ने कहा है कि उन्होंने 2004 में एपस्टीन से संबंध तोड़ लिए थे और उन पर एपस्टीन मामले में किसी भी तरह के गलत काम का आरोप नहीं लगाया गया है। इस हफ़्ते की शुरुआत में, जर्नल ने पहली बार बताया कि अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने मई में ट्रंप को बताया था कि जांच से जुड़ी फाइलों में उनका नाम कई बार आया है। इस मामले का सामना करने के लिए, ट्रंप ने बॉडी को एपस्टीन की जांच से संबंधित ग्रैंड जूरी की प्रतिलिपियाँ जारी करने का निर्देश दिया था। एक झटके में, फ्लोरिडा के एक न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया, हालाँकि न्यूयॉर्क में एक ऐसा ही मामला अभी भी लंबित है। एपस्टीन की संपत्ति का देखरेख करने वाले को लिखे पत्र में, डेमोक्रेट्स लिखते हैं कि यह पुस्तक "न्याय विभाग द्वारा एपस्टीन की जांच व अभियोजन के संचालन की चल रही कांग्रेस की निगरानी के लिए, साथ ही एपस्टीन की फाइलों से केवल कुछ ही दस्तावेजों को सार्वजनिक करने और अन्य को जनता से छिपाने के ट्रंप प्रशासन के फैसले के लिए भी प्रासंगिक है।" ट्रंप के पूर्व आपराधिक बचाव पक्ष के वकील, टॉड ब्लैंच, जो अब डिप्टी अटॉर्नी जनरल हैं, ने शुक्रवार को संघीय जेल में मैक्सवेल से मुलाकात की और शनिवार को उनसे फिर मिलने की योजना बना रहे हैं। मैक्सवेल अपनी सजा को पलटवाने की कोशिश कर रही हैं।

(द गार्जियन से साभार)

# रेल यात्रियों को क्यों मिल रहा बेस्वाद और गंदा खाना?

**ब्यूरो**


एआई जेनरेटेड

● रेलमंत्री ने बताया-5 साल में मिलीं 19 हजार शिकायतें, जुर्माने व चेतावनी के बावजूद सुधार नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल में सफर करने वाले करोड़ों यात्रियों के लिए महँगे टिकट वाले ट्रेनों में मिलने वाला खाने को लेकर अब ज्यादा शिकायतें मिलने लगी हैं। बीते 5 वर्षों में रेलवे को खराब व बेस्वाद भोजन को लेकर 19,427 शिकायतें मिली हैं। ये चौंकाने वाला आंकड़ा बीते शुक्रवार को राज्यसभा में पेश किया गया, जिससे यह साफ हो गया कि खाने की गुणवत्ता को लेकर रेलवे में गंभीर खामियां बनी हुई हैं।


राज्य सभा में माकपा सांसद जॉन ब्रिटास के सवाल पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 2023-24 में 7,026 शिकायतें आईं, जबकि 2024-25 के अब तक के आंकड़ों में यह संख्या 6,645 रही है। हालांकि यह मामूली गिरावट है, लेकिन 2020-21 के मुकाबले यह भारी उछाल है, क्योंकि तब केवल 253 शिकायतें दर्ज हुई थीं। रेलवे का दावा है कि शिकायतों पर तेजी से कार्रवाई की गई। कुल 3,137 मामलों में जुर्माना लगाया गया, जबकि 9,627 बार संबंधित विक्रेताओं को चेतावनी दी गई। 4,467 मामलों में दुकानदारों को समझाया गया और सही तरीके से काम करने के लिए कहा गया। केवल एक बार (2021 में) किसी सेवा प्रदाता का लाइसेंस रद्द किया गया। वहीं, 2,195 शिकायतें ऐसी पाई गईं जिन्हें मौके पर ही निपटा दिया गया। खानपान सेवाओं की देखरेख करने वाली आईआरसीटीसी ने विभिन्न ट्रेनों के लिए 20 सेवा प्रदाताओं को ठेके दे रखे हैं। इनमें वंदे भारत व अन्य लंबी दूरी की ट्रेनें शामिल हैं। मंत्री वैष्णव ने बताया कि खाने की गुणवत्ता सुधारने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

इनमें बेस किचन में सीसीटीवी कैमरे लगाना, खाद्य सुरक्षा निरीक्षकों की तैनाती, ऑनबोर्ड सुपरवाइजर की नियुक्ति, औचक निरीक्षण और नियमित भोजन परीक्षण शामिल हैं। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि जब इतने उपाय किए जा रहे हैं, तो यात्री अब भी खराब खाने की शिकायत क्यों कर रहे हैं? लगातार बढ़ती शिकायतों ने रेलवे की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों की उम्मीद है कि रेलवे सिर्फ आंकड़ों में नहीं, जमीनी स्तर पर भी सुधार दिखाए। देखिए आगे ऐसे ही चलता है या काग़ज़ पर नहीं बल्कि असल में कुछ सुधार होता है?

**ईरान आतंकवादी हमला**

# ईरान के जाहेदान में बहुत बड़ा आतंकी हमला, 8 की मौत, 13 घायल

**तेहरान । एजेंसी**



दक्षिण-पूर्वी ईरान में एक घातक आतंकवादी हमला हुआ जब हथियारबंद आतंकवादियों ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी ज़ाहेदान में एक न्यायिक भवन पर धावा बोल दिया। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, इस हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए, जिनमें पाँच नागरिक और तीन हमलावर शामिल हैं। अशांत क्षेत्र में सक्रिय सुन्नी आतंकवादी समूह जैश अल-अदल ने अर्ध-सरकारी फ़ार्स समाचार एजेंसी द्वारा उद्धृत एक बयान के माध्यम से हमले की ज़िम्मेदारी ली है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अदालत के आसपास गोलीबारी और विस्फोटों की आवाज़ें सुनी गईं, और ऐसे संकेत हैं कि हमले में एक आत्मघाती हमलावर शामिल हो सकता है। समाचार पोर्टल मिज़ान ऑनलाइन के अनुसार, बंदूकधारियों ने मध्य ज़ाहेदान स्थित न्यायपालिका परिसर के अंदर न्यायाधीशों के कक्षों पर धावा बोल दिया। मेहर समाचार एजेंसी और ईरान की सरकारी समाचार सेवा इरना ने पुष्टि की है कि कम से कम 13 लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बलूच क्षेत्र पर नज़र रखने वाले मानवाधिकार संगठन हाल्वश ने बताया कि हमले के दौरान कई न्यायिक अधिकारी और सुरक्षाकर्मी मारे गए या घायल हुए।

## अवामी लीग ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश की गिरफ्तारी को बताया 'अन्यायपूर्ण'

**ढाका।** बांग्लादेश की अवामी लीग पार्टी ने शनिवार को देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एबीएम खैरुल हक की गिरफ्तारी की निंदा की, जिन्होंने बंगबंधु हत्याकांड में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। उन्होंने इसे मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत 'चल रहे दमन' का हिस्सा बताया। अवामी लीग ने यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की आलोचना करते हुए कहा, "एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश की गिरफ्तारी इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि सरकार कानून के शासन को बनाए रखने का कोई इरादा नहीं रखती है।

## ताइवान सीमा पर चीन के 17 सैन्य विमान और 7 नौसैनिक पोत देखे गए

**ताइपे (आईएएनएस)**



ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि चीन के 17 सैन्य विमानों और 7 नौसैनिक जहाजों की गतिविधियां ताइवान के आसपास देखी गई हैं। यह गतिविधियां शनिवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक दर्ज की गईं। मंत्रालय के अनुसार, 17 में से 8 चीनी सैन्य विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा पार की और ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। चीन की इस सैन्य गतिविधि के जवाब में ताइवान की सशस्त्र सेनाओं ने स्थिति की निगरानी की और अपने विमानों, नौसैनिक पोतों व तटीय रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर जवाबी कार्रवाई की।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी करते हुए कहा, "आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास पीएलए (चीन की सेना) के 17 सैन्य विमान और पीएलए नेवी के 7 पोत देखे गए।

## फिलीपींस में चक्रवाती तूफान से मरने वालों की संख्या 30, सात लापता

**मनीला ।** फिलीपींस में तीन उष्णकटिबंधीय चक्रवाती तूफान के चलते अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन में 30 लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी फिलीपींस की एक सरकारी एजेंसी ने शनिवार को दी है। नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट काउंसिल (एनडीआरआरएमसी) की रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल सात लोग लापता हैं। आशंका है कि यह लोग या तो अचानक आई बाढ़ में बह गए या फिर भूस्खलन का शिकार हो गए। भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण 10 लोग घायल भी हुए हैं।

# गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की


*अपनी आगामी फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने पर बेहद खुश दिलजीत दोसांझ ने पंजाब में बॉर्डर 2 के सेट पर मिठाइयां बांटीं। पंजाबी अभिनेता-गायक ने इंस्टाग्राम पर बॉर्डर 2 की शूटिंग के आखिरी दिन की एक झलक दिखाते हुए एक भावुक वीडियो शेयर किया और लिखा: "बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी।*

दिलजीत दोसांझ ने बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की इंस्टाग्राम पर, गायक-अभिनेता ने सेट पर सह-कलाकारों के साथ जश्न मनाते हुए एक भावुक वीडियो साझा किया और कैप्शन दिया, "बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी हुई। फिल्म में शहीद निर्मल जीत सिंह सेखों जी की भूमिका निभाने का मौका मिला। जिन लोगों को नहीं पता, उनके लिए बता दें कि फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों भारतीय सैन्य इतिहास में एक सम्मानित व्यक्ति हैं। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान श्रीनगर एयरबेस की वीरतापूर्ण रक्षा के लिए उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। सेखों ने अकेले ही दुश्मन के विमानों का मुकाबला किया और उन्हें उनकी बेजोड़ बहादुरी के लिए याद किया जाता है।

**बॉर्डर 2 के बारे में :** अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित, यह प्रोजेक्ट 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर का अगला भाग है, जिसमें देओल के साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, श्रॉफ और अक्षय खन्ना अभिनीत।




## पाकिस्तानी टिकटॉक स्टार की हत्या, शादी से इनकार करने पर दिया गया जहर



**करांची ।** पाकिस्तान से एक और दर्दनाक घटना सामने आई है, सिंध के घोटकी जिले के बागो वाह इलाके में एक टिकटॉक कंटेंट क्रिएटर अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। जियो न्यूज के अनुसार, मृतक की 15 वर्षीय बेटी ने बताया कि सुमीरा राजपूत को उन लोगों ने जहर दिया जो उस पर जबरन शादी करने का दबाव बना रहे थे। राजपूत की बेटी ने दावा किया कि संदिग्धों ने सुमीरा को ज़हरीली गोलियाँ दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। बेटी एक कंटेंट क्रिएटर भी है और टिकटॉक पर उसके 58,000 से ज़्यादा फ़ॉलोअर्स हैं। घटना के बाद दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, हालाँकि अधिकारियों ने अभी तक उनके मकसद का खुलासा नहीं किया है।

